दैनिक

# जयपुर टाइम्स

नई सोच नई रफ्तार

जयपुर,सीकर, झुंझुनूं, चुरू,नागौर एवं अलवर से एक साथ प्रकाशित

वर्ष : 11 अंक : 31 ■ डाक पंजीयन संख्या : जयपुर सिटी / 007/2017-19 जयपुर, मंगलवार 17 फरवरी, 2026 ■ RNI.No.RAJHIN/2016/70162 मूल्य : 1.50 रुपए पृष्ठ : 8+st

# हमारी सरकार उच्च शिक्षा को और अधिक रोजगार परक बनाने के लिए प्रतिबद्ध : भजनलाल शर्मा

## आधुनिक शिक्षा प्रणाली में नवाचार तकनीक एवं भारतीय ज्ञान परंपराओं को मिले अधिक बढ़ावा, अखिल भारतीय संस्थागत नेतृत्व समागम-2026 के उद्घाटन समारोह में बोले मुख्यमंत्री

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि आधुनिक शिक्षा प्रणाली में नवाचार, तकनीक एवं भारतीय ज्ञान परंपरा को बढ़ावा दिया जाए, जिससे युवाओं का रोजगार प्राप्ति के साथ ही चरित्र निर्माण भी हो। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार उच्च शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने तथा युवाओं को और अधिक रोजगारपरक बनाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने शिक्षकों से आह्वान किया कि वे युवाओं की ऊर्जा एवं क्षमताओं का उपयोग राष्ट्र निर्माण में करने के लिए अपनी महती भूमिका निभाएं। शर्मा सोमवार को राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर (आरआईसी) में अखिल भारतीय संस्थागत नेतृत्व समागम-2026 के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हमें ऐसी शिक्षा चाहिए जो परंपरा और आधुनिकता का सुंदर संगम हो। जहां वेदों के ज्ञान के साथ कृत्रिम बुद्धिमत्ता की समझ हो, संस्कृत के श्लोकों के साथ कोडिंग की भाषा हो तथा योग और ध्यान के साथ रोबोटिक्स और नैनो टेक्नोलॉजी हो। उन्होंने कहा कि इस समागम की थीम अंतर-संस्थागत विकास पर संवाद अत्यंत प्रासंगिक है। आईआईटी, केंद्रीय विश्वविद्यालय, राज्य विश्वविद्यालय, शोध संस्थान और निजी शिक्षण संस्थाओं के मिलकर काम करने से धरातल पर वास्तविक बदलाव लाया जा सकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत आज विश्व का सबसे युवा देश है। 65 प्रतिशत से अधिक जनसंख्या 35 वर्ष से कम आयु की है। यह जनसांख्यिकीय हमारी सबसे बड़ी ताकत है। युवाओं को सही शिक्षा, कौशल और मार्गदर्शन देकर इस ताकत का उपयोग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत 2047 के लक्ष्य की प्राप्ति के लिए करें। उन्होंने कहा कि आज हमारे युवा स्टार्टअप्स, अनुसंधान, खेल, कला सहित विभिन्न क्षेत्रों में देश का गौरव विश्व में बढ़ा रहे हैं। हमें उनकी रचनात्मकता को पंख देते हुए उनके सपनों को साकार करने के लिए मार्ग दिखाना है, जिससे वे वैश्विक नागरिक रहते हुए अपनी जड़ों से जुड़े रहे।



*उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने कहा कि इस समागम का उद्देश्य है कि संस्थागत सहयोग, नेतृत्व विकास एवं नीति निर्माण के माध्यम से विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को गति मिले। उन्होंने कहा कि हमारे देश का अतीत गौरवशाली था। तक्षशिला, नालंदा जैसे विश्वविद्यालयों में दुनिया भर से विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण करने आते थे। गुरूकुल में विद्यार्थियों के व्यावहारिक तथा सम्पूर्ण विकास पर ध्यान दिया जाता था। वर्तमान में वैश्विीकरण के दौर में भारतीय ज्ञान परंपरा उतनी ही प्रासंगिक है, जितनी पहले थी। उन्होंने कहा कि हमारी डबल इंजन की सरकार मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के कुशल नेतृत्व में उच्च शिक्षा में कौशल विकास एवं व्यावहारिक ज्ञान पर जोर दे रही है, जिससे युवाओं के लिए रोजगार का मार्ग प्रशस्त हो सके। इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष विद्या भारती उच्च शिक्षा संस्थान प्रो. कैलाश चंद्र शर्मा ने कहा कि इस समागम में संस्थागत विकास, फ्युचर रैडी फैकल्टी, भारत आधारित शोध को बढ़ावा, भारतीय भाषाओं का प्रचार-प्रसार, तकनीक आधारित उच्च शिक्षा का भविष्य सहित विभिन्न विषयों पर गहन चर्चा की जाएगी। इस अवसर पर राष्ट्रीय महामंत्री विद्या भारती उच्च शिक्षा संस्थान प्रो. नरेन्द्र कुमार तनेजा, चेयरमैन भारतीय भाषा समिति शिक्षा मंत्रालय,चामु कृष्ण शास्त्री, राष्ट्रीय समन्वयक भारतीय ज्ञान प्रणाली शिक्षा मंत्रालय प्रो. गंती एस. मूर्ति, चेयरमैन राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद प्रो. पंकज अरोड़ा, कुलगुरु राजस्थान विश्वविद्यालय प्रो. अल्पना कटेजा एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्र प्रचारक निंबाराम सहित विद्या भारती उच्च शिक्षा संस्थान के अन्य पदाधिकारी, विभिन्न प्रबुद्धजन एवं देशभर से आए शिक्षकगण उपस्थित रहे।*

### हमारी सरकार उच्च शिक्षा में डिजिटल बुनियादी ढांचे को निरंतर कर रही मजबूत

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रदेश में हमारी सरकार उच्च शिक्षा में डिजिटल बुनियादी ढांचे को मजबूत करने तथा अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। हमारी सरकार युवाओं को शिक्षा के साथ साथ रोजगार के भरपूर अवसर प्रदान कर रही है। अब तक 1 लाख से अधिक सरकारी पदों पर नियुक्तियां दी जा चुकी हैं और 1 लाख 54 हजार से अधिक पदों पर भर्ती प्रक्रिया चल रही है। इस वर्ष के लिए 1 लाख सरकारी पदों की भर्ती का कैलेंडर जारी किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने 2 लाख से अधिक युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार, साढ़े 3 लाख छात्रों को कौशल प्रशिक्षण तथा 2 लाख से अधिक युवाओं को इंटर्नशिप दी गई है। हमारी सरकार के समय 351 परीक्षाएं हुई आयोजित, एक भी पेपर नहीं हुआ लीक- मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार ने युवाओं के साथ धोखा किया था और पेपरलीक के अनेक प्रकरण हुए थे। हमारी सरकार के कार्यकाल में 351 परीक्षाएं आयोजित की गई है तथा एक भी पेपर लीक नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने प्रदेश में 65 आई स्टार्टअप लॉन्चपैड नेस्ट, 17 नवीन खेलों इंडिया केंद्र, 71 नवीन राजकीय महाविद्यालयों की स्थापना, 185 नए राजकीय महाविद्यालयों के भवनों का लोकार्पण तथा छात्राओं को करीब 40 हजार स्कूटियों का वितरण सहित अनेक कार्य किए हैं, जिससे युवाओं का सशक्तीकरण हो रहा है।

# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पार्टी के संगठन से जुड़े बड़े नेताओं से किया संवाद, वसुंधरा राजे भी रही मौजूद

**आगामी पंचायत राज चुनाव में पार्टी उम्मीदवारों की जीत को सुनिश्चित करने, बजट घोषणाओं के सफल क्रियान्वयन इत्यादि विषयों पर मुख्यमंत्री ने पार्टी के संगठन से जुड़े नेताओं से की चर्चा**



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** राजस्थान विधानसभा का बजटसत्र जारी है लेकिन मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा सदन में पेश किए गए बजट की घोषणाओं को पूरा करने और आगामी पंचायत राज चुनाव में पार्टी की जीत को सुनिश्चित करने की दिशा में पुरी की जान से जुट गए हैं मुख्यमंत्री शर्मा पार्टी के संगठन से जुड़े नेताओं को लेकर कितने गंभीर और कितनी अच्छी सोच रखते हैं यह इसी बात से जाहिर होता है कि वे लगातार मुख्यमंत्री आवास पर बाकायदा पार्टी के संगठन से जुड़े नेताओं को बुलाते हैं और उनके साथ सामूहिक चर्चा करके सत्ता और संगठन के बीच बेहतर ताल में और समन्वय बनाने की कोशिश करते रहते हैं मुख्यमंत्री शर्मा हमेशा पार्टी के संगठन को मुख्यमंत्री पद से ज्यादा तवज्जो देते हैं और यह मानते हैं कि पार्टी में संगठन ही सर्वोपरि है इसीलिए वे लगातार पार्टी के संगठन से जुड़े नेताओं का मान सम्मान तो रखते ही हैं इसके अलावा बजट और अन्य महत्वपूर्ण विषयों में पार्टी के जनप्रतिनिधियों और पार्टी के संगठन से जुड़े नेताओं के साथ भी सामूहिक चर्चा करके उनसे सलाह और सुझाव लेते हैं सोमवार को भी मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने एक बार फिर से पार्टी के संगठन से जुड़े नेताओं से सामूहिक संवाद कार्यक्रम की शुरुआत की है सोमवार को इस कार्यक्रम में पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे और पार्टी के कई बड़े नेताओं ने अपनी उपस्थिति दिखाई इस कार्यक्रम में कोटा संभाग के पार्टी के मौजूदा विधायक और संगठन से जुड़े नेताओं को भी बुलाया गया था इस महत्वपूर्ण मीटिंग में आगामी पंचायत राज चुनाव में पार्टी के शानदार प्रदर्शन की रणनीति तैयार करने के लिए मुख्यमंत्री शर्मा ने बैठक में मौजूद पार्टी के नेताओं से सुझाव और सलाह ली इस मीटिंग में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पार्टीजनों से हाल ही में सदन में पेश किए गए बजट को लेकर भी विस्तार से चर्चा की और उन्होंने पार्टीजनों से कहा कि बजट की घोषणाओं के बारे में अपने-अपने क्षेत्र में लोगों को विस्तार से जानकारी दें इसके अलावा बजट की घोषणाओं के क्रियान्वयन पर भी पार्टी के संगठन से जुड़े नेता कड़ी फोकस रखें प्रशासन के अधिकारियों से नियमित रूप से बजट की घोषणाओं को लेकर चर्चा करते रहे इस दौरान अगर कोई अधिकारी उनकी बात को इग्नोर करें तो इसके बारे में उन्हें बताया जाए मुख्यमंत्री शर्मा ने पार्टी जनों से साथ कहा कि सरकार बजट की एक एक घोषणा को पूरा करने का संकल्प लिए हुए हैं इसलिए बजट के बारे में लोगों को ज्यादा से ज्यादा बताया जाए ताकि विपक्षी दल प्रदेश के लोगों को गुमराह ना कर सके मुख्यमंत्री शर्मा ने पार्टी के संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिए निचले स्तर पर संगठन से जुड़े नेताओं की बड़ी भूमिका को स्वीकार किया और कहा कि गांव और ढाणी में बैठा पार्टी का कार्यकर्ता पार्टी के संगठन की रीड की हड्डी है इसलिए गांव और ढाणी में बैठे पार्टी के प्रत्येक कार्यकर्ता की जिम्मेदारी आगामी पंचायत राज चुनाव को देखते हुए अभी से निर्धारित की जाए जिसमें वह मतदाता सूची से लेकर बूथ स्तर पर चुनाव मैनेजमेंट जैसे कार्यों पर अभी से काम करना शुरू कर दे बैठक में मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि प्रदेश में गांव और ग्रामीणों की खुशहाली के लिए हमारी सरकार ने महत्वपूर्ण निर्णय और ऐतिहासिक कार्य किया है इसलिए किसान मजदूर महिला और गरीब तबके के लोगों को केंद्र सरकार और राजस्थान सरकार की योजनाओं के बारे में संपूर्ण जानकारी उपलब्ध करवाने की जिम्मेदारी क्षेत्र स्तर पर संगठन से जुड़े नेताओं की है हालांकि प्रशासनिक अधिकारी अपने स्तर पर सरकार की योजनाओं को लोगों तक पहुंचाने का प्रयास करते हैं लेकिन इसमें पार्टी के संगठन से जुड़े नेता ज्यादा प्रभावित तौर पर लोगों को सरकारी योजनाओं की जानकारी देकर आम जन का भरोसा और विश्वास जीत सकते हैं जिसकी वजह से पार्टी को मजबूती मिलेगी और पार्टी को काफी फायदा होगा द्य बैठक में मुख्यमंत्री शर्मा ने पार्टी के संगठन से जुड़े नेताओं को एकजुट होकर पंचायत राज चुनाव में पार्टी की जीत को सुनिश्चित करने के प्रयासों में अभी से जुट जाने को कहा

# मुख्यमंत्री भजनलाल की ठोस पहल : प्रदेश का पर्यटन बुलंदी पर, आमेर फोर्ट की खूबसूरती और सुविधाओं में लगे चार चांद

**कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के दिशा निर्देशन से शहर के प्रमुख पर्यटन स्थल दिखने लगे हैं नए और कलेवर अंदाज में**





जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** पर्यटन के क्षेत्र में प्रदेश की भजनलाल सरकार की ओर से पिछले 2 साल में लिए गए निर्णय, फैसला और नई घोषणाओं से प्रदेश का पर्यटन बुलंदियों पर पहुंच गया है पिछले 2 साल में बड़ी संख्या में राजधानी जयपुर सहित पूरे प्रदेश भर में देसी और विदेशी पर्यटकों की संख्या में जबरदस्त तरीके से इजाफा हुआ है इसके अलावा सरकार ने भी पर्यटन के क्षेत्र को विश्व मानचित्र पर और मजबूती से लोकप्रिय बनाने और प्रचार प्रचार के लिए कोई कमी बाकी नहीं छोड़ी इसी वजह से राजस्थान विश्व मानचित्र पर पर्यटन के क्षेत्र में तेजी से प्रगति के पथ पर चलता हुआ नजर आ रहा है,मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की दूरदर्शी सोच एवं पर्यटन को प्रदेश की अर्थव्यवस्था का सशक्त आधार बनाने की प्रतिबद्धता के अनुरूप पंच गौरव योजना के तहत एक जिला-एक पर्यटन स्थल के रूप में चयनित आमेर दुर्ग में सैलानियों के लिए व्यापक सुविधा विस्तार कार्य तेजी से प्रगति पर हैं। जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के निर्देशानुसार जिला प्रशासन जयपुर द्वारा पर्यटन विभाग एवं संबंधित एजेंसियों के साथ समन्वय स्थापित कर आमेर दुर्ग में आधारभूत सुविधाओं को सुदृढ़ एवं आधुनिक बनाया जा रहा है, ताकि यहां आने वाले देशी-विदेशी पर्यटकों को विश्वस्तरीय अनुभव प्राप्त हो सके। अतिरिक्त जिला कलक्टर विनीता सिंह ने बताया कि आमेर दुर्ग प्रदेश की ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक विरासत का गौरवशाली प्रतीक है, जहां प्रतिवर्ष लाखों पर्यटक भ्रमण के लिए आते हैं। पर्यटकों की सुविधा और विरासत संरक्षण को प्राथमिकता देते हुए राज्य सरकार द्वारा पंच गौरव योजना अंतर्गत 89 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई है, जिससे विभिन्न विकास कार्य किए जा रहे हैं। महिला पर्यटकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए मानसिंह महल एवं दीवाने-आम में बेबी फीडिंग रूम का निर्माण किया जा रहा है। दलाराम बाग एवं रामबाग के फव्वारों तथा रपटों के नियमित संचालन की व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है, जिससे परिसर की सुंदरता और आकर्षण में वृद्धि होगी। मुख्य आयोजना अधिकारी डॉ. सुदीप कुमावत ने बताया कि पेयजल आपूर्ति को व्यवस्थित एवं संरक्षित करने के उद्देश्य से माधोसिंह थान की ओर बड़ी पानी की टंकी का निर्माण कराया जा रहा है, जिससे सम्पूर्ण महल परिसर में सुचारु जल आपूर्ति सुनिश्चित होगी तथा लीकेज एवं सीपेज से ऐतिहासिक संरचना को सुरक्षित रखा जा सकेगा। रात्रिकालीन पर्यटन को प्रोत्साहित करने के लिए सुख निवास एवं मानसिंह महल में सौम्य प्रकाश व्यवस्था विकसित की जा रही है, ताकि पर्यटक शाम के समय भी दुर्ग की भव्यता का आनंद ले सकें। साथ ही सनसेट प्वाइंट एवं कपल वेडिंग फोटो साइट का विकास कर आमेर को आकर्षक पर्यटन एवं डेस्टिनेशन वेडिंग स्थल के रूप में भी स्थापित किया जा रहा है। पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए प्रचार-प्रसार, ब्रांडिंग एवं विपणन गतिविधियों पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा प्रस्तुत बजट 2026-27 में आमेर दुर्ग एवं सम्पूर्ण आमेर कस्बे में डिजिटल म्यूजियम, आधुनिक साइनेज, उन्नत लाइटिंग एवं सुव्यवस्थित पार्किंग जैसी विश्वस्तरीय सुविधाओं के विकास हेतु 50 करोड़ रुपये के व्यय का प्रावधान किया गया है, जिससे आमेर को अंतरराष्ट्रीय पर्यटन मानचित्र पर और अधिक सशक्त पहचान मिलेगी कुमावत ने बताया कि जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने निर्देश दिए हैं कि सभी कार्य गुणवत्ता, समयबद्धता एवं विरासत संरक्षण के मानकों के अनुरूप पूर्ण किए जाएं। उन्होंने कहा कि आमेर दुर्ग का समग्र विकास न केवल पर्यटन राजस्व में वृद्धि करेगा, बल्कि स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन, हस्तशिल्प, गाइड सेवा, परिवहन एवं अन्य पर्यटन आधारित आर्थिक गतिविधियों को भी नई गति प्रदान करेगा। पंच गौरव योजना के माध्यम से जयपुर जिले की ऐतिहासिक धरोहर का संरक्षण, संवर्धन एवं आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित विकास सुनिश्चित हो रहा है, जो प्रदेश के पर्यटन क्षेत्र को नई ऊंचाइयों तक ले जाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण और दूरगामी पहल सिद्ध होगा।

# पीएम मोदी ने इंडिया एआई इंपैक्ट एक्सपो 2026 का उद्घाटन किया, लोगों को प्रौद्योगिकी की जानकारी सुलभ कराने का प्रयास

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं)** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को नई दिल्ली के भारत मंडपम में इंडिया आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस इंपैक्ट एक्सपो 2026 का उद्घाटन किया यह आयोजन 20 फरवरी तक इंडिया आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस इंपैक्ट समित के साथ किया जा रहा है यह एक्सपो आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के व्यावहारिक प्रदर्शन का एक राष्ट्रीय मंच होगा जहां नीति व्यवहार से मिलेगी नवाचार व्यापक स्तर पर लागू होगा और प्रौद्योगिकी आम नागरिक तक पहुंच सकेगी। जानकारी के अनुसार करीब 70000 वर्ग मीटर से अधिक क्षेत्र में पहले 10 एरिना में आयोजित यह एक्सपो वैश्विक प्रौद्योगिकी कंपनियां, स्टार्टअप, शिक्षाविदों, अनुसंधान संस्थानों, केंद्रीय मंत्रालय, राज्य सरकारों और अंतरराष्ट्रीय भागीदारों को एक साथ लाएगा जानकारी के अनुसार इस एक्सपो में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तंत्र में अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को प्रदर्शित करने वाले 13 देश के पवेलियन भी शामिल हैं इनमें ऑस्ट्रेलिया, जापान, रूस, यूनाइटेड किंगडम, फ्रांस, जर्मनी, इटली, नीदरलैंड्स, स्विट्जरलैंड, सर्बिया, एस्टोनिया, ताजिकिस्तान, अफ्रीका के पवेलियन शामिल हैं। इस एक्स्पों में 300 से अधिक चुनिंदा प्रदर्शनी मंडप और लाइव प्रदर्शन हो रहे हैं। जिन्हें तीन मुख्य विषय लोग, ग्रह और उन्नति के आधार पर संचित किया गया है इसके अतिरिक्त एक्सपो में 600 से अधिक उच्च क्षमता वाले स्टार्टअप शामिल होंगे जिनमें से कई वैश्विक स्तर पर प्रासंगिक और व्यापक जनसंचार समाधान कर रहे हैं यह स्टार्टअप ऐसे उपयुक्त समाधानों का प्रदर्शन करेंगे जो पहले से ही वास्तविक दुनिया में उपयोग में है इंडिया आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस इंपैक्ट एक्सपो 2026 में अंतर्राष्ट्रीय प्रतिनिधियों सहित 2.5 लाख से अधिक आगंतुकों के आने की उम्मीद है इस आयोजन का उद्देश्य वैश्विक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तंत्र के भीतर नई साझेदारियों को बढ़ावा देना और व्यावसायिक अवसर उत्पन्न करना है इसमें 500 से अधिक सूत्रों का आयोजन किया जाएगा। जिनमें 3250 से अधिक दूरदर्शी वक्त और पैनल सदस्य शामिल होंगे ।

# केमिकल फैक्ट्री में साथ मजदूर जिंदा जले, कई मजदूर घायल

**मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने इस पूरे घटना की जानकारी ली और वन मंत्री संजय शर्मा को घटनास्थल पर भेजा, कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक भी मौके पर पहुंचे, मुख्यमंत्री शर्मा ने घायलों के समुचित उपचार की व्यवस्था के निर्देश दिए, करीब 2 महीने से बंद पड़ी थी फैक्ट्री लेकिन फैक्ट्री के अंदर गुपचुप में पटाखा निर्माण होने की कहीं जा रही बात**



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कांस.)** प्रदेश के भिवाड़ी स्थित खुशखेड़ा औद्योगिक क्षेत्र में सोमवार की सुबह एक बंद पड़ी फैक्ट्री में अज्ञात कारण की वजह से भीषण आग लग गई। जिसकी वजह से फैक्ट्री में मौजूद 7 मजदूर जिंदा जल गए और कई मजदूर झुलस गए जिन्हें इलाज के लिए दिल्ली भेजा गया है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने इस पूरे मामले की जानकारी हासिल की है और वन मंत्री संजय शर्मा को घटनास्थल पर जाने के निर्देश दिए इसके बाद मंत्री शर्मा मौके पर पहुंचे । हालांकि खबर लिखे जाने तक फैक्ट्री में लगी आग पर काबू पा लिया गया था लेकिन फैक्ट्री में भारी मात्रा में केमिकल और पटाखा रखे होने की बात कहीं जा रही है इसलिए फैक्ट्री से धुएं के निकलने की वजह से आसपास के इलाके में धुआं ही धुआं नजर आ रहा था। हालांकि सूचना मिलने के बाद पुलिस अधीक्षक और जिला कलेक्टर मौके पर पहुंचे दमकल की कई गाड़ियों को मौके पर बुलाया गया और आग बुझाने के युद्ध स्तर पर प्रयास शुरू कीजिए तथा जो मजदूर फैक्ट्री में जिंदा जले थे उनके शरीर के कई इससे बुरी तरह से जल गए थे कुछ मजदूरों के कंकाल ही नजर आ रहे थे इस भीषण अग्निकांड में फैक्ट्री में फंसे मजदूरों को गंभीर अवस्था में फैक्ट्री से बाहर भी निकल गया है लेकिन उनकी हालत काफी गंभीर है इसलिए उन्हें उपचार के लिए दिल्ली भेजा गया है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने इस घटना को लेकर गहरा शोक प्रकट किया है और घायलों को हर संभव समुचित उपचार व्यवस्था उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए हैं यह अग्निकांड खुशखेड़ा करौली इंडस्ट्रियल फैक्ट्री में हुआ यह फैक्ट्री औद्योगिक क्षेत्र जी-1-118 पर स्थित है यह फैक्ट्री पिछले 2 महीने से बंद थी । लेकिन फैक्ट्री के अंदर मजदूर रहते थे और फैक्ट्री में भारी मात्रा में केमिकल रखा हुआ था घटना के समय तीन चार जोरदार धमाके हुए इसलिए कहा जा रहा है की फैक्ट्री में गैस सिलेंडर रखे हुए थे जिनके फटने से एक के बाद एक धमाके हुए और आग ने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया जानकारी के अनुसार फैक्ट्री में केमिकल होने की वजह से बहुत ही कम समय में आग ने इतना विकराल रूप धारण कर लिया था की फैक्ट्री में मौजूद मजदूरों को बाहर निकलने का रास्ता ही नजर नहीं आया आरोप है की फैक्ट्री में गुपचुप में पटाखा भी तैयार किया जा रहा था इसलिए फैक्ट्री में भारी मात्रा में पटाखा होने की वजह से भी आग की लपटों ने देखते ही देखते विकराल रूप धारण किया ।

### मृतकों के सिर्फ कंकाल और हड्डियां मिली, डीएनए टेस्ट करके परिजनों को मृतकों के अंग दिए जाएंगे

जानकारी के अनुसार इस अग्निकांड में जो साथ मजदूर जिंदा जले हैं उनके सिर्फ कंकाल और हड्डियां मिली है इसलिए उनकी पहचान के लिए डीएनए टेस्ट की प्रक्रिया अपनाई जाएगी और फिर उनके बॉडी के अंग और हड्डियां परिजनों को सुपुर्द की जाएगी। जानकारी के अनुसार इस अग्निकांड में मौत के शिकार हुए लोग बिहार के रहने वाले हैं ।मृतकों के परिजनों में गहरा गुस्सा और मातम छाया हुआ है बड़ी बात यह है कि फैक्ट्री में चोरी छुपे पटाखा निर्मित किया जा रहा था इसलिए कहीं ना कहीं इस मामले में प्रशासनिक लापरवाही साफ नजर आ रही है । घटनास्थल पर मौजूद वन मंत्री संजय शर्मा ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि इस पूरे मामले की उच्च स्तरीय प्रशासनिक जांच करवाई जाएगी और जो भी दोषी पाया जाएगा उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई भी होगी ।उन्होंने कहा कि अभी इस मामले में जो लोग घायल हैं उन्हें उचित उपचार और स्वस्थ करना सरकार की पहली प्राथमिकता है इसलिए दो घायलों को बेहतर ट्रीटमेंट के लिए दिल्ली भेजा गया है और कुछ झुलसा लोगों को स्थानीय अस्पताल में भी एडमिट करवाया गया है द्य घटना के समय फैक्ट्री में कितने मजदूर थे इसके बारे में खबर लिखे जाने तक अधिकृत जानकारी नहीं मिल पाई लेकिन कहा जा रहा है कि घटना के समय 10 से 11 मजदूर हो सकते हैं जिसमें सात मजदूरों की मौत हो चुकी है।

## घरेलू गैस के व्यावसायिक कार्य में दुरूपयोग करने पर 13 घरेलू गैस सिलेंडर व अन्य उपकरण जब्त करने की कि गई कार्रवाई



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** घरेलू गैस के व्यावसायिक कार्य में दुरूपयोग को रोकने हेतु गठित जांच दल द्वारा शहर के दाउदपुर फाटक के पास एवं सोनावा डूंगरी पर कार्रवाई कर 13 घरेलू गैस सिलेंडर व अन्य उपकरण जब्त करने की कार्रवाई की गई। जिला रसद अधिकारी विनोद जुनेजा ने बताया कि टीम द्वारा दाउदपुर फाटक के पास लवली मेहंदीरत्ता निवासी शिवाजी पार्क द्वारा घरेलू गैस की अवैध रिफलिंग करने पर दुकान पर एचपी गैस के 13 घरेलू सिलेंडर, एक बांसुरीनुमा गैस रिफलिंग यंत्र तथा एक मोटर अवैध रूप से संग्रहित पाए गए, जिन्हें जब्त कर मैसर्स ज्योति गैस एजेंसी के प्रतिनिधि को सुपुर्द किया। इसी प्रकार सोनावा डूंगरी पर एक मकान में ग्राम रामपुर निवासी बृजेश सैनी द्वारा अवैध रिफलिंग करने पर मौके पर अवैध रिफलिंग में उपयोग की जाने वाली इलेक्ट्रिक मोटर मय 5 रैग्यूलेटर, 1 गैस सिलेंडर, 1 बडा इलेक्ट्रोनिक काटा यूपीआई स्केनर को जब्त कर मोहन गैस एजेंसी के प्रतिनिधि को सुपुर्द किया गया। उन्होंने बताया कि जिले में घरेलू गैस के व्यावसायिक कार्य में दुरूपयोग को रोकने हेतु आगामी दिवसों में भी कार्रवाई निरन्तर जारी रहेगी। इस दौरान प्रवर्तन अधिकारी रणधीर सिंह, बनवारी लाल शर्मा, अमित कुमार यादव, प्रवर्तन निरीक्षक अशोक कुमार शर्मा एवं विजयपाल यादव मौजूद रहे।

## विश्व हिन्दू महासंघ अलवर में रूबी वर्मा बनीं महिला जिला महामंत्री

### संगठन विस्तार व महिला सशक्तिकरण को मिलेगा बढ़ावा

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** विश्व हिन्दू महासंघ अलवर इकाई में संगठन को सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण नियुक्ति की गई है। जिलाध्यक्ष मनीष कुमार द्विवेदी की सहमति से महिला जिलाध्यक्ष गरिमा गोयल ने रूबी वर्मा को महिला जिला महामंत्री (जिला अलवर) पद की जिम्मेदारी सौंपी है। यह निर्णय उनकी सामाजिक सक्रियता, संगठन के प्रति निष्ठा तथा हिन्दू समाज के हित में किए गए कार्यों को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। महिला जिलाध्यक्ष गरिमा गोयल ने बताया कि रूबी वर्मा संगठन की रीति-नीति, उद्देश्य एवं अनुशासन का पूर्ण पालन करते हुए महिला सशक्तिकरण,



हिन्दू संस्कृति के संरक्षण, समाज सेवा तथा संगठन विस्तार के कार्यों को समर्पण भाव से आगे बढ़ाएंगी। उन्हें निर्देशित किया गया है कि अपने कार्यकाल में जिला, मण्डल एवं वार्ड स्तर पर महिला इकाइयों का गठन कर अधिक से अधिक महिलाओं को संगठन से जोड़ने का प्रयास करें। संगठन पदाधिकारियों ने विश्वास व्यक्त किया है कि उनके नेतृत्व में महिला प्रकोष्ठ को नई ऊर्जा मिलेगी और सामाजिक कार्यों में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित होगी

## ग्रामीण बेरोजगार महिला एवं पुरूष निःशुल्क फास्ट फूड के प्रशिक्षण के लिए करें आवेदन

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान सामुदायिक भवन केशव नगर स्कीम न. 13 प्रतापबास अलवर में ग्रामीण इलाकों से आने वाले महिलाओं एवं पुरुषो के लिए फास्ट फूड का 12 दिवसीय निःशुल्क आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन 21 फरवरी से किया जाएगा। पीएनबी आरसेटी के निदेशक जे पी मीणा ने बताया कि इस दौरान प्रशिक्षणकर्ता की रहने - खाने, चाय व नाश्ते की भी निशुल्क व्यवस्था रहेगी और प्रशिक्षण पश्चात प्रमाण पत्र भी दिया जाएगा। अतः प्रशिक्षण प्राप्त करने के इच्छुक व्यक्ति संस्थान के कार्यालय से प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए आवेदन कर सकते है, आवेदन पहले आओ पहले पाओ के आधार पर लिए जाएंगे। अधिक जानकारी के लिए कार्यालय के टेलीफोन नंबर - 0144-2940830, 9462194801, 7568621909 पर प्रातः 10 बजे से सांय 5 बजे तक संपर्क कर सकते है।

### प्रशिक्षण हेतु योग्यता

उन्होंने बताया कि आवेदनकर्ता की उम्र 18 से 50 वर्ष, शैक्षणिक योग्यता कम से कम 8वीं पास, होनी चाहिए तथा वह अलवर, खैरथल-तिजारा व कोटपुतली-बहरोड़ जिले के किसी भी गाँव के स्थाई निवासी हैं। आवेदनकर्ता स्वयं सहायता समूह, बी पी एल, मनरेगा, खाद्य सुरक्षा प्राप्त परिवार, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री अंत्योदय योजना के अंतर्गत आते हैं।

## श्याम भजन कीर्तन में झूमें श्रद्धालु

जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** कस्बे के वार्ड 8 में श्री श्याम सखी महिला मण्डल की ओर से भव्य कीर्तन व भजन संध्या का आयोजन श्रद्धा व उत्साह के साथ किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों व आसपास के श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही। पूरा वातावरण 'जय श्री श्याम' और 'जय बजरंगबली' के जयघोष से गूंज उठा। बिलासपुर से पधारे



भजन प्रवाहक ईशु अग्रवाल ने अपने सुमधुर कंठ से 'तीन बाण के धारी', 'वीर हनुमाना', 'हारे के सहारे आजा श्याम' सहित एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति दी। भजनों की धुन पर श्रद्धालु देर रात तक झूमते रहे और भक्ति भाव में लीन दिखाई दिए। भक्ति की ऐसी अविरल धारा बही कि पूरा पंडाल भक्तिमय हो गया। मुख्य यजमान सुरेशकुमार सैनी व सुलोचना सैनी ने श्याम दरबार की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम संयोजक सरोज सिंघानिया व सीमा देवड़ा ने बताया कि मण्डावा कस्बे की सुख-समृद्धि और शांति की कामना से यह आयोजन किया गया।

### वन राज्यमंत्री शर्मा का जन्मदिन

# 57वें जन्मदिन के उपलक्ष्य में लगाए गए 57 पौधे लगाकर दिया गया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री संजय शर्मा के 57वें जन्मदिन के उपलक्ष्य में अलवर के मुंगस्का स्थित श्रीगुरू नानक ग्रीन लंग्स वाटिका में वन विभाग एवं समर्थकों ने 57 पौधे लगाकर उनकी दीर्घायु की कामना कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर वन राज्यमंत्री शर्मा ने उनके जन्मदिन पर पौधारोपण करने पर आभार जताते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के एक पेड मां के नाम अभियान एवं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के हरियालो राजस्थान अभियान से देश एवं प्रदेश में पौधारोपण एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति नई सामाजिक चेतना का उदय हुआ है। उन्होंने कहा कि अब आम नागरिक न केवल स्वयं पौधे लगा रहे हैं, बल्कि उनकी देखभाल और संरक्षण का कार्य भी कर रहे हैं। उन्होंने अलवर सांसद एवं केंद्रीय वन मंत्री भूपेन्द्र यादव की अरावली संरक्षण की ग्रीन वॉल पहल के साथ अलवर को दिलाई गई विभिन्न




सौगातों को पर्यावरण संरक्षण के साथ अलवर के विकास के लिए मील का पत्थर बताया। उन्होंने आमजन से अपील की है कि अपने व अपने प्रियजनों के जन्मदिन के शुभ अवसर पर पौधारोपण कर धरती मां के प्रति अपने दायित्वों का निर्वहन करें। इस दौरान वन राज्यमंत्री संजय शर्मा ने समर्थकों के साथ केक काटा।

### जिलेभर में भी मनाया जन्मदिन

सामाजिक संस्थाओं एवं समर्थकों द्वारा वन राज्यमंत्री संजय शर्मा के 57वें जन्मदिन के उपलक्ष्य में राजगढ, अलवर शहर, बहरोड, तिजारा, किशनगढबास,में पौधारोपण किया गया, जिसमें अलवर शहर में संस्थाओं एवं समर्थकों द्वारा भवानी तोप स्थित पशु चिकित्सालय में पशुओं को चारा खिलया गया, बुध विहार स्थित कांजी हाउस में गो सवामनी की गई, सामान्य चिकित्सालय एवं सैटेलाइट हॉस्पिटल काला कुआं में मरीजों को फल वितरण किए गए, भूरासिद्ध हनुमान मंदिर में पक्षियों को चुग्गा खिलाया गया, बाला किला पर वन्य जीवों के लिए पीने के पानी की व्यवस्था की गई, विजन संस्थान में गरीबों एवं जरूरतमंदों को भोजन कराया गया, नगर निगम के बाहर व्यापारियों एवं आमजन को कचरा पात्र वितरित किए गए, घण्टाघर पर आमजन को मिठाई वितरण एवं त्रिपोलिया महादेव मंदिर में महाआरती की एवं दूध वितरण किया गया। इस अवसर पर डीएफओ अलवर राजेन्द्र हुड्डा, जिलाध्यक्ष अशोक गुप्ता, पूर्व महापौर घनश्याम गुर्जर, जितेन्द्र राठौड, महेश निहालवानी, जितेन्द्र सैनी, नरेश गोयल, सुरेश मेहता, विष्णु शर्मा, रामवतार शर्मा, दुल्लीचंद, महेश मीणा, अभिषेक तनेजा, कुलदीप कालरा सहित प्रबुद्ध व्यक्ति, वन विभाग के कार्मिक एवं बडी संख्या में आमजन मौजूद रहे।

## राज्य सरकार का बजट गरीब, युवा, अन्नदाता व नारी शक्ति को समर्पित - गुप्ता

जयपुर टाइम्स




**अलवर(निसं.)।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय, अलवर में सोमवार को आयोजित प्रेस वार्ता में जिलाध्यक्ष अशोक गुप्ता ने राज्य सरकार के वित्तीय वर्ष 2026-27 के बजट को जनकल्याणकारी एवं विकासोन्मुख बताया। उन्होंने कहा कि भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में वित्त मंत्री दिया कुमारी द्वारा प्रस्तुत बजट गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी शक्ति (G Y A N) को समर्पित है। अशोक गुप्ता ने कहा कि बजट में गरीबों के लिए अटल आरोग्य फूड कोर्ट के निर्माण तथा पेंशन योजनाओं के विस्तार का प्रावधान किया गया है। युवाओं के लिए सरकारी एवं निजी क्षेत्र में रोजगार के नए अवसर सृजित करने, कौशल विकास नीतियों को लागू करने और स्वरोजगार को बढ़ावा देने के कदम उठाए गए हैं।
उन्होंने बताया कि किसानों की आय बढ़ाने के उद्देश्य से पहली बार कार्बन क्रेडिट योजना लागू की जा रही है, जिससे अन्नदाता की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। वहीं महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए रूरल वूमेन बीपीओ की स्थापना सहित कई योजनाओं की घोषणा की गई है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि लोकसभा सांसद एवं केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव तथा राज्य मंत्री संजय शर्मा के प्रयासों से अलवर दक्षिण जिले की छह विधानसभाओं में भी अनेक विकास कार्यों को बजट में शामिल किया गया है।


### विधानसभा वार प्रमुख घोषणाएं

अलवर शहरः अलवर दक्षिण वृत कार्यालय, केंद्रीय कारागृह का नवीन भवन, 33 केवी जीएसएस का निर्माण, जिदौली घाटी में हनुमान वाटिका, पॉलिटेक्निक कॉलेज में आईसीटी लैब तथा 200 करोड़ रुपये की लागत से अलवर सरस डेयरी की क्षमता वृद्धि।
रामगढ़ः मिनी सचिवालय का निर्माण एवं नौगांवा से नसवारी चौक तक सड़क निर्माण।
कठूमरः खोह में नया जीएसएस तथा भनोखर में पुलिस चौकी की स्थापना। मालाखेड़ाः सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवन निर्माण एवं 5 करोड़ रुपये की लागत से भरतरी हरी पुलिया का जीर्णोद्धार।
थानागाजीः प्रतापगढ़ किले को इको-टूरिज्म स्थल के रूप में विकसित किया जाएगा।
राजगढ़ः 3 करोड़ रुपये की लागत से जल व्यवस्था संबंधी कार्य कराए जाएंगे।
प्रेस वार्ता में जिला मीडिया प्रभारी लक्ष्मी नारायण गुप्ता एवं शहर प्रभारी अंजू शर्मा उपस्थित रहे।

## महाशिवरात्रि महोत्सव का खप्पर पूजा के साथ समापन, भक्तों की उमड़ी भीड़

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** श्री त्रिपोलेश्वर शिव शक्ति सेवा समिति द्वारा महाशिवरात्रि पर्व पर आयोजित 11 दिवसीय धार्मिक कार्यक्रमों का समापन सोमवार को खप्पर पूजा के साथ श्रद्धा और उत्साह के वातावरण में संपन्न हुआ। सुबह से ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा।
प्रातः 10:15 बजे त्रिपोलिया महादेव मंदिर में विधिवत खप्पर पूजन एवं जोगी बाबा का पूजन किया गया। 11 दिनों तक समिति द्वारा विभिन्न धार्मिक आयोजनों की श्रृंखला आयोजित की गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। मंदिर के महंत जितेंद्र खेड़ापति ने बताया कि समापन अवसर पर मंदिर की ओर से श्रद्धालुओं को दाल-चावल का प्रसाद वितरित किया गया। दोपहर में मंगल गीतों की स्वर लहरियों से मंदिर परिसर भक्तिमय हो उठा। शाम को भगवान शिव-पार्वती की मनमोहक झांकी सजाई गई। महिला श्रद्धालुओं ने मां पार्वती का पारंपरिक रीति-रिवाज से स्वागत कर मंगल गीत गाए और उन्हें उपहार भेंट किए। कार्यक्रम के अंतर्गत समिति की ओर से महिलाओं को भी उपहार प्रदान किए गए। महंत खेड़ापति ने बताया कि महोत्सव की शुरुआत गणेश पूजन से हुई थी। इस दौरान भव्य शोभायात्रा, पशुपतिनाथ जी की पांच दिवसीय कथा, 108 पार्थिव शिवलिंगों की विशेष पूजा, हवन, भंडारे, नगर यात्रा, शिव विवाह कथा, संगीत एवं वरमाला महोत्सव जैसे कार्यक्रम आयोजित किए गए। उन्होंने आयोजन की सफलता के लिए जिला प्रशासन एवं सभी सहयोगियों का



आभार व्यक्त करते हुए सनातन धर्म की ध्वजा को ऊंचा रखने का आह्वान किया। साथ ही अलवर के चहुंमुखी विकास के लिए भगवान से प्रार्थना की गई। मंदिर में सजी आकर्षक झांकी के दर्शन का सिलसिला रात्रि 11 बजे तक चलता रहा। इसके पश्चात देर रात महाआरती एवं प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का विधिवत समापन हुआ।

## जनगणना 2027 के प्रथम चरण के अंतर्गत किए जाने वाले कार्यों के संबंध में दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ शुभारम्भ

### जिला कलक्टर ने प्रशिक्षणार्थियों को गहनता से प्रशिक्षण प्राप्त कर जनगणना कार्य को समयबद्ध रूप में पूर्ण कराने के दिए निर्देश




जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** जिला कलक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी डॉ. आर्तिका शुक्ला की अध्यक्षता में जिला परिषद सभागार में जनगणना 2027 के प्रथम चरण के अंतर्गत मकान सूचीकरण एवं मकान गणना कार्य के लिए दो दिवसीय जिला एवं चार्ज अधिकारियों के जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारम्भ हुआ। जिला कलक्टर ने प्रशिक्षण में आए प्रशिक्षणार्थियों से कहा कि जनगणना राष्ट्रीय महत्व का कार्य है, जिसे पूर्ण गंभीरता, पारदर्शिता और शुद्धता के साथ सम्पन्न कराना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि इस बार जनगणना प्रक्रिया में दो महत्वपूर्ण नवाचार किए गए हैं। पूरी जनगणना प्रक्रिया डिजिटल माध्यम से संचालित होगी, जिसमें जनगणना प्रबंधन पोर्टल और मोबाइल एप्लीकेशन का उपयोग किया जाएगा। उन्होंने बताया कि नवाचार के तहत नागरिकों को पहली बार सेल्फ एन्यूमरेशन (स्वयं गणना) की सुविधा भी मिलेगी, जिससे वे अपनी जानकारी स्वयं दर्ज कर सकेंगे। उन्होंने निर्देश दिये कि सभी अधिकारी समयबद्ध, त्रुटिरहित और पारदर्शी कार्य निष्पादन सुनिश्चित करें तथा प्रशिक्षणार्थी गणनता के साथ प्रशिक्षण प्राप्त करे, जिससे फील्ड कार्य के दौरान किसी प्रकार की त्रुटि व असुविधा का सामना नहीं करना पडे तथा निर्धारित कार्य को समयबद्ध रूप में पूर्ण किया जा सके। मास्टर ट्रेनर जनगणना निदेशालय के सहायक निदेशक महेश कुमार एवं सुभाष यादव ने प्रशिक्षणार्थियों को उनके दायित्वों एवं कार्य प्रणाली की विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान उप जिला जनगणना अधिकारी एवं उप निदेशक आर्थिक एवं साख्यिकी विभाग प्रीति यादव सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## फैक्ट्री हादसे के बाद वन राज्यमंत्री मौके पर पहुंचे, अधिकारियों को दिए निर्देश

### वन राज्यमंत्री ने लिया हालात का जायजा, पीड़ित परिजनों से मिलकर बंधाया ढांढस



जयपुर टाइम्स

**खैरथल-तिजारा(निसं.)।** खुशखेड़ा-भिवाड़ी औद्योगिक क्षेत्र में हुई फैक्ट्री अग्नि दुर्घटना के बाद पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा ने घटनास्थल का निरीक्षण कर स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने मौके पर मौजूद प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों से राहत एवं बचाव कार्यों की विस्तृत जानकारी प्राप्त की तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसके पश्चात राज्यमंत्री अस्पताल पहुंचे और वहां मोर्चरी जाकर स्थिति देखी। राज्यमंत्री ने संबंधित अधिकारियों को घटना से प्रभावित सभी व्यक्तियों को आवश्यक सहायता एवं समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। राज्यमंत्री इसके बाद पुलिस थाने पहुंचे, जहां उन्होंने मृतकों के परिजनों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया तथा इस दुखद घटना पर गहरी संवेदना व्यक्त की। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार इस कठिन समय में पीड़ित परिवारों के साथ खड़ी है तथा घटना के कारणों की गंभीरता से जांच कर दोषियों के विरुद्ध नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान तिजारा विधायक महंत बालकनाथ योगी सहित जिला कलेक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला, पुलिस अधीक्षक खैरथल मनीष चौधरी, अतिरिक्त जिला कलेक्टर शिवपाल जाट, अतिरिक्त जिला कलेक्टर सुमित्रा मिश्र, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अतुल साहू एवं अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### सरिस्का साहित्य संवाद 2026 का आगाज़

## प्रथम दिवस वैचारिक ऊष्मा से ओतप्रोत शतकीय राष्ट्र साधना, वंदे मातरम् और मीडिया पर गहन मंथन

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** सरिस्का साहित्य संवाद 2026 के अंतर्गत रिवाज रिसॉर्ट में आयोजित दो दिवसीय साहित्यिक महोत्सव का प्रथम दिवस गरिमामय एवं चिंतनप्रधान वातावरण में सम्पन्न हुआ। उद्घाटन सत्र में 'शतकीय राष्ट्र साधना संवाद' विषयक विशेष परिचर्चा के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ, जिसने आयोजन को गंभीर वैचारिक दिशा प्रदान की। प्रथम सत्र में हिरेन जोशी ने राष्ट्र साधना के शतकीय परिप्रेक्ष्य पर सारगर्भित संवाद किया। इस अवसर पर यूट्यूबर शिक्षक एवं पूर्व प्रशासनिक अधिकारी अंकित अवस्थी तथा शिक्षाविद् डॉ. मोनिका रस्तोगी ने राष्ट्रनिर्माण में बौद्धिक समाज की भूमिका, शिक्षा के दायित्व और समकालीन चुनौतियों







पर अपने विचार रखे। वक्ताओं ने कहा कि वैचारिक जागरूकता ही सशक्त राष्ट्र की आधारशिला है।
द्वितीय सत्र 'वंदे मातरम् के 150 वर्ष' विषय पर केंद्रित रहा। श्री वर्धन एवं राष्ट्रकवि विनीत चौहान ने 'वंदे मातरम के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं राष्ट्रीय महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। प्रस्तुति में राष्ट्रीय चेतना और भावनात्मक गहराई का समन्वय देखने को मिला, जिसे श्रोताओं ने सराहा।
तृतीय सत्र 'मीडिया, साहित्य और समाज' विषय पर आयोजित हुआ। इसमें आईएएनएस समूह की राजस्थान हेड अर्चना शर्मा, सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर निखिलेश शांडिल्य तथा दिल्ली विश्वविद्यालय की प्राध्यापिका रजनी मान ने भाग लिया। वक्ताओं ने पारंपरिक और डिजिटल मीडिया के बदलते स्वरूप, सामाजिक जिम्मेदारी, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और साहित्य के साथ उसके संबंधों पर विचार व्यक्त किए। मीडिया की विश्वसनीयता और साहित्य की संवेदनशीलता के संतुलन पर विशेष बल दिया गया।
प्रथम दिवस पर तीन पुस्तकों का विमोचन एवं परिचर्चा भी आयोजित हुई। लेखकों ने अपनी कृतियों की सृजन-प्रक्रिया और विषय-वस्तु पर विस्तार से जानकारी दी।
कार्यक्रम में साहित्य प्रेमियों, युवाओं और शिक्षाविदों की सक्रिय सहभागिता रही। आगामी दिवस की 'सरिस्का वॉक' को लेकर प्रतिभागियों में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। आयोजन का प्रथम दिवस सफलतापूर्वक सम्पन्न होने के साथ दूसरे दिन के कार्यक्रमों को लेकर उत्सुकता बनी हुई है।

## नगर निगम के दो डॉक्टर और एक संविदा कर्मी को चार लाख रुपए की रिश्वत लेते एसीबी ने दबोचा

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की टीम ने सोमवार को राजधानी जयपुर में एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम देते हुए जयपुर नगर निगम में पोस्टेड दो वेटरनरी डॉक्टर और एक संविदा कर्मी को चार लाख रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है एंटी करप्शन ब्यूरो की इस कार्रवाई के बाद जयपुर नगर निगम प्रशासन से जुड़े अन्य अधिकारियों और कर्मचारियों में भी खलबली मच गई एसीबी की टीम गिरफ्तार अभियुक्तों के विभिन्न ठिकानों पर भी सर्च अभियान को अंजाम दे रही है क्योंकि भारी मात्रा में रिश्वत की रकम लेने के इस मामले के उजागर होने के बाद भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के अधिकारी मान रहे हैं कि गिरफ्तार अभियुक्त जयपुर नगर निगम में व्यापक तौर पर भ्रष्टाचार को बढ़ावा दे रहे थे इसलिए गिरफ्तार दोनों वेटरनरी डॉक्टर के जयपुर नगर निगम स्थित कार्यालय में मौजूद सरकारी फाइलों और पत्रावलियों दस्तावेज डिजिटल डाटा कंप्यूटर हार्ड डिस्क इत्यादि को एसीबी ने अपने कब्जे में कर लिया है तथा इन सब की गहनता से जांच पड़ताल की जा रही है भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो से मिली जानकारी के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्त वेटरनरी डॉक्टर योगेश और राकेश है तथा संविदा कर्मी जितेंद्र है जिन्होंने आवारा कुत्तों के इंजेक्शन देने के कार्य में बिल पास करने के बदले कमीशन के तौर पर रिश्वत के डिमांड की थी जिसकी शिकायत परिवादी ने एसीबी कार्यालय में दर्ज करवाई एसीबी ने परिवादी की शिकायत का सत्यापन करवाया जिसमें शिकायत सही पाई गई इसके बाद एसीपी ने आरोपी डॉक्टर और संविदा कर्मी को रंगे हाथों पकड़ने के लिए एक कार्य योजना तैयार की इसी कार्य योजना के तहत सोमवार को एसीबी की टीम ने परिवादी से रिश्वत के चार लाख रुपए लेने के आरोप में इन तीनों को अरेस्ट किया है जानकारी के अनुसार राजधानी जयपुर में आवारा कुत्तों के आतंक से जयपुर के लोगों को शारीरिक बीमारियों से बचाने के लिए एक व्यापक तौर पर अभियान चलाकर आवारा कुत्तों को इंजेक्शन लगाने का कार्य शुरू किया गया था यह व्यापक कार्य था जिसमें नगर निगम के वेटरनरी डॉक्टर की भूमिका भी सुनिश्चित होना निर्धारित था क्योंकि वेटरनरी डॉक्टर के भुगतान संबंधी बिल पर स्वीकृति मिलने के बाद ही जयपुर नगर निगम से इंजेक्शन लगाने वाली कंपनी को पैसे का भुगतान होना था इसलिए कुत्तों के इंजेक्शन लगाने के बिल संबंधी भुगतान के लिए संबंधित वेटरनरी डॉक्टर योगेश और राकेश ने कमीशन के तौर पर रिश्वत की रकम मांगी थी और इस कार्य में संविदा कर्मी जितेंद्र भी अपनी भूमिका निभाई इसीलिए सोमवार को एंटी करप्शन ब्यूरो की ओर से इन तीनों आरोपी को गिरफ्तार किया गया।

## चांदी 4000 और सोना 1100 रुपए सस्ता, चांदी 249000 प्रति किलो में बिकी

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** राजधानी जयपुर के सराफा बाजार में सोमवार को चांदी और सोना दोनों की कीमतों में कमी दर्ज की गई सोमवार को चांदी 4000 और सोना 1100 रुपए सस्ता दर्ज किया गया चांदी सोमवार को 249000 रुपए प्रति किलो बेची गई इसके अलावा सोमवार को शुद्ध सोना 158600 रुपए प्रति 10 ग्राम और जेवराती सोना 148300 रुपए प्रति 10 ग्राम के भाव से बेचा गया द्य जयपुर सराफा बाजार में पिछले कुछ दिनों से चांदी और सोना दोनों की कीमतों में लगातार गिरावट देखी गई है अन्यथा इससे पहले जयपुर सराफा बाजार में चांदी और सोना दोनों की कीमतों में जबरदस्त इजाफा हुआ था और जिसमें चांदी के भाव आसमान छूने लगे थे लेकिन पिछले कुछ दिनों से लगातार चांदी के दामों में भारी गिरावट आई है इसके अलावा सोने के दाम में भी निरंतर गिरावट आ रही है बताया गया है कि अभी शादियों का ज्यादा सीजन नहीं है हालांकि पहले होली का डंडा एक महीने पहले ग्रामीण क्षेत्रों में स्थापित कर दिया जाता था इसके बाद ग्रामीण क्षेत्रों में शादियां होली तक बिल्कुल भी संपादित नहीं की जाती थी होली के डंडे के स्थापित होने के बाद शादियां संपादित करना शगुन के तौर पर ठीक नहीं माना जाता था लेकिन आजकल बहुत से लोग होली का डंडा स्थापित होने के बाद भी शादियां अपनी सुविधा और समय मैनेजमेंट को देखते हुए करने लगे हैं हालांकि इन दोनों शादियां ज्यादा नहीं है लेकिन फिर भी जयपुर सराफा बाजार में सोने और चांदी की कीमतों में कमी आने की वजह से लोग पहले की तुलना में ज्यादा नजर आने लगे हैं और जयपुर सराफा बाजार से जुड़े व्यापारियों के चेहरों पर भी थोड़ी रौनक देखने को मिल रही है क्योंकि बाजार में ग्राहक आने से उनकी दुकानदारी गति पकड़ रही है लेकिन ग्रामीण क्षेत्र के कई लोग ऐसे हैं जिनके घरों में आने वाले महीना में शादियां होने वाली हैं वे लोग सोने और चांदी के सस्ता होने की वजह से जयपुर सराफा बाजार में खरीदारी के लिए आने लगे हैं इसलिए जयपुर सराफा बाजार के कारोबार में भी वृद्धि हो रही है जानकार लोगों का कहना है कि अमेरिका के टैरिफ कम करने की वजह से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर व्यापारिक लेनदेन के रास्ते आसान हुए हैं इसका असर भी सोने और चांदी की कीमतों पर पड़ा है जिसकी वजह से सोने और चांदी की कीमतों में कमी आई है ।

## प्रदेश की विकास दर माइनस में चली गई है, यमुना जल समझौते में केंद्र से कुछ भी पैसा नहीं मिला : गोविंद सिंह डोटासरा



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** राजस्थान कांग्रेस के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने सोमवार को कहा कि पिछले 2 साल में प्रदेश की विकास दर माइनस में चली गई है, विकास कार्यों को लेकर प्रदेश सरकार सिर्फ खुद अपनी पीठ थपथपा रही है प्रदेश की जनता को बिल्कुल भी राहत नहीं मिली है उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार 2 साल में नौकरियां देने की जो बात कह रही है यह नौकरियां हमारी पिछली सरकार की देन है है जिन्हें सरकार खुद की उपलब्धि बता रही है डोटासरा ने कहा कि पिछले 2 साल में प्रदेश सरकार ने जो नौकरियां दी हैं उन नौकरियों में 75 प्रतिशत नौकरियां हमारी सरकार की देन है । डोटासरा ने कहा कि प्रदेश की भजनलाल सरकार यमुना जल समझौते को लेकर बड़ी-बड़ी बातें कर रही है और इस योजना की डीपीआर 2 महीने में तैयार होने की बात कही जा रही थी अभी तक इस योजना की डीपीआर नहीं बनी है उन्होंने यह भी कहा कि इस योजना में केंद्र सरकार से 100 रुपए भी नहीं मिले हैं उन्होंने कहा कि ईआरसीपी योजना में दिल्ली से जो पर्ची आती है उसी के मुताबिक इस योजना में कंपनियों और ठेकेदारों को काम दिया जा रहा है डोटासराने पत्रकारों से भी बातचीत के दौरान कहा कि मुख्यमंत्री और सरकार के मंत्री तथा भाजपा के संगठन से जुड़े नेता विकास कार्यों को लेकर शेखी मारते हैं हकीकत में पिछले 2 साल में प्रदेश की जनता को भगवान के भरोसे छोड़ दिया गया है और प्रदेश का विकास पूरी तरह से शून्य रहा है गोविंद सिंह डोटासराने शिक्षा मंत्री मदन दिलावर का नाम लिए बिना उन पर हमला बोला और कहा कि उनके खिलाफ 25 मुकदमे दर्ज हैं अच्छा यह होगा कि वे मुख्यमंत्री से मिलकर इन मामलों को खत्म करवा दें अन्यथा इनके पन्नों में से एक पन्ना में निकाल लूंगा तो उनके लिए बड़ी मुश्किल खड़ी हो जाएगी उन्होंने कहा कि मंत्री जी अपने घर पर टेंडर से संबंधित फाइल मंगवाते हैं यह नियमों के खिलाफ है ।

# त्योहारों से पहले कलेक्टर डॉ. जितेंद्र सोनी का सख्त एक्शन प्लान

### अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश: किसी भी स्थिति में कानून व्यवस्था व आपसी भाईचारे से समझौता नहीं



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास)।** आगामी होली, रमजान, चेटीचंड, नवरात्रि, रामनवमी व ईद जैसे प्रमुख त्योहारों के मद्देनजर जयपुर जिला प्रशासन ने कानून व्यवस्था व सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखने के लिए व्यापक तैयारियां शुरू कर दी हैं। जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि किसी भी स्थिति में कानून व्यवस्था व आपसी भाईचारे से समझौता नहीं किया जाएगा। सोमवार को जिला कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जिला शांति समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए डॉ. सोनी ने विभिन्न धार्मिक, सामाजिक एवं गैर-सरकारी संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ विस्तृत चर्चा की। उन्होंने त्योहारों के दौरान शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने के लिए समाज के सभी वर्गों से सहयोग की अपील की। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि मौजीज व्यक्तियों एवं धर्मगुरुओं के साथ सतत संवाद बनाए रखा जाए तथा सभी पुलिस थानों में नियमित सीएलजी एवं शांति समिति की बैठकें आयोजित कर संवेदनशील क्षेत्रों की पहचान की जाए। साथ ही संदिग्ध गतिविधियों एवं साम्प्रदायिक तनाव भड़काने वाले तत्वों पर पैनी नजर रखते हुए उनके विरुद्ध विधि अनुसार सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। डॉ. सोनी ने विशेष रूप से सोशल मीडिया की निगरानी के निर्देश देते हुए कहा कि भ्रामक, अफवाह फैलाने वाले अथवा उत्तेजक पोस्ट करने वालों के विरुद्ध तत्काल कार्रवाई की जाए। उन्होंने मुख्य बाजारों, पर्यटन स्थलों, धार्मिक स्थलों, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन सहित भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में पर्याप्त पुलिस जाप्ता तैनात करने तथा संभावित संवेदनशील क्षेत्रों में अतिरिक्त सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही पुलिस विभाग, नगर निगम, विद्युत, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी, नागरिक सुरक्षा एवं चिकित्सा विभाग सहित सभी संबंधित विभागों को त्योहारों के दौरान समन्वय के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करने को कहा गया, ताकि आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो। बैठक में अतिरिक्त पुलिस आयुक्त राजीव पचार, यातायात पुलिस उपायुक्त सुमित मेहरड़ा, पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम हनुमान प्रसाद मीणा, पुलिस उपायुक्त जयपुर उत्तर करण शर्मा एवं अतिरिक्त जिला कलक्टर युगांतर शर्मा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## तारकेश्वर मंदिर पुजारी-पुलिस विवाद हुआ समाप्त, सब इंस्पेक्टर सुरेश कुमार को फील्ड पोस्टिंग से हटाया

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** राजधानी जयपुर में चौड़ा रास्ता स्थित ऐतिहासिक और प्राचीन तारकेश्वर शिव मंदिर के पुजारी और वहां तैनात पुलिस कर्मियों के बीच रविवार को महाशिवरात्रि पर्व के दौरान आपस में जोरदार टकराव के हालात पैदा हो गए थे जानकारी के अनुसार महाशिवरात्रि पर्व पर मंदिर के गर्भ गृह में गुप्त पूजा पुजारी की ओर से संचालित की जा रही थी तभी वहां मानक चौक पुलिस स्टेशन में तैनात सुरेश कुमार मौके पर पहुंच गया जिसका पुजारी विरोध करने लगे इसी बात को लेकर सुरेश कुमार और पुजारी के बीच आपस में जोरदार टकराव के हालात बन गए आपस में उलझ गए इस तरह का दृश्य वहां मौजूद सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हुआ है इसके अलावा सोशल मीडिया में भी आपस में उलझने का वीडियो वायरल हुआ है इस घटना को लेकर मंदिर प्रशासन से जुड़े लोगों और पुजारी में पुलिस की कार्यशैली को लेकर आक्रोश व्याप्त हो गया इसके बाद मंदिर के पुजारी आरोपी सब इंस्पेक्टर के खिलाफ कार्रवाई करने को लेकर धरने पर बैठ गए यह मामला हवा महल के भाजपा विधायक बालमुकुंद आचार्य तक पहुंचा तो आचार्य भी मौके पर पहुंचे और उन्होंने इस मामले को सुलझाने का प्रयास किया बाद में सोमवार को मंदिर प्रशासन और पुलिस के बीच आपस में समझौता हुआ जिसमें पुजारी के डिमांड पर सब इंस्पेक्टर सुरेश कुमार को फील्ड पोस्टिंग से हटा दिया गया इसके बाद मंदिर के पुजारी ने अपना आंदोलन वापस ले लिया जानकार लोगों का कहना है कि थोड़ा रास्ता स्थित तारकेश्वर शिव मंदिर काफी पुराना और ऐतिहासिक मंदिर है यह जयपुर के परकोटे के लोगों के गहरी आस्था का केंद्र ही नहीं है बल्कि जयपुर के कोने-कोने से लोग यहां पर दर्शन करने के लिए आते हैं जयपुर के परकोट के भीतर के सभी व्यापारी ज्वेलर्स और गणमान्य लोग यहां पर नियमित रूप से भगवान शंकर का जलाभिषेक करने के लिए आते हैं यहां पर बड़ी संख्या में सुबह से लेकर देर रात तक महिलाएं भी जलाभिषेक करती हुई नजर आती है ऐसे में पुजारी का कहना है कि मंदिर के अपने नियम और सिद्धांत है मंदिर की अपनी मर्यादा है जिसका पालन वे खुद भी करते हैं और उनके परिजन भी करते हैं जहां पर महाशिवरात्रि पर्व पर गुप्त पूजा हो रही थी वहां पुलिस कर्मियों का वर्दी में इस तरह से पहुंचना मंदिर की मर्यादा और सम्मान के खिलाफ था इस तरह का व्यवहार पुलिस को नहीं करना चाहिए ।

## पुलिस ने फिल्म स्टाइल से कार सवार में सवार दो तस्करों को पकड़ा, डेढ़ सौ किलो डोडा चूरा बरामद

### मंडाना थाना क्षेत्र में भी पुलिस ने एक ट्रक से 193 किलो डोडा चूरा बरामद कर दो जनों को दबोचा

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** प्रदेश में कोटा जिला ग्रामीण पुलिस की ओर से अवैध मादक पदार्थ का कारोबार करने वाले लोगों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई लगातार की जा रही है इसी क्रम में सोमवार को सिमलिया टोल प्लाजा के पास कोटा ग्रामीण पुलिस की टीम ने बिल्कुल फिल्मी अंदाज में कार में सवार दो तस्करों को घेराबंदी कर मौके पर ही दबोच लिया तथा तस्करों की गाड़ी से करीब डेढ़ सौ किलो डोडा चूरा बरामद किया गया है यह डोडा चूरा गिरफ्तार तस्कर प्रदेश के बारा जिला से लेकर आए थे और इसे पंजाब लेकर जा रहे थे लेकिन जैसे ही कोटा ग्रामीण जिला पुलिस को इसके बारे में जानकारी मिली कोटा ग्रामीण पुलिस की टीम ने तस्करों की इस गाड़ी का पीछा करना शुरू किया और फिर सिमलिया टोल प्लाजा के पास पुलिस ने बाकायदा तस्करों की गाड़ी को रोकने के लिए फिल्म तरीका अपनाया बैरिकेट्स स्थापित करने के अलावा पुलिस की टीमों को चारों तरफ तस्करों से मुकाबला करने के लिए खड़ा कर दिया गया इस बीच जैसे ही तस्करों की गाड़ी आई पुलिस की टीमों ने गाड़ी को चारों तरफ से घेर लिया जिसकी वजह से गाड़ी में सवार तस्करों को बिल्कुल भी मौका नहीं मिला पुलिस ने दोनों तस्करों को मौके पर ही अरेस्ट किया है और उनकी गाड़ी से डेढ़ सौ किलो डोडा चूरा बरामद किया है पुलिस गिरफ्तार अभियुक्तों से पूछताछ कर पता लग रही है कि पंजाब में वह इस डोडा चूरा को किन लोगों को और कहां सप्लाई करने वाले थे तथा बरामद किया गया डोडा चूरा किसके यहां से वे लेकर आए थे इन तमाम सवालों के पुलिस जवाब ढूंढ रही है एक अन्य जगह पर ही कोटा ग्रामीण इलाके में मंडाना थाना पुलिस की टीम ने एक ट्रक को पड़ा है जिसमें करीब 193 किलो डोडा चूरा भरा हुआ मिला है ट्रक में सवार परमिंदर और गुरजंट को भी अरेस्ट किया गया है इन दोनों अभियुक्तों से पूछताछ करके पता लगाया जा रहा है कि बरामद किया गया डोडा चूरा वे कहां से और किन लोगों से लेकर आए थे तथा इस डोडा चूरा को कहां और किन लोगों को सप्लाई करने जा रहे थे द्य बरामद किए गए डोडा चूरा की कीमत करीब 29 लाख रुपए बताई जा रही है इस तरह से कोटा जिला ग्रामीण पुलिस अवैध मादक पदार्थ का धंधा करने वाले लोगों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई करके पिछले कुछ दिनों से लगातार तस्करों को अरेस्ट करने के अलावा उनसे भारी मात्रा में अवैध मादक पदार्थ भी बरामद किया है जो काफी प्रशंसनीय कार्य है ।

## भजनलाल सरकार मोदी के कार्यक्रम में व्यस्त, प्रदेश में हो रहे बड़े-बड़े हादसों की चिंता किसी को नहीं : टीकाराम जूली

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(का.सं.)।** राजस्थान विधानसभा में प्रतिपक्ष के नेता टीकाराम जूली ने सोमवार को कुशा खेड़ा फैक्ट्री में हुई अग्निकांड की घटना को लेकर गहरा शोक प्रकट किया और प्रदेशकी भाजपा सरकार को कटघरे में खड़ा किया टीकाराम जूली ने कहा कि पूरी सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगामी अजमेर के दौरे के कार्यक्रम को लेकर व्यस्त है और राजस्थान में एक के बाद एक बड़े हादसे हो रहे हैं उनकी चिंता किसी को भी नहीं है उन्होंने कहा कि कहीं ना कहीं मॉनिटरिंग और मैनेजमेंट की कमी की वजह से बड़ी-बड़ी घटनाएं हो रही हैं जिन्हें रोकने के लिए सरकार की ओर से कुछ भी प्रयास नहीं किया जा रहे उन्होंने कहा कि कहीं ना कहीं मिस मैनेजमेंट और लापरवाही की वजह से इस तरह की घटना हो रही है जिससे लोगों की जिंदगी खतरे में पड़ी हुई है उन्होंने कहा कि सोमवार को जिस फैक्ट्री में यह बड़ी घटना हुई उस फैक्ट्री में अवैध रूप से केमिकल और पटाखा निर्मित होने की सूचनाओं मिल रही है इसलिए कहीं ना कहीं यहां अधिकारियों की लापरवाही और शिथिलता साफ नजर आ रही है राजस्थान विधानसभा परिसर में पत्रकारों से बातचीत करने के दौरान टीकाराम जूली ने कहा कि पिछले 2 साल से सरकार सिर्फ ढिंढोरा पीट रही है हकीकत में राजस्थान में कुछ भी विकास कार्य नहीं हुआ है सिर्फ सरकार हमारी पिछली सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को या तो बंद कर रही है या उन्हें कमजोर करने का काम कर रही है इसके अलावा पिछले 2 साल में राजस्थान में कुछ भी कार्य नहीं हुआ है जो कार्य होता है वह कार्य जब दिल्ली से कोई पर्ची आती है तब पर्ची के मुताबिक कार्य होता है उन्होंने कहा कि सोमवार को भिवाड़ी में फैक्ट्री में अग्निकांड की जो घटना हुई उसमें भी कहीं ना कहीं सरकार का मिस मैनेजमेंट साफ दिखता है सरकार का अधिकारियों पर प्रभाव नहीं है इसीलिए अवैध तरीके से फैक्ट्री में कार्य हो रहा है जूली ने कहा कि प्रदेश की भजनलाल सरकार को प्रदेश के लोगों की हितों की रक्षा के लिए उनकी जान माल की सुरक्षा के लिए मजबूती से काम करने की जरूरत है लेकिन प्रदेश में शांति और कानून व्यवस्था भगवान के भरोसे है ।

## जेडीए और पुलिस की बड़ी उपलब्धि : कानोता में तस्कर की 40 करोड़ की अवैध संपत्ति ध्वस्त

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार की तरह प्रदेश की भजनलाल सरकार भी अपराधियों के खिलाफ प्रभावी कार्यवाही करने की दिशा में तेजी से कार्य कर रही है इसी क्रम में कानोता थाना इलाके में बागराना में अवैध मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले पूरे परिवार की और से करीब 40 करोड़ रुपए कीमत सरकारी जमीन पर जो बहुमंजिला इमारत बना रखी थी उस इमारत को जयपुर विकास प्राधिकरण की प्रवर्तन शाखा ने सोमवार को पूरी तरह से नष्ट कर दिया गया यहां पर एक परिवार ऐसा था जिसके सभी सदस्य अवैध मादक पदार्थ की तस्करी का धंधा किया करते थे जिनके खिलाफ पहले पुलिस ने प्रभावी और उचित कार्रवाई की पुलिस की जांच पड़ताल में इस परिवार की ओर से सरकारी जमीन पर एक बड़ी इमारत बना रखी थी करीब 40 करोड़ की सरकारी जमीन पर इस तस्कर परिवार ने कब्जा किया हुआ था जिस पर जयपुर विकास प्राधिकरण ने प्रभावी से जांच पड़ताल करके सोमवार को सरकारी जमीन को अतिक्रमण से मुक्त करवाया जानकारी के अनुसार इस परिवार के कई सदस्य अवैध मादक पदार्थ के धंधे में जोर-जोर से जुटे हुए थे कई बार जेल भी गए और फिर जमानत पर छूटने के बाद वापस अपने पुराने धंधे में जुट जाते थे इस काली कमाई से इस परिवार ने करोड़ों रुपए की चल और अचल संपत्ति जमा कर ली जिसमें परिवार के सदस्यों के पास कई महंगी गाड़ियां और मकान में आलीशान फर्नीचर तथा परिवार के सदस्यों के बैंक अकाउंट में करीब 84 लाख रुपए से ज्यादा पैसा जमा मिला है इस तरह से इस परिवार ने अवैध मादक पदार्थों के धंधे में ही करोड़ों रुपए की काली कमाई की जांच पड़ताल में यह भी सामने आया कि परिवार के पास कोई अन्य इनकम का साधन नहीं था लेकिन इसके बावजूद भी एक बड़े उद्योगपति की तरह यह परिवार अपना जीवन जी रहा था इसलिए पुलिस ने भी इस मामले में गहनता से जांच पड़ताल की और फिर बाद में जेडीए ने भी प्रभावी कार्रवाई करते हुए सरकारी नाले पर बनी इस मल्टी स्टोरेज बिल्डिंग को गिरा दिया जेडीए की ओर से की गई इस प्रभावी कार्रवाई के बाद निश्चित रूप से प्रदेश के अपराध जगत से जुड़े लोगों के हौसले कमजोर होंगे और उन्हें यह एहसास होगा कि एक न एक दिन अगर उन्होंने भी नियम और कानून के खिलाफ काम करते हुए काली कमाई की है और काली कमाई से अवैध कब्जे किए हैं तो फिर उनके खिलाफ भी राजस्थान पुलिस और जेडीए इसी तरह की कार्रवाई को अंजाम दे सकता है इसलिए इस कार्रवाई को लेकर क्षेत्र के लोगों ने भी खुशी जाहिर की है ।

## एसीबी ने अजमेर डिस्कॉम के सुपरिंटेंडेंट इंजीनियर को 50000 रुपए की रिश्वत लेते पकड़ा

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** भ्रष्टाचार निरोधक विभाग की ओर से सोमवार को अजमेर में एक बहुत बड़ी कार्रवाई को अंजाम देते हुए अजमेर डिस्काउंट में पोस्टेड सुपरिंटेंडेंट इंजीनियर बाबूलाल को 50000 रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है अजमेर डिस्कॉम के बड़े अधिकारी की ओर से इस तरह से भारी मात्रा में रिश्वत लेना कहीं ना कहीं अजमेर डिस्कॉम में भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने की बात को इंगित कर रहा है इस मामले की जांच कर रहे एंटी करप्शन ब्यूरो के अधिकारी इस बात की भी जांच पड़ताल कर रहे हैं कि बरामद की गई रिश्वत की रकम में किसी अन्य अधिकारी का हिस्सा तो निश्चित नहीं है इसके अलावा गिरफ्तार अभियुक्त बाबूलाल के सरकारी ऑफिस में रखें सभी तरह के दस्तावेज, फाइल, डिजिटल डाटा, कंप्यूटर, हार्ड डिस्क इत्यादि सभी को एसीबी ने कब्जे में कर लिया है और उनकी जांच पड़ताल की जा रही है इसके अलावा बाबूलाल के अन्य ठिकानों पर भी एसीबी की टीम को जांच पड़ताल के लिए भेजा गया है एंटी करप्शन ब्यूरो से मिली जानकारी के अनुसार परिवादी ने एक मामले में राहत देने के लिए आरोपी सुपरिंटेंडेंट इंजीनियर बाबूलाल के बारे में रिश्वत मांगने की शिकायत एसीबी कार्यालय में दर्ज करवाई गई थी।

## विधानसभा क्षेत्र भरतपुर में फसल खराबे के मुआवजे का शीघ्र होगा भुगतान


**जयपुर** आपदा प्रबंधन, सहायता एवं नागरिक सुरक्षा मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा ने सोमवार को विधानसभा में कहा कि भरतपुर विधानसभा क्षेत्र में सम्वत् 2079 खरीफ, बाढ़ एवं ओलावृष्टि से प्रभावित काश्तकारों को शीघ्र भुगतान के लिए उनके जन आधार में उनके बैंक खाते के विवरण को अपडेट किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इसके लिए राज्य सरकार द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है। डॉ. मीणा ने बताया कि प्रभावित किसानों में से 1590 काश्तकार जन आधार अपडेट नहीं होने के कारण भुगतान से लंबित रहे हैं। इनमें से 675 काश्तकारों का डाटा जनाधार से अपडेट करवा दिया गया है। उन्होंने आश्वस्त किया कि डेटा अपडेट के बाद शीघ्र ही सभी किसानों को कृषि आदान अनुदान का भुगतान कर दिया जायेगा। आपदा प्रबंधन मंत्री डॉ. मीणा प्रश्नकाल के दौरान सदस्य डॉ. सुभाष गर्ग द्वारा इस संबंध में पूछे गए पूरक प्रश्नों का जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि भरतपुर विधानसभा क्षेत्र में सम्वत् 2079 खरीफ (बाढ़) एवं (ओलावृष्टि) से प्रभावित 2572 काश्तकारों को कृषि आदान अनुदान भुगतान शेष है। उन्होंने बताया कि इसमें 982 काश्तकारों को कृषि आदान अनुदान भुगतान के लिए 53.08 लाख रूपये की प्रशासनिक स्वीकृति जारी की जा चुकी है। इसमें भुगतान की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है।

# खाटूश्याम जी मेले के दौरान रेलवे की तैयारियों को लेकर उत्तर पश्चिम रेलवे मुख्यालय पर बैठक

### उत्तर पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधकमहाप्रबंधक अमिताभ ने यात्री सुविधाओं, स्पेशल ट्रेनों सहित विभिन्न विषयों पर की चर्चा

जयपुर टाइम्स

**जयपुर** प्रदेश के खाटू श्याम जी के मेले में पिछले कई सालों से लाखों की संख्या में श्रद्धालु यहां पर दर्शन करने के लिए आते हैं हर साल यहां पर श्रद्धालुओं की संख्या में जबरदस्त बढ़ोतरी हो रही है इस मंदिर के प्रति देश के कोने-कोने में मौजूद लोगों की गहरी आस्था है इसके अलावा विदेशों से भी बड़ी संख्या में लोग यहां दर्शन करने के लिए हर साल आते हैं इस बार खाटूश्याम जी में आयोजित होने वाले वार्षिक मेले के दौरान



रेलवे द्वारा श्रद्धालुओं को सुविधाएं प्रदान करने तथा संरक्षित एवं सुव्यवस्थित रेल संचालन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उत्तर पश्चिम रेलवे मुख्यालय पर महाप्रबंधक अमिताभ की अध्यक्षता में सोमवार को उच्च स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मेले के दौरान संभावित यात्री भार, स्पेशल ट्रेनों का संचालन, यात्री सुविधाओं के विस्तार, सुरक्षा प्रबंध तथा स्वच्छता पर विस्तृत चर्चा की गई। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी अमित सुदर्शन के अनुसार बैठक में महाप्रबंधक अमिताभ ने बताया कि रींगस उत्तर पश्चिम रेलवे का एक महत्वपूर्ण रेलवे स्टेशन है तथा यह स्टेशन राजस्व में उत्तर पश्चिम रेलवे का चौथा स्थान है तथा जयपुर मण्डल में यह दूसरा स्थान रखता है। खाटूश्याम जी मेला प्रदेश का एक प्रमुख धार्मिक आयोजन है, जिसमें देशभर से लाखों श्रद्धालु पहुंचते हैं। अमिताभ ने विभागाध्यक्षों और मण्डल रेल प्रबंधक-जयपुर को दिशानिर्देश प्रदान करते हुए कहा कि मेले में श्रद्धालुओं को संरक्षित, सुगम और आरामदायक यात्रा अनुभव प्रदान करना रेलवे की सर्वोच्च प्राथमिकता रहनी चाहिए। बैठक में मेले के दौरान सभी विभाग आपसी समन्वय कर समयबद्ध कार्ययोजना तैयार कर उसका प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने पर व्यापक चर्चा की गई। बैठक में मेले के दौरान अतिरिक्त यात्री भार को देखते हुए स्पेशल ट्रेनों के संचालन की रूपरेखा प्रस्तुत की गई। अतिरिक्त यात्री भार के आकलन के आधार पर प्रमुख स्थानों से रींगस की ओर स्पेशल रेलसेवाएं चलाने, नियमित ट्रेनों में अतिरिक्त कोच लगाने तथा अनारक्षित कोचों की संख्या बढ़ाने पर विचार किया गया। साथ ही ट्रेनों के समयबद्ध संचालन एवं भीड़ नियंत्रण पर भी चर्चा की गई। अमिताभ ने रींगस स्टेशन पर यात्रियों को आसानी से टिकट उपलब्धता के लिए अतिरिक्त टिकट काउंटर, एटीवीएम मशीन लगाने तथा डिजिटल टिकट सुविधा को प्रोत्साहित करने के लिए जागरूकता अभियान संचालित करने के निर्देश प्रदान किए। स्टेशन पर आने वाले यात्रियों की सुविधा के लिए नियमित उद्घोषणा, पर्याप्त सुरक्षाकर्मी तथा हेल्पडेस्क बूथ लगाने पर चर्चा की गई। बैठक में रींगस स्टेशन पर सुरक्षा व्यवस्था के अंतर्गत रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) एवं जीआरपी के साथ समन्वय बढ़ाने पर विशेष बल दिया गया। स्टेशन पर सीसीटीवी निगरानी को सुदृढ करने तथा भीड़ नियंत्रण के लिए होल्डिंग एरिया सहित बैरिकेडिंग की व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए। रींगस स्टेशन पर स्वच्छता को लेकर भी विस्तृत चर्चा की गई। साथ ही संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि स्टेशन पर साफ-सफाई की विशेष व्यवस्था की जाए तथा पेयजल की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। महाप्रबंधक ने सभी विभागाध्यक्षों से कहा कि मेले की अवधि के दौरान नियमित मॉनिटरिंग करें तथा श्रद्धालुओं को बेहतर यात्री सुविधाएं प्रदान करने के लिए निर्देशित किया। इस विशेष बैठक में संबंधित विभागाध्यक्षों सहित जयपुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक, जैन तथा विभिन्न शाखाओं के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## गर्भावस्था में पोषणः माँ और शिशु की सेहत के लिए जरूरी है संतुलित आहार



लेखक :- डॉ. टेकचंद
वरिष्ठ चिकित्सक
स्त्री रोग विशेषज्ञ
जनाना अस्पताल,
अलवर

गर्भावस्था एक महिला के जीवन का सबसे महत्वपूर्ण और संवेदनशील चरण होता है। इस दौरान महिला जो कुछ भी खाती है, वह न केवल उसके अपने स्वास्थ्य को प्रभावित करता है, बल्कि गर्भ में पल रहे शिशु के विकास का मुख्य स्रोत भी होता है। विशेषज्ञों के अनुसार, एक स्वस्थ गर्भावस्था के लिए प्रतिदिन लगभग 300 अतिरिक्त कैलोरी की आवश्यकता होती है।

### इन 5 पोषक तत्वों पर दें विशेष ध्यान

स्वस्थ शिशु के विकास के लिए आहार में इन तत्वों का होना अनिवार्य है:

**फोलिक एसिडः** यह शुरुआती हफ्तों में शिशु के मस्तिष्क और रीढ़ की हड्डी के विकास (न्यूरल ट्यूब दोष रोकने) के लिए सबसे महत्वपूर्ण है। इसके लिए पालक, ब्रोकली और दालों का सेवन करें।

**आयरनः** हीमोग्लोबिन के उत्पादन के लिए आयरन जरूरी है, जो कोशिकाओं तक ऑक्सीजन पहुँचाता है। इसकी कमी से एनीमिया का खतरा बढ़ जाता है। हरी पत्तेदार सब्जियां, अनार और चुकंदर इसके अच्छे स्रोत हैं।

**कैल्शियमः** शिशु की हड्डियों और दांतों के विकास के लिए प्रतिदिन 1,000 मिलीग्राम कैल्शियम की आवश्यकता होती है। दूध, दही, पनीर और रागी को डाइट में शामिल करें।

**प्रोटीनः** बच्चे की कोशिकाओं और ऊतकों (tissues) के निर्माण के लिए प्रोटीन आवश्यक है। दालें, सोयाबीन, अंडे और पनीर प्रोटीन के बेहतरीन स्रोत हैं।

**ओमेगा-3 फैटी एसिडः** यह शिशु की आँखों और दिमाग के विकास के लिए जरूरी है। इसके लिए अखरोट, अलसी के बीज और चिया सीड्स का सेवन किया जा सकता है।

### क्या खाएं और क्या न खाएं?

गर्भवती महिलाओं को दिन भर में 5-6 बार छोटे और संतुलित भोजन लेने चाहिए:

**जरूर शामिल करेंः** ताजे मौसमी फल, साबुत अनाज (दलिया, ओट्स), अंकुरित अनाज और पर्याप्त पानी (दिन में 8-10 गिलास)।

**इनसे बचेंः** कच्चा या अधपका मांस, बिना पाश्चुरीकृत दूध (raw milk), पपीता, अनानास, अत्यधिक कैफीन (चाय/कॉफी) और शराब से पूरी तरह परहेज करें।

### विशेषज्ञ की सलाह

भोजन के साथ-साथ डॉक्टर द्वारा बताए गए सप्लीमेंट्स (जैसे आयरन और कैल्शियम की गोलियां) समय पर लें। किसी भी आहार परिवर्तन से पहले अपने स्त्री रोग विशेषज्ञ (Gynecologist) से परामर्श अवश्य करें।

# व्यापार समझौतों से आगे की चुनौतियां

*खाड़ी सहयोग परिषद के साथ व्यापार समझौते से जुड़ी वार्ताएं चल रही हैं। इन सबके पूरा होने पर दुनिया की 60 प्रतिशत से अधिक जीडीपी के बाजार भारत के लिए खुल जाएंगे। अर्थव्यवस्था को 40 वर्षों तक संरक्षणवाद की दीवारों में कैद कर दिवालिया कर लेने वाले देश के लिए यह परिवर्तन कायाकल्प से कम नहीं है। यह भी सच है कि व्यापार समझौते और बड़ी-बड़ी मंडियों में प्रवेश पाने भर से भी कोई देश व्यापारिक और आर्थिक महाशक्ति नहीं बन सकता। उसके लिए आकर्षक दरों पर अच्छी गुणवत्ता वाला माल बनाना और बेचना पड़ता है। लाइसेंस राज और बाबूशाही के शिकंजे खोलकर उद्योग लगाना सुगम बनाना पड़ता है। सरकारी और निजी क्षेत्रों में शोध, विकास और नवाचार बढ़ाने के साथ-साथ उन क्षेत्रों को बढ़ावा देना होता है, जिनमें देश दूसरों से आगे हो। पूंजी को सुलभ बनाना और बुनियादी सुविधाओं को सुधारना होता है। इन्हीं उपायों से चीन ने ट्रंप की टैरिफ जंग में भी अपना व्यापार बढ़ाकर भारत की जीडीपी से डेढ़ गुना कर लिया है। आज विश्व व्यापार में भारत की हिस्सेदारी मात्र 3.5 प्रतिशत है जबकि चीन की लगभग 14 प्रतिशत। अपने स्वर्णिम युग के दिनों में विश्व व्यापार में भारत की हिस्सेदारी 30 प्रतिशत के आसपास थी। बीते दिनों ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीएर स्टार्मर की चीन यात्रा के दौरान एक ब्रिटिश साइकिल निर्माता से पूछा गया कि चीन*




दुनिया में कोई ऐसा देश नहीं है जो व्यापार के बिना केवल आत्मनिर्भरता के बल पर आर्थिक महाशक्ति बना हो। आर्थिक इतिहासकार एंगस मैडिसन के अनुसार भारत भी व्यापार के बल पर आर्थिक महाशक्ति बना था। उसकी अर्थव्यवस्था विश्व की अर्थव्यवस्था के एक चौथाई से अधिक हो गई थी जिसके बल पर वह सोने की चिड़िया कहलाता था। आधुनिक युग में ब्रिटेन से लेकर अमेरिका तक हर देश व्यापार के बल पर ही आर्थिक महाशक्ति बना है और अब चीन भी उसी राह पर है।

उसने अमेरिका और यूरोप की मंडियों में धाक जमाने के बाद संरक्षणवाद की दीवारें खड़ी होने से पहले ही व्यापार समझौतों के द्वारा अपने माल के लिए नई मंडियां खोलना शुरू कर दिया था। चार साल पहले हुआ आरसीईपी या व्यापक क्षेत्रीय आर्थिक साझेदारी समझौता उसकी ही एक कड़ी थी, जिसमें चीन और जापान से लेकर न्यूजीलैंड तक फैले 15 देश शामिल थे।

मुक्त व्यापार समझौते आपसी व्यापार को बढ़ाने और आर्थिक महाशक्ति बनने की राह खोलते हैं। भारत ने भी यूरोप के साथ समझौता करके और अमेरिका के साथ उसकी रूपरेखा तय करके ऐसी ही राह खोली है। अमेरिका और यूरोप से पहले वह आसियान, जापान, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण कोरिया, सिंगापुर, ओमान, मॉरीशस और यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ के चार सदस्य देशों से व्यापार समझौते कर चुका है।

खाड़ी सहयोग परिषद के साथ व्यापार समझौते से जुड़ी वार्ताएं चल रही हैं। इन सबके पूरा होने पर दुनिया की 60 प्रतिशत से अधिक जीडीपी के बाजार भारत के लिए खुल जाएंगे। अर्थव्यवस्था को 40 वर्षों तक संरक्षणवाद की दीवारों में कैद कर दिवालिया कर लेने वाले देश के लिए यह परिवर्तन कायाकल्प से कम नहीं है।

यह भी सच है कि व्यापार समझौते और बड़ी-बड़ी मंडियों में प्रवेश पाने भर से भी कोई देश व्यापारिक और आर्थिक महाशक्ति नहीं बन सकता। उसके लिए आकर्षक दरों पर अच्छी गुणवत्ता वाला माल बनाना और बेचना पड़ता है। लाइसेंस राज और बाबूशाही के शिकंजे खोलकर उद्योग लगाना सुगम बनाना पड़ता है। सरकारी और निजी क्षेत्रों में शोध, विकास और नवाचार बढ़ाने के साथ-साथ उन क्षेत्रों को बढ़ावा देना होता है, जिनमें देश दूसरों से आगे हो।

पूंजी को सुलभ बनाना और बुनियादी सुविधाओं को सुधारना होता है। इन्हीं उपायों से चीन ने ट्रंप की टैरिफ जंग में भी अपना व्यापार बढ़ाकर भारत की जीडीपी से डेढ़ गुना कर लिया है। आज विश्व व्यापार में भारत की हिस्सेदारी मात्र 3.5 प्रतिशत है जबकि चीन की लगभग 14 प्रतिशत। अपने स्वर्णिम युग के दिनों में विश्व व्यापार में भारत की हिस्सेदारी 30 प्रतिशत के आसपास थी।

बीते दिनों ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीएर स्टार्मर की चीन यात्रा के दौरान एक ब्रिटिश साइकिल निर्माता से पूछा गया कि चीन और अमेरिका में कहां कारोबार करना अधिक सुगम है? उसने तपाक से जवाब दिया चीन में, जहां कुछ ही हफ्तों के भीतर कारोबार संभव है और व्यापार नीति को लेकर भी निश्चिंतता रहती है। भारत को भी बड़े पैमाने पर विदेशी पूंजी आकर्षित करने के लिए कारोबारियों में इसी तरह का भरोसा पैदा करना होगा।

केंद्र के साथ राज्यों की सक्रिय और सकारात्मक भागीदारी के बिना यह संभव नहीं होगा, क्योंकि उद्योगों को पूंजी के अलावा जमीन, कर्मचारी, बिजली और बुनियादी ढांचे की जरूरत होती है, जो राज्यों के अधिकार क्षेत्र में आते हैं जो निवेश आकर्षित करने लिए एक-दूसरे से होड़ करने के बजाय दिक्कतें खड़ी करने में लगे रहते हैं। अन्यथा क्या कारण है कि तमिलनाडु का शहर तिरुपुर परिधान उद्योग का नया मैनचेस्टर बन सकता है, मगर कोलकाता और कानपुर वस्त्र उद्योग में अपने खोई चमक को फिर से हासिल नहीं कर पाते? बंगाल की आबादी वियतनाम के बराबर है, मगर जीडीपी उससे आधी है। बिहार की आबादी वियतनाम से सवा गुनी है और जीडीपी एक चौथाई है। विकास की दौड़ में यदि आप 20 साल लंबी लड़ाई से तबाह हुए देश की बराबरी भी नहीं कर सकते तो फिर क्या करेंगे?

व्यापार समझौते कर भारत ने अमेरिका, यूरोप, जापान और रूस जैसी विश्व की अमीर मंडियों के द्वार तो खुलवा लिए हैं, परंतु इनमें अपने माल की मांग बढ़ाने के लिए उसकी गुणवत्ता में निरंतर परिष्कार करना और उसे आकर्षक दामों पर बेचना होगा। उत्पादन का पैमाना बढ़ाए और शोध एवं विकास में निवेश किए बिना यह संभव नहीं हो सकेगा। चीन और वियतनाम शोध एवं विकास पर अपने बजट का 2.5 प्रतिशत से ऊपर खर्च करते हैं, जबकि भारत मात्र 0.65 प्रतिशत। ट्रंप की टैरिफ जंग से उठी संरक्षणवाद की लहर में रक्षा क्षेत्र की आत्मनिर्भरता सबसे अहम हो गई है, जो शोध एवं विकास में भारी निवेश के बिना संभव नहीं।

आर्थिक महाशक्ति बनने के लिए अब व्यापार बढ़ाने से ही काम नहीं चलेगा। भारत को एआई और क्वांटम कंप्यूटिंग जैसी उभरती तकनीकों और इनके लिए आवश्यक ऊर्जा की तकनीक में भी आगे रहना होगा। पिछले कुछ महीनों में अमेरिका की बड़ी टेक कंपनियों ने भारत में एआई डाटा केंद्र बनाने के लिए लगभग 8,000 करोड़ डॉलर के निवेश का वादा किया है। इनमें एमेजोन, माइक्रोसॉफ्ट, गूगल और इंटेल जैसे नाम शामिल हैं। पिछले कुछ वर्षों से लगातार घटते विदेशी निवेश से जूझती भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए यकीनन यह बहुत अच्छी खबर है।

## सम्पादकीय

## जजों के खिलाफ 10 साल में 8,600 से अधिक शिकायतें



न्यायपालिका लोकतंत्र का अत्यंत महत्त्वपूर्ण स्तंभ होता है, जो कानून के शासन को बनाए रखने और संविधान की मौलिकता के संरक्षण में अहम भूमिका निभाता है। भारत में न्यायपालिका को न्याय का मंदिर कहा जाता है, जहां विवादों का निस्तारण कर नागरिक अधिकारों की रक्षा की जाती है। किसी भी तरह की परेशानी या जटिल परिस्थिति में नागरिकों के लिए न्यायपालिका अंतिम आस होती है। ऐसे में अगर न्यायिक अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर ही सवाल उठने लगे, तो उस भरोसे का क्या होगा, जो न्याय की उम्मीद पर टिका होता है। यह चिंता सरकार के उन आंकड़ों से उपजी है, जिनमें कहा गया है कि देश के प्रधान न्यायाधीश के कार्यालय को वर्ष 2016 से अब तक मौजूदा न्यायाधीशों के खिलाफ 8,600 से अधिक शिकायतें मिली हैं। सरकार की ओर से शुक्रवार को लोकसभा में यह जानकारी दी गई, जिसके मुताबिक वर्ष 2024 में सबसे अधिक शिकायतें दर्ज की गईं। यानी समय के साथ शिकायतों का यह सिलसिला बढ़ रहा है। दरअसल, लोकतंत्र में न्यायपालिका से उम्मीद की जाती है कि वह निष्पक्षता, पारदर्शिता, ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा के साथ काम करेगी। नागरिक अधिकारों की रक्षा करना न्यायपालिका की सर्वोच्च प्राथमिकता होती है, इसलिए वह जनता के लिए साहस और आत्मविश्वास का स्रोत भी होती है। लोकतांत्रिक व्यवस्था में शक्ति संतुलन बनाए रखने में भी इसकी भूमिका अहम है। आम आदमी की न्याय तक पहुंच सुनिश्चित करने के लिए न्यायिक प्रणाली की शुचिता को बनाए रखना बेहद जरूरी है और यह तभी संभव हो पाता है, जब न्यायिक अधिकारियों का आचरण पूरी तरह पाक-साफ हो। इसमें दोराय नहीं कि विधायिका और कार्यपालिका की तुलना में आम नागरिक न्यायपालिका पर अधिक निर्भर रहते हैं, क्योंकि उन्हें न्याय प्रणाली पर पूरा भरोसा होता है। न्यायिक प्रक्रिया भी तभी निष्पक्ष और निर्भीक हो सकती है, जब वह किसी भी तरह के अनुचित हस्तक्षेप से पूरी तरह मुक्त हो। नियमानुसार उच्च न्यायालयों के न्यायाधीशों के खिलाफ शिकायतों का निपटारा न्यायपालिका द्वारा 'आंतरिक तंत्र' के माध्यम से किया जाता है। वर्ष 1997 में सुप्रीम कोर्ट की ओर से दो प्रस्ताव पारित किए गए थे, जिनके तहत शीर्ष अदालत और उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों के अनुपालन के लिए कुछ मानक और सिद्धांत निर्धारित किए गए थे। इनका पालन न होने पर आंतरिक प्रक्रिया के तहत संबंधित न्यायिक अधिकारियों पर कार्रवाई की जाती है। मगर, न्यायाधीशों के खिलाफ शिकायतें बढ़ने का क्रम यह दर्शाता है कि आंतरिक जांच प्रक्रिया या तो धीमी है या फिर उसमें कोई बाधा उत्पन्न हो रही है। न्यायपालिका में भी भ्रष्टाचार के मामले यदाकदा सामने आते रहते हैं, लेकिन उनकी जांच प्रक्रिया में पारदर्शिता और समय सीमा का अभाव नजर आता है। पिछले वर्ष मार्च में सामने आए एक न्यायाधीश के दिल्ली स्थित आवास पर जले हुए नोटों की गड्डी मिलने के मामले में अब तक कोई खास प्रगति न होने पर भी सवाल उठ रहे हैं। माना जा रहा है कि अगर यह मामला किसी प्रशासनिक अधिकारी या आम नागरिक से जुड़ा होता, तो जांच प्रक्रिया अब तक काफी आगे पहुंच गई होती। इस स्थिति के पीछे उच्च न्यायपालिका के न्यायाधीशों के मामलों में जांच और कार्रवाई की प्रक्रिया का जटिल ढांचा भी एक बड़ा कारण है, जिसे सरल एवं स्पष्ट बनाए जाने की जरूरत है, ताकि न्यायिक प्रक्रिया में नागरिकों का भरोसा कायम रहे।

# विकसित भारत का आधार बनें एमएसएमई

*ऐसे में एमएसएमई की भूमिका प्रभावी आपूर्ति-शृंखला, स्थानीय मूल्य संवर्धन और समावेशी क्षेत्रीय विकास को बढ़ावा देने में अत्यंत महत्वपूर्ण है। गौरतलब है कि 2024 में 'उद्यमी भारत-एमएसएमई दिवस' के अवसर पर यशस्विनी अभियान का शुभारंभ किया गया, जिसका उद्देश्य 2029 तक लैंगिक समानता को बढ़ावा देना और महिला स्वामित्व वाले एमएसएमई की सार्वजनिक खरीद में न्यूनतम तीन प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करना है। गत वर्ष मिजोरम में संचालित अभियान से लगभग 8,400 महिला स्वामित्व वाले एमएसएमई का पंजीकरण संभव हुआ। इसके तहत अब तक 12.5 लाख से अधिक महिला स्वामित्व वाले एमएसएमई के पंजीकरण को सुगम बनाया गया है। संयुक्त राष्ट्र औद्योगिक विकास संगठन (यूएनआईडीओ) द्वारा प्रकाशित 'औद्योगिक विकास रिपोर्ट 2024' में भारत का*

भारतीय रिजर्व बैंक यानी आरबीआई ने बीते दिनों बैंकों के लिए माइक्रो एंड स्मॉल एंटरप्राइजेज (एमएसई) को गिरवी मुक्त या बिना किसी गारंटी के ऋण देने की सीमा को 10 लाख से बढ़ाकर 20 लाख रुपये कर दिया। इस वर्ष अप्रैल के बाद से सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) को दिए जाने वाले ऋण पर रिजर्व बैंक का यह फैसला प्रभावी होगा। 'क्रेडिट गारंटी फंड ट्रस्ट फॉर माइक्रो एंड स्मॉल एंटरप्राइजेज' ऋण लेने वाले उद्यमियों की गारंटी लेगा। निश्चित रूप से आरबीआई की यह है पहल एमएसएमई को बढ़ावा देने के लिए एक कारगर पहल सिद्ध होगी। ध्यातव्य रहे कि इस बार के बजट में वित्त मंत्री ने एमएसएमई की क्रेडिट सुविधा बढ़ाने और उनके लिए अलग से 10,000 करोड़ रुपये का फंड बनाने की घोषणा की है। आर्थिक समीक्षा 2025-26 बताती है कि एमएसएमई भारत की औद्योगिक अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करते हैं। यह क्षेत्र देश के कुल विनिर्माण उत्पादन का लगभग 35.4 प्रतिशत, कुल निर्यात का लगभग 48.58 प्रतिशत और सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का लगभग 31.1 प्रतिशत योगदान करता है। देश में 7.47 करोड़ से अधिक उद्यम, जो लगभग 32.82 करोड़ लोगों को रोजगार प्रदान करते हैं, इस क्षेत्र को कृषि के बाद दूसरा सबसे बड़ा रोजगारप्रदाता बनाते हैं। वैश्विक स्तर पर भी लगभग 90 प्रतिशत व्यवसाय एमएसएमई स्वरूप में ही हैं और कुल वैश्विक रोजगार का 50 प्रतिशत से अधिक हिस्सा प्रदान करते हैं। भारत का विनिर्माण क्षेत्र वैश्विक एकीकरण की दिशा में अग्रसर है, ऐसे में एमएसएमई की भूमिका प्रभावी आपूर्ति-शृंखला, स्थानीय मूल्य संवर्धन और समावेशी क्षेत्रीय विकास को बढ़ावा देने में अत्यंत महत्वपूर्ण है। गौरतलब है कि 2024 में 'उद्यमी भारत-एमएसएमई दिवस' के अवसर पर यशस्विनी अभियान का शुभारंभ किया गया, जिसका उद्देश्य 2029 तक लैंगिक समानता को बढ़ावा देना और महिला स्वामित्व वाले



एमएसएमई की सार्वजनिक खरीद में न्यूनतम तीन प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करना है। गत वर्ष मिजोरम में संचालित अभियान से लगभग 8,400 महिला स्वामित्व वाले एमएसएमई का पंजीकरण संभव हुआ। इसके तहत अब तक 12.5 लाख से अधिक महिला स्वामित्व वाले एमएसएमई के पंजीकरण को सुगम बनाया गया है। संयुक्त राष्ट्र औद्योगिक विकास संगठन (यूएनआईडीओ) द्वारा प्रकाशित 'औद्योगिक विकास रिपोर्ट 2024' में भारत का उल्लेख उभरती औद्योगिक अर्थव्यवस्थाओं के संदर्भ में किया गया है। रिपोर्ट के अनुसार भारत जैसे देशों में विनिर्माण क्षेत्र का विस्तार तेजी से हो रहा है और औद्योगिक विविधीकरण बढ़ रहा है। इसमें यह भी कहा गया है कि भारत वैश्विक मूल्य शृंखलाओं में अपनी भागीदारी मजबूत करने की क्षमता रखता है। हालांकि एमएसएमई क्षेत्र ने उल्लेखनीय प्रगति की है, फिर भी कुछ संरचनात्मक चुनौतियां अब भी मौजूद हैं। भुगतान में देरी की समस्या, तकनीकी आधुनिकीकरण की कमी, सीमित वैश्विक ब्रांड पहचान जैसे मुद्दे इस क्षेत्र की गति को प्रभावित करते हैं। पंजीकरण की संख्या निशित रूप से एक सशक्त तस्वीर पेश करती है, परंतु उसके साथ आवश्यकता प्रति उद्यम उत्पादकता, गुणवत्ता मानकों और वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता को सुदृढ़ करने की है। यदि इन चुनौतियों का समाधान समयबद्ध एवं प्रभावी नीति के जरिये किया जाए तो एमएसएमई देश की आर्थिक छलांग का बड़ा आधार बन सकते हैं। दक्षिण कोरिया और जापान की अर्थव्यवस्था की सुदृढ़ता में लघु एवं मध्यम उद्योगों की भूमिका स्पष्ट दृष्टिगोचर होती है।

# भविष्य पर केंद्रित एक व्यापक सम्मेलन

नई दिल्ली में शुरू हो रहे एआई इंपैक्ट शिखर सम्मेलन की महत्ता केवल इसलिए नहीं है कि यह एक पांच दिवसीय वैश्विक आयोजन है। इसका महत्व इसलिए भी है, क्योंकि इसमें 15 से अधिक देशों के शासनाध्यक्षों के साथ 50 से ज्यादा देशों के प्रतिनिधिमंडल हिस्सा ले रहे हैं। विश्व भर के एआई विशेषज्ञ एवं उद्योग जगत के प्रतिनिधियों की हिस्सेदारी इस सम्मेलन के आकर्षण को और बढ़ा रही है। इस आयोजन के प्रति दिलचस्पी को इससे समझा जा सकता है कि दो लाख से अधिक पंजीकरण हो चुके हैं। एक तरह से यह सम्मेलन जी 20 शिखर सम्मेलन से भी अधिक प्रभावशाली एवं विश्व का ध्यान अपनी ओर खींचने वाला हो सकता है। चूंकि




यह भविष्य पर केंद्रित एक व्यापक सम्मेलन है, इसलिए यह आशा की जाती है कि इसके जरिये एआई को एक जिम्मेदार, टिकाऊ और समावेशी तकनीक के रूप में विकसित एवं विस्तारित करने पर सहमति बनेगी। ऐसा होना भी चाहिए, क्योंकि विश्व भर में एआई का प्रभाव और उसका बाजार तेजी से बढ़ रहा है। जीवन के हर क्षेत्र में एआई का प्रभाव बढ़ता हुआ दिख रहा है। यह सर्वथा उचित है कि इस सम्मेलन में एआई की चुनौतियों से निपटने पर भी विचार-विमर्श होगा, लेकिन बात तब बनेगी जब उससे निपटने के किसी प्रभावी तंत्र पर सहमति भी बनेगी। यह सहमति इसलिए आवश्यक है, क्योंकि फिलहाल एआई पर चंद बड़े राष्ट्रों का ही वर्चस्व कायम है। यदि इस तकनीक का प्रसार अविकसित एवं निर्धन देशों तक नहीं पहुंचता तो इससे दुनिया में विषमता और अधिक बढ़ेगी ही। एआई का उपयोग समावेशी, नैतिक एवं लोकतांत्रिक तरीके से हो, इसके लिए मेजबान भारत के साथ-साथ सभी देशों को प्रयत्न करने होंगे। तकनीक के संदर्भ में इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि प्रत्येक तकनीकी विकास अपने साथ कुछ विसंगतियां एवं खतरे भी लाता है। एआई के साथ तो ऐसा कुछ अधिक ही है। इसके दुरुपयोग के मामले बढ़ते चले जा रहे हैं। नि:संदेह एआई विभिन्न क्षेत्रों में उपयोगी साबित हो रही है, लेकिन उसका दुरुपयोग जिस तरह बढ़ रहा है, उससे उपयोगकर्ताओं के बीच उसके प्रति विश्वसनीयता और भरोसे का संकट पैदा हो रहा है। यह आवश्यक ही नहीं अनिवार्य है कि एआई का दुरुपयोग रोकने की जिम्मेदारी संबंधित कंपनियों पर डाली जाए और इसके लिए उन्हें जवाबदेह भी बनाया जाए।

## कलेक्टर डॉ. सोनी की पहल लाई रंग: आज सिरसी रोड पर जॉब कैम्प, 700 से अधिक पदों पर होगा चयन

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास)।** युवाओं को रोजगार के अधिक अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी की पहल पर 17 फरवरी को सिरसी रोड स्थित भूषण औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान परिसर में एक दिवसीय कैम्पस प्लेसमेंट शिविर का आयोजन किया जाएगा। डॉ. सोनी के निर्देशन में उप प्रादेशिक रोजगार कार्यालय, जयपुर की ओर से आयोजित इस शिविर में निजी क्षेत्र के विभिन्न संस्थान भाग लेकर रोजगार, स्वरोजगार, प्रशिक्षण एवं कैरियर मार्गदर्शन से संबंधित अवसर प्रदान करेंगे। विभाग की उपनिदेशक नवरेखा ने बताया कि निर्माण, रिटेल, स्टाफिंग, मार्केटिंग एवं कॉल सेंटर सहित विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े 20 निजी नियोजक लगभग 700 रिक्तियों के साथ शिविर में भाग लेंगे और योग्य अभ्यर्थियों का मौके पर ही चयन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि दसवीं, बारहवीं, स्नातक, स्नातकोत्तर, डिप्लोमा एवं आईटीआई सहित विभिन्न योग्यताओं वाले अभ्यर्थियों के लिए रोजगार के अवसर उपलब्ध रहेंगे। सभी पात्र अभ्यर्थियों से अपने शैक्षणिक प्रमाण-पत्रों के साथ शिविर में उपस्थित होकर अधिक से अधिक लाभ उठाने का आग्रह किया गया है।

## जिला स्तरीय जनसुनवाई कार्यक्रम स्थगित

### जिला जन अभियोग व सतर्कता समिति की बैठक भी स्थगित


जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास)।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशन में निर्वाचक नामावलियों के विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य प्रगति पर है। इस महत्वपूर्ण कार्य में प्रशासनिक अधिकारियों एवं कर्मचारियों की व्यापक स्तर पर तैनाती व निरंतर व्यस्तता को ध्यान में रखते हुए गुरुवार 19 फरवरी को आयोजित होने वाली जिला स्तरीय जनसुनवाई कार्यक्रम स्थगित किया गया है। साथ ही गुरुवार को प्रस्तावित जन अभियोग एवं सतर्कता समिति की बैठक को भी स्थगित कर दी गई है ताकि निर्वाचक नामावलियों के विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य निरंतर जारी रह सके।

## सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत

जयपुर टाइम्स

**चाकसू(निस)।** चाकसू के नेशनल हाईवे-52 स्थित टिगरिया कट के पास सोमवार दोपहर वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार एक जने की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। एम्बुलेंस से दूसरे घायल युवक को उपजिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार बताया जा रहा है कि दूदू क्षेत्र के गुढ़ा सायपुरा और बेगुन गांव निवासी बंशीलाल योगी व रामरतन बाइक से जा रहे थे। वही चाकसू टिगरिया कट के पास पहुंचने पर तेज रफ्तार से आ रहे वाहन ने बाइक को



अपनी चपेट में ले लिया और वाहन मौके से फरार हो गया। वही बताया कि सड़क हादसे में बंशीलाल की मौके पर मौत हो गई। जबकि रामरतन गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसका उपचार जारी है। चाकसू पुलिस ने शव को मोर्चरी में रखवाया है और मृतक के परिजनों को सूचना दी है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## निशुल्क स्वास्थ्य जांच व परामर्श शिविर, 150 लाभान्वित



जयपुर टाइम्स

**सांभरलेक(निस)।** करबे के समीपवर्ती ग्राम हचुकड़ा सोमवार को देसाई फाउंडेशन के सहयोग से ग्राम चेतना केन्द्र, खोड़ी मिलक, जयपुर की ओर से निशुल्क सामान्य स्वास्थ्य जांच व परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में आसपास के गांवों से लगभग 150 ग्रामीणों ने भाग लिया और स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। शिविर में चिकित्सकों व विशेषज्ञों की टीम की ओर से जांच व परामर्श दिया गया। डॉ. पिंटू दांतेल, डॉ. सौरभ बोथरा ने मरीजों को आवश्यक स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी। मरीजों को आवश्यकतानुसार निशुल्क दवाइयों का वितरण किया गया तथा जरूरतमंदों को चश्मे भी प्रदान किए गए। कार्यक्रम में ग्राम चेतना केन्द्र से प्रोग्राम मैनेजर देवुजा रंजन चौधरी, प्रोग्राम मैनेजर इकराम बिसायती एवं रवि तिवाड़ी उपस्थित रहे। इस अवसर पर ग्राम चेतना केन्द्र के सचिव ओम प्रकाश शर्मा ने देसाई फाउंडेशन के सहयोग से आयोजित शिविर के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए ग्रामीणों को नियमित स्वास्थ्य जांच के महत्व के बारे में जानकारी दी। ग्राम चेतना केन्द्र के एडमिन बंशी लाल मीणा ने अपने उद्बोधन में ऐसे स्वास्थ्य शिविरों को ग्रामीण क्षेत्रों के लिए अत्यंत उपयोगी बताया। शिविर में ग्राम चेतना केन्द्र से विमला खोखर, लल्लु कंवर, राजू सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित रहे।

## होली पर्व के मध्य नजर भावनगरटर्मिनस-बीकानेर-भावनगर टर्मिनस साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा का संचालन

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(निस.)** रेलवे द्वारा होली पर्व पर अतिरिक्त यात्री यातायात को ध्यान में रखते हुए यात्रियों की सुविधा हेतु भावनगर टर्मिनस-बीकानेर-भावनगर साप्ताहिक टर्मिनस स्पेशल रेलसेवा का संचालन किया जा रहा है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी अमित सुदर्शन के अनुसार गाडी संख्या 09271, भावनगर टर्मिनस-बीकानेर साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा दिनांक 22.02.26 से 29.3.26 तक (06 ट्रिप) भावनगर टर्मिनस से प्रत्येक रविवार को 4.25 बजे रवाना होकर सोमवार को 1.15 बजे बीकानेर पहुँचेगी। इसी प्रकार गाडी संख्या 09272, बीकानेर-भावनगर टर्मिनस साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा दिनांक 23.2.26 से 30.3.26 तक (06 ट्रिप) बीकानेर से प्रत्येक सोमवार को 9.00 बजे रवाना होकर मंगलवार को 4.35 बजे भावनगर टर्मिनस पहुँचेगी।

# गांव गली वार्ड चलो, मनरेगा बचाओ की कांग्रेस ने लगाई चौपाल

### लक्ष्मणगढ़ को बजट में मिला खाली हाथ

### मनरेगा मजदूरों ने चौपाल में बजाई थाली, जलाई बजट की प्रतिलिपियां




जयपुर टाइम्स

**लक्ष्मणगढ़(निस)।** कांग्रेस ने मनरेगा बचाने के लिए लक्ष्मणगढ़ ब्लॉक क्षेत्र में एक चौपाल का आयोजन किया गया। सोमवार को गांव बगड़ी में ग्रामीण मण्डल कांग्रेस ने ग्रामीणों और मनरेगा मजदूरों के साथ संवाद किया। चौपाल में उपस्थित ग्रामीणों ने मनरेगा के नए प्रावधानों पर गंभीर चिंता व्यक्त की। इस दौरान मनरेगा को बचाने के संघर्ष और मजदूरों एवं गरीबों की समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की तथा सबको एकजुट होकर आने वाले पंचायत व नगरपालिका के चुनावों में बीजेपी के खिलाफ़ वोटों से हराने का संघर्ष करके विकास विरोधियों को सबक सिखाने का आह्वान किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता लक्ष्मणगढ़ ग्रामीण मण्डल अध्यक्ष पवन कुमावत ने की। चौपाल कार्यक्रम का संचालन सरपंच सुरेश बगड़ी और हरफुल गोदारा ने किया तथा मुख्य वक्ताओं में सेवादल के पूर्व जिलाध्यक्ष नरेन्द्र बाटड़,ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राकेश सियाग, पीसीसी सचिव दिनेश कंस्वा, मण्डल अध्यक्ष पवन सैनी, चान्दखान, मोहम्मद दाऊद खां उपस्थिति रहे। चौपाल को सम्बोधित करते हुए सेवादल के पूर्व जिलाध्यक्ष नरेन्द्र बाटड़ ने कहा की प्रदेश और केन्द्र की धुएं से चलने वाली डबल इंजन बीजेपी सरकार गरीब विरोधी है और योजनाबद्ध तरीके से गरीबों के हक और अधिकारों पर डाका डाल रही है। एक और लगातार मंहगाई बढाई जा रही है जिससे गरीबों की कमर टुट जाये और मजदूर केवल 5 किलो अनाज फ्री को ही विकास कार्य समझ बैठे इसलिये बजट में गरीबों पर डाका डालकर उनका पैसा केवल हम दो हमारे दो उद्योग पतियों के लिए बन्दोबस्त करने का काम किया जा रहा है दूसरी ओर लक्ष्मणगढ़ में कांग्रेस सरकार की ओर से बजट पास किये गये कार्य नेछवा में उप जिला होस्पिटल भवन, लक्ष्मणगढ़ मिनी सचिवालय भवन, फूड प्रोडक्शन मंडी वेयरहाउस का इस बजट में एक धेला नहीं दिया साथ में पीएचडी,शिक्षा, सड़क, चिकित्सा सहित अन्य कार्यों के लिए भी बजट में लक्ष्मणगढ़ को बंजर कर दिया। बाटङ ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदी जनता समय रहते जागरूक नहीं हुई तो भाजपा अपने मंसूबों में सफल हो जाएगी इसलिए आने वाले पंचायत व नगरपालिका चुनावों में बीजेपी को हराकर उनकी पीपी बजाना बहुत जरुरी है।

ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राकेश सिहाग ने कहा कि बीजेपी का काम जात पांत धर्म के नाम पर आपस में लड़ाकर केवल वोट बटोरने का काम करती है वंही दुसरी ओर गरीब व मजलूम लोगों के नाम वोटर लिस्ट से काटकर उन्हें उनके लोकतांत्रिक अधिकारों से वंचित किया जा रहा है। वोट जनता की सबसे बड़ी ताकत है जिससे बीजेपी छीनने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपिल कि कि वे अपने मतदाता सुची में अवश्य जांचे और जिनका नाम छुट गया है वे तत्काल उसे दर्ज कराएं ताकी लोकतांत्रिक अधिकार सुरक्षित रह सकें।

पीसीसी अध्यक्ष दिनेश कंस्वा ने कहा कि कांग्रेस वह पार्टी है जिसने हमेशा गरीबों, किसानों और नौजवानों के हित में ऐतिहासिक जनकल्याणकारी योजनाएं लागु की है। उन्होंने कहा कि गरीब बच्चों को शिक्षा से वंचित न रहना पड़े, इसके लिए गांव गांव प्राथमिक और उच्च शिक्षा विधालय खोले गए और इलाज के अभाव में किसी की जान न जाए, इसके लिए सरकारी अस्पतालों की स्थापना की गई। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार के पास गरीबों के लिए कोई ठोस और स्थायी जनकल्याणकारी नीति नहीं है। कांग्रेस कार्यकर्ता एक जूट होकर कंधा से कंधा मिलाकर संघर्ष करें, तो वह दिन दूर नहीं जब भाजपा सता से दुर होगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से संगठन को मजबूत करने और जन जन तक कांग्रेस की नीतियों को पहुचाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के बाद मनरेगा बचाओ संग्राम की बगड़ी गांव में सरपंच प्रतिनिधि सूरेश बगड़ी और महेंद्र थालोड़ की अगुआई में प्रभात फेरी निकाली जो चौपाल से शूर होकर विभिन्न गलियों से होकर जंहा मनरेगा का कार्य अधूरा पड़ा है, वहा प्रभात फेरी का सम्मापन किया गया। इस दौरान मनरेगा मजदूरों ने बीजेपी सरकार के खिलाफ जमकर नारे लगाकर गुस्सा जाहिर किया। इस मौके पर सरपंच बनवारी लाल ढाका, सरपंच विधाधर सिंह, पार्षद संजीव भानुका, सरपंच प्रतिनिधि मूकेश मानासी, हरीश शर्मा, पीएल नेहरा, कुरडाराम खीचड़ डागरा, शायर सिंह शेखावत, आकाश कुमावत, महेश सनवाली, सुरेश गुर्जर, राहुल कुमावत, नरेन्द्र नायक, राजकुमार शर्मा, श्रीराम ढाका भुमा, पंकज कस्वां, संजय बनाई, नाथाराम खीचड़ डागरा, विरेंद्र बगड़ी, परमेश्वर राजपुरा, हरिराम थालोड़, मनोज स्वामी, समीर खान, सूरेन्द्र थालोड़, आदिल खान, रिछपाल थालोड़, विकास शिवरान, बनवारी लाल दहिया, देवाराम कुल्हरी, सांवरमल ढाका, धर्मपाल नेहरा, छोटेलाल तंवर, राजा हरिराम बगड़ी, रामचन्द्र बगड़ी, हरलाल बगड़ी, रामकरण बगड़ी, सांवरमल खीचड़, धर्मपाल, कमलेश बगड़ी, पप्पू बगड़ी अब्दुल करीम खिलजी सहित सैकड़ो कार्यकर्ता लोग उपस्थित रहे।

## 51 फीट ऊंचा 'बर्ड टावर': सीतारामपुरा के भोमियाजी मंदिर में परिंदों को मिला सात मंजिला आशियाना

### 730 घोंसलों की अनूठी पहल



जयपुर टाइम्स

**सांगानेर(निस)।** तेजी से बदलते पर्यावरणीय परिदृश्य और घटते प्राकृतिक आवास के बीच छोटे पक्षियों के संरक्षण की दिशा में पंचायत समिति सांगानेर क्षेत्र के ग्राम सीतारामपुरा में एक सराहनीय पहल सामने आई है। टोल रिंग रोड स्थित भोमियाजी मंदिर परिसर में समाजसेवी व पक्षी प्रेमी देवराज सिंह चंद्रावत की ओर से परिंदों के लिए 51 फीट ऊंचा सात मंजिला आधुनिक पक्षीघर (बर्ड टावर) तैयार करवाया गया है, जिसमें विभिन्न प्रजातियों के पक्षियों के लिए 730 सुरक्षित घोंसलों की व्यवस्था की गई है। करीब 4 लाख 80 हजार रुपए की लागत से निर्मित इस विशाल पक्षीघर का निर्माण गुजरात से बुलाए गए 15 कारीगरों ने लगभग एक माह में पूरा किया। विशेषज्ञों के अनुसार बहुमंजिला एवं ऊंची संरचना पक्षियों को गर्मी, सर्दी और बारिश जैसे विपरीत मौसमों में बेहतर सुरक्षा प्रदान करती है। वर्तमान में प्रतिदिन करीब 700 पक्षी इस टावर में आश्रय ले रहे हैं। पक्षियों के भोजन और पेयजल की समुचित व्यवस्था के तहत यहां प्रतिदिन दो समय लगभग 70 किलो अनाज डाला जा रहा है, वहीं समीप ही 10 पानी की खेलियां भी बनाई गई हैं, जिससे पक्षियों को सुरक्षित वातावरण मिल सके। देवराज सिंह पिछले 15 वर्षों से पक्षी सेवा से जुड़े हुए हैं। उनका कहना है कि शहरीकरण और पेड़ों की कमी के कारण गौरैया सहित छोटे पक्षियों की संख्या लगातार घट रही है। ऐसे में यदि प्रत्येक गांव में इस प्रकार के पक्षीघर बनाए जाएं तो हजारों पक्षियों को नया जीवन मिल सकता है। इस पहल में माधोराजपुरा खेड़ा बालाजी मंदिर व लाखणा के जिंदबाबा स्थान से भी सहयोग मिल रहा है। ग्रामीणों ने इसे सामाजिक जिम्मेदारी का उत्कृष्ट उदाहरण बताते हुए कहा कि धार्मिक स्थलों के माध्यम से पक्षियों के संरक्षण की यह मुहिम पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

## लखी मेले से पहले श्याम श्रद्धालुओं की सुविधा को लेकर प्रशासन को सौंपा ज्ञापन

जयपुर टाइम्स



**चौमूं(निस)।** आगामी 21 से 28 फरवरी तक आयोजित होने वाले खाटू श्यामजी के पावन लखी मेले को लेकर नगर परिषद चौमूं के पूर्व पार्षद राजेश कुमार वर्मा के नेतृत्व में सोमवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जयपुर रोड स्थित उपखंड कार्यालय पहुंचकर उपखंड अधिकारी दिलीप सिंह को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से वर्मा ने चौमूं उपखंड क्षेत्र से होकर खाटू धाम की ओर पैदल प्रस्थान करने वाले लाखों श्याम श्रद्धालुओं की यात्रा को सुव्यवस्थित, सुरक्षित व श्रद्धामय बनाने की आवश्यकता से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि मेले के दौरान जयपुर, चंदवाजी, रेनवाल रोड, बिहारीपुरा व सामोद रोड सहित विभिन्न मार्गों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु चौमूं क्षेत्र से होकर गुजरते हैं। ऐसे में शहर की स्वच्छता व्यवस्था, पेयजल उपलब्धता, चल शौचालय, पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था, चिकित्सा सहायता, सुचारु यातायात संचालन तथा मार्गों पर अतिक्रमण के प्रभावी व्यवस्थापन जैसे विषय श्रद्धालुओं की सुविधा से सीधे जुड़े हुए हैं, जिन पर समय रहते समन्वित रूप से कार्य किया जाना आवश्यक है। वर्मा ने कहा कि श्याम भक्तों की सेवा ही सच्ची आस्था का स्वरूप है और चौमूं से गुजरने वाले प्रत्येक श्रद्धालु को स्वच्छ, सुरक्षित एवं सम्मानपूर्ण वातावरण प्रदान करना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। मेले से पूर्व आवश्यक व्यवस्थाओं को प्राथमिकता से सुनिश्चित करने का आग्रह किया गया, ताकि श्रद्धालुओं को सुगम एवं सुरक्षित यात्रा का अनुभव प्राप्त हो सके। इस दौरान छीतरमल बबेरवाल व नगर कांग्रेस कमेटी के पूर्व उपाध्यक्ष भानु प्रसाद सैनी भी उपस्थित रहे।

## खाटू श्याम पदयात्रियों की सुविधा को लेकर कलेक्टर के नाम सौंपा ज्ञापन

जयपुर टाइम्स



**चौमूं(निस)।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी फाल्गुन माह में बाबा श्याम का लक्खी मेला 21 फरवरी से 28 फरवरी तक आयोजित किया जाएगा। विभिन्न समाजसेवी लोगों और संस्थाओं की ओर से भंडारा लगाकर पद यात्रियों की सेवा की जाती है, जो सराहनीय रहती है। मेले के दौरान पद यात्रियों को विभिन्न प्रकार की परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इसी को लेकर पशुक्रूरता निवारण समिति जयपुर के सदस्य शेरसिंह कुमावत के नेतृत्व में जिला कलेक्टर जयपुर के नाम ज्ञापन सौंपा। कार्यकारी अध्यक्ष शेरसिंह कुमावत ने बताया कि ज्ञापन में भंडारा आयोजकों की ओर से प्रचुर मात्रा में प्लास्टिक डिस्पोजल के उपयोग पर पाबंद करने, एनएच 52 पर पदयात्रियों के लिए बने क्षतिग्रस्त श्याम पथ को दुरुस्त करवाने, भंडारा आयोजकों को श्यामपथ की परिधि को छोड़कर ही टेंट लगाने की अनुमति देने, भंडारे के दौरान फैली गंदगी और कूड़े-कचरे के निस्तारण करने के लिए आयोजकों को पाबंद करने और श्याम पद यात्रियों के लिए चल शौचालय की व्यवस्था करवाने के लिए ज्ञापन सौंपा। शेरसिंह ने बताया कि भंडारे के दौरान प्लास्टिक डिस्पोजल के उपयोग से पर्यावरण दूषित होता है और निराश्रित गोवंश कूड़ा कचरा खाकर अकाल मृत्यु का शिकार बनता है, इससे बचाया जा सकेगा। श्याम पथ के दुरुस्त होने से पद यात्रियों को सुगम और सुरक्षित पथ मिल सकेगा। श्याम पथ को छोड़कर भंडारा लगाने से सड़क हादसों में कमी के साथ-साथ नेशनल हाईवे पर वाहनों को रोड जाम से निजात मिलेगी 7 साथ ही कूड़ा कचरे का समय पर निस्तारण होने से श्याम पदयात्रियों और स्थानीय लोगों को स्वच्छ वातावरण उपलब्ध होगा। वहीं चल शौचालय की व्यवस्था होने से गंदगी नहीं फैलेगी और बाबा श्याम के प्रति धार्मिक आस्था बनी रहेगी। ज्ञापन में जिला कलेक्टर से संबंधित विभाग एनएचएआई, स्थानीय प्रशासन और भंडारा आयोजकों को तत्काल निर्देशित करने की मांग की गई। वहीं एनएचएआई प्रोजेक्ट डायरेक्टर अजय आर्य को टांटियावास टोल प्रशासन की ओर से बंद पड़ी रोड लाइटो को चालू करवाने, सड़क किनारे पड़े गड्ढों को भरवाने और पशु विचरण क्षेत्र के संकेतक लगाने सहित उपरोक्त मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन सौंपने के दौरान पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. हनुमान सहाय मीणा, लोकेश डेनवाल, विजय कुमावत सहित कई लोग मौजूद रहे।

## गुड शेफर्ड इंग्लिश स्कूल में कक्षा 8 वीं के विद्यार्थियों को दी भावभीनी विदाई




जयपुर टाइम्स

**नावा शहर(निस)।** शहर में स्थित गुड शेफर्ड इंग्लिश स्कूल में सोमवार को कक्षा 8वीं के विद्यार्थियों के सम्मान में भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि व प्रधानाचार्य ने माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। पूरे समारोह में भावनात्मक और उत्साहपूर्ण माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम के दौरान रंगारंग प्रस्तुतियों ने समां बांध दिया। कक्षा 7वीं के जूनियर विद्यार्थियों ने अपने सीनियर साथियों के लिए आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। बॉलीवुड गीतों पर मनमोहक नृत्य की प्रस्तुतियां दी गईं, वहीं विद्यालयीन जीवन की मधुर यादों को समेटता एक लघु नाटक (स्किट) सभी के आकर्षण का केंद्र रहा। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने तालियों की गड़गड़ाहट से प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। विदाई ले रहे विद्यार्थियों ने अपने स्कूल जीवन के अनुभव को साझा किए और शिक्षकों के मार्गदर्शन के प्रति आभार व्यक्त किया। इस दौरान कई छात्रों की आंखें नम दिखाई दीं, जिसने समारोह को भावुक बना दिया। प्रधानाचार्य संजय कुमार बंजारा ने विद्यार्थियों को आगामी बोर्ड परीक्षाओं और भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि अनुशासन और कड़ी मेहनत ही सफलता की कुंजी है। समारोह के अंत में विद्यालय परिवार की ओर से सभी विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह (मेमेन्टो) भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

# भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष शंकर गोरा का किया भव्य स्वागत

जयपुर टाइम्स



**चौमूं(निस)।** भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष शंकर गोरा का चौमू आगमन पर गढ़ गणेश जी मंदिर में स्वागत किया गया। शंकर गोरा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा की सभी को भारतीय जनता पार्टी के विचार और रीति नीति को जन जन तक पहुंचाने का प्रयास करना चाहिए। भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने युवाओं के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाएं चलाई है जिसे हम सभी को प्रत्येक बूथ स्तर तक पहुंचाने का कार्य करना होगा। चौमूं आगमन पर राधास्वामी बाग तिराहे से लेकर बस स्टैंड तक जगह, जगह भव्य स्वागत किया गया। चौमूं में बार एसोसिएशन सहित सभी सामाजिक, धार्मिक, व्यापारिक प्रतिष्ठानों सहित सभी ने ढोल नगाड़ों के साथ चौमूं बस स्टैंड पर जेसीबी से पुष्प वर्षा कर जोरदार स्वागत ओर अभिनंदन किया। गढ़ गणेश मंदिर परिसर में आयोजित युवा संवाद यात्रा में महिलाओं ने भी बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। गणेश जी मंदिर में पूजा अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया और मंदिर कमेटी ने बालकृष्शण शर्मा के नेतृत्व में भव्य स्वागत ओर अभिनंदन किया। कार्यक्रम में एडवोकेट सुरेश गोदारा, विजय शर्मा, किशन पंडित, अशोक विजयवर्गीय, अमित कुमावत, सीताराम बागड़ा, ओम पारीक, छोटीलाल कुमावत, शशि माहेश्वरी, सुमित माहेश्वरी, सूरज बिवाल, पृथ्वी बिवाल, कानाराम थावरिया पार्षद, निलेश सर्राफ, अजय पलसानिया, मोहन बराला पूर्व सरपंच, केदार छिपा, सुनील चोपड़ा, एडवोकेट कैलाश अग्रवाल, महेंद्र यादव, अशोक शर्मा, मुरारी शर्मा, मीणा समाज अध्यक्ष रामचन्द्र मीणा सुभाष मीणा, साधुराम गोदारा, नारायण माली, महेंद्र देवदा, डॉ रमेश देवदा, अशोक गोरा टारगेट, राहुल चाहर, संदीप गुप्ता, प्रदोष मान, जीतू योगी, तेजपाल देवदा, गंगा सहाय गुरुजी, नरेंद्र सैनी, डॉ हिम्मत गुर्जर, विशाल गुर्जर, सुनील गढ़वाल, सहित सैकड़ो की संख्या में भाजपा कर्यकर्ता और आमजन उपस्थित रहे। शंकर गोरा ने कार्यकर्ताओं से कहा कि आपके विश्वास पर सदैव खरा उतरने का प्रयास करूंगा क्योंकि आप सब लोगों की दुवाओं और आशीर्वाद से ही आपके कस्बे से निकलकर राजस्थान जैसे राज्य का भाजपा युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष बना। जिसके लिए सदैव केंद्रीय और राज्य संगठन भाजपा पार्टी का सदैव ऋणी रहूंगा एवं पार्टी से युवाओं को जोड़ने का भरसक प्रयास करूंगा। गढ़ गणेश मंदिर परिसर में आयोजित युवा संवाद यात्रा में सभी का बड़ी संख्या में पधारकर समर्थन ओर आशीर्वाद देने के लिए आभार व्यक्त किया।

# शेखावाटी जयपुर टाइम्स

जयपुर, मंगलवार
17 फरवरी, 2026


## बजट 2026 की सौगात पर विधायक राजेन्द्र भाम्बू का भव्य स्वागत, घोड़ी पर बैठाकर निकाला जुलूस



जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निस)।** राज्य बजट 2026 में झुंझुनूं शहर के लिए ऐतिहासिक प्रावधान किए जाने पर शहरवासियों में उत्साह का माहौल है। बजट में घोषित विकास कार्यों के बाद सूरज कॉलोनी में स्थानीय नागरिकों व कार्यकर्ताओं ने झुंझुनूं विधायक राजेन्द्र भाम्बू का भव्य स्वागत किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने विधायक भाम्बू को घोड़ी पर बैठाकर डीजे की धुनों के बीच नाचते-गाते हुए सभा स्थल तक पहुंचाया। क्षेत्र में उत्सव जैसा वातावरण रहा और बड़ी संख्या में मौजूद लोगों ने फूल-मालाओं से उनका अभिनंदन किया। सभा को संबोधित करते हुए विधायक राजेन्द्र भाम्बू ने बजट 2026 में झुंझुनूं के लिए ऐतिहासिक घोषणाएं करने पर प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं वित्त मंत्री का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में झुंझुनूं शहर को विकास की नई दिशा मिली है और आने वाले समय में इन घोषणाओं का लाभ आमजन तक पहुंचेगा। विधायक भाम्बू ने नागरिकों एवं कार्यकर्ताओं के स्नेह के लिए धन्यवाद देते हुए भरोसा दिलाया कि झुंझुनूं के समग्र विकास के लिए वे निरंतर प्रतिबद्ध रहेंगे तथा विकास कार्यों को तेजी से आगे बढ़ाया जाएगा। इससे पूर्व विधायक ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बजट घोषणाओं की विस्तृत जानकारी भी साझा की।

## किशोरपुरा में रोडवेज सेवा शुरू होने पर डिप्टी सीएम प्रेमचंद बैरवा का जताया आभार



जयपुर टाइम्स

**चंवरा(नि.सं.)।** आदिवासी नेता व समाजसेवी सुरेश मीणा किशोरपुरा ने उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा से मुलाकात कर किशोरपुरा गांव में रोडवेज बस सेवा शुरू करवाने पर उनका आभार व्यक्त किया। इस दौरान सुरेश मीणा के नेतृत्व में शिष्टमंडल ने उपमुख्यमंत्री को पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत- सत्कार किया। गौरतलब है कि डिप्टी सीएम के सहायक देवेंद्र सिंह के प्रयासों से गांव में पिछले काफी समय से रोडवेज बसों का संचालन शुरू हुआ है। वर्तमान में किशोरपुरा गांव में पांच रोडवेज बसों का आवागमन हो रहा है, जिससे ग्रामीणों को आवागमन में बड़ी सुविधा मिल रही है। इनमें एक बस सुबह 5:30 बजे जयपुर के लिए, दूसरी सुबह 6:00 बजे जयपुर के लिए, तीसरी बस राजगढ़-चूरू के लिए नीमकाथाना से सुबह 9:30 बजे किशोरपुरा पहुंचती है। चौथी बस सुबह 10:15 बजे गुढ़ा होते हुए जयपुर जाती है, जबकि पांचवीं बस दोपहर 2:45 बजे किशोरपुरा से जयपुर के लिए रवाना होती है। इस अवसर पर भाजपा नेता कुबेर सिंह सहित कई वरिष्ठ लोग उपस्थित रहे।

## बंटी लाख को बनाया एससी प्रकोष्ठ शहर अध्यक्ष



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी एससी विभाग की प्रदेश अध्यक्ष ममता भूपेश बैरवा ने सुजानगढ़ के बंटी लाखन को सुजानगढ़ शहर अध्यक्ष मनोनीत किया है। इसी प्रकर राज कताला को देहात अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। दोनों को संगठन की मजबूती के लिए कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं।

## रेलगाड़ी की चपेट में आने से युवक की मौत



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** गत रात को करीब 9 बजे सुजानगढ़ छापर रेलवे ट्रेक पर सम्राट होटल रेलवे क्रासिंग के पास मालगाड़ी की चपेट मे आने से एक युवक की मृत्यु हो गई। सुजानगढ़ आरपीएफ चौकी के एएसआई रविंद्र सिंह श्योराण की सूचना पर टीम हारे का सहारा संयोजक श्याम स्वर्णकार एम्बुलेंस चालक विनोद सैन के साथ मौक़े पर पहुंचे तथा शव को सुजानगढ़ अस्पताल की मोर्चरी मे रखवाया। उसके बाद जीआरपी थाना रतनगढ़ को सूचित किया। मृतक की पहचान विमल पुत्र कुंदन मल भार्गव उम्र 33 वर्ष, निवासी वार्ड 24 हरिराम जी के मंदिर के पास, नाथोतालाब, सुजानगढ़ के रुप मे हुई। सोमवार सुबह जीआरपी रतनगढ़ से एएसआई रामनिवास सुजानगढ़ अस्पताल पहुंचे तथा परिजनों की रिपोर्ट के आधार पर शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। परिजनों की रिपोर्ट के अनुसार मृतक का मानसिक संतुलन सही नहीं था तथा शराब का नशा करता था। जो शनिवार रात को सम्राट होटल रेलवे क्रासिंग के पास मालगाड़ी की चपेट में आ गया।

## आयुर्वेदिक क्षारसूत्र शल्य चिकित्सा शिविर का सीईओ एएन सोमनाथ ने किया निरीक्षण



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद धौलपुर एएन सोमनाथ ने सोमवार को बाड़ी उपखंड की ग्राम पंचायत बिजौली स्थित उद्यम कार्यशाला परिसर में आयोजित 10 दिवसीय क्षारसूत्र शल्य चिकित्सा शिविर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मरीजों व उनके परिजनों से संवाद कर शिविर की व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा आयुर्वेदिक शल्य चिकित्सा पद्धति की सराहना की। निरीक्षण के दौरान सीईओ सोमनाथ ने आयुर्वेद में शल्य चिकित्सा, एक्यूप्रेशर, अग्निकर्म व विद्धकर्म जैसी विधाओं को देखकर संतोष व्यक्त करते हुए आयुर्वेद को भविष्य की श्रेष्ठ चिकित्सा पद्धति बताया। शिविर प्रभारी डॉ. दिनेश चंद्र शर्मा ने बताया कि अब तक विभिन्न गुदारोगों से पीड़ित अर्श के 37, भगंदर के 21 व परिकर्तिका के 39 मरीजों सहित कुल 97 रोगियों का क्षारसूत्र चिकित्सा विधि से राज्य स्तरीय शल्य चिकित्सा टीम के माध्यम से सफल ऑपरेशन किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि शिविर में बहिरंग चिकित्सा के तहत 4000 से अधिक मरीजों को औषधि उपलब्ध कराई गई है। वहीं योग व प्राकृतिक चिकित्सा से 128 तथा अग्निकर्म चिकित्सा से 88 रोगियों को लाभान्वित किया गया है। सहायक शिविर एवं पथ्य व्यवस्था प्रभारी डॉ. राजवीर शर्मा ने बताया कि आयुर्वेद, योग व प्राकृतिक चिकित्सा तथा एलोपैथी चिकित्सा टीम की ओर से समर्पण भाव से मरीजों की सेवा की जा रही है। शिविर में भामाशाह सरपंच गंगाराम कंसाना व आयुर्वेद विभाग के वरिष्ठ कंपाउंडर श्रीराम गोस्वामी की ओर से मरीजों को फल वितरित किए गए। सह शिविर प्रभारी डॉ. मोहम्मद जाकिर ने बताया कि उपनिदेशक आयुर्वेद विभाग धौलपुर डॉ. दिनेश कुमार शर्मा नियमित निरीक्षण कर कार्मिकों का मार्गदर्शन कर रहे हैं। ओटी इंचार्ज डॉ. अनिल कुमार झा ने बताया कि मुख्य सर्जन नरेश गोपाल वार्ष्णेय, बालमुकुंद शर्मा, जसराम गौड़, डॉ. मंजू मीणा, डॉ. ज्ञानीराम मीणा, एमएस कृष्ण गोपाल शर्मा व वरिष्ठ कंपाउंडर हुकुमनाथ की ओर से मरीजों की नियमित ड्रेसिंग की जा रही है। औषधि व्यवस्था प्रभारी डॉ. रामनिवास जाटव व निरंजन लाल शर्मा ने बताया कि मरीजों को आयुर्वेद व एलोपैथी की संयुक्त चिकित्सा दी जा रही है। शिविर कार्यालय प्रभारी नर्सिंग अधीक्षक बनवारी लाल शर्मा के अनुसार त्रिलोक चंद नरवाल, डॉ. आकाश वर्मा, डॉ. राघवेंद्र उपाध्याय, डॉ. वीरेंद्र सिंह यादव, डॉ. राजेश कुमार शर्मा, डॉ. रितिका व्यास, डॉ. अनिल कुमार अग्रवाल, डॉ. देवेंद्र सिंह यादव सहित वरिष्ठ कंपाउंडर रविंद्र कुमार व्यास, संतोष कुमार सेन, दिलीप सिंह, चंद्रकांत त्यागी, संदीप कुमार, पुष्पेंद्र कुमार, बंटू कुमार, संतोषपुरी, सुंदर सिंह, प्रियंका बघेल, कोमल मीणा, मनोज कुमार, शकुंतला देवी, मुन्नी देवी, अनीता मीणा, रामदास दीवानगिरी, रामदुलारे गोस्वामी, नन्हे राम, मुकेश कुमार एवं मुकेश सिंह सेवाएं दे रहे हैं।

कोटा डायग्नोस्टिक सेंटर के इंचार्ज निर्वेश गोस्वामी ने बताया कि शिविर में अब तक 122 मरीजों की विभिन्न जांचें की जा चुकी हैं। इस दौरान पूर्व उपनिदेशक आयुर्वेद विभाग डॉ. मिट्ठनलाल शर्मा, सेवानिवृत्त वरिष्ठ आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ. सतीश कुमार शर्मा व ग्राम विकास अधिकारी बिजौली बृजकिशोर शर्मा भी उपस्थित रहे।

## बेटे गोदीप की मौत मामले में इंसाफ की मांग: कॉमेडियन पन्या सेपट ने पूर्व सीएम अशोक गहलोत से की मुलाकात



जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं/जयपुर(नि.सं.)।** मशहूर कॉमेडियन व राजस्थानी फिल्म अभिनेता पन्या सेपट उर्फ दीपक मीणा ने अपने पुत्र गोदीप की मौत के मामले में न्याय की मांग को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से मुलाकात की। इस दौरान आदिवासी मीन सेना के प्रदेशाध्यक्ष सुरेश मीणा किशोरपुरा भी उनके साथ मौजूद रहे। पीड़ित पिता पन्या सेपट ने बताया कि उनके बेटे की मौत को 56 दिन बीत चुके हैं, लेकिन पुलिस की ओर से अब तक किसी से ठोस पूछताछ नहीं की गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि गोदीप की हत्या को आत्महत्या का रूप देने का प्रयास किया जा रहा है। बार-बार एफआईआर दर्ज कराने के प्रयास के बावजूद करीब दो माह बीत जाने पर भी रिपोर्ट दर्ज नहीं होने की बात उन्होंने रखी। सुरेश मीणा ने पूर्व मुख्यमंत्री को बताया कि पन्या सेपट प्रदेश के इकलौते आदिवासी कलाकारों में से एक हैं, जिन्हें देश-प्रदेश में व्यापक पहचान मिली हुई है। पिछले 56 दिनों से वे अपने बेटे को इंसाफ दिलाने के लिए लगातार प्रयासरत हैं। इस पर पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने आश्वस्त किया कि पन्या सेपट को न्याय अवश्य मिलेगा। उन्होंने मौके पर ही संबंधित वरिष्ठ अधिकारियों से दूरभाष पर बातचीत भी की। इस अवसर पर जनजाति कांग्रेस प्रकोष्ठ नागौर के जिला अध्यक्ष योगेश मीणा शिंभूपुरा, भैरव सेना के प्रदेशाध्यक्ष रिंकू मीणा, राष्ट्रीय अखिल भारतीय जिला परिषद के सुरज्ञान सिंह मीणा, सैनी समाज के सत्यनारायण सैनी, संतोष मीणा सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## जोशी बने सरदारशहर धर्मशाला रामदेवरा ट्रस्ट प्रबन्ध निदेशक



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** बाबा श्रीरामदेव पैदल यात्री संघ सरदारशहर धर्मशाला रामदेवरा की बैठक विकास मालू की अध्यक्षता में कुबेर कॉटेज में हुई। जिसमें अध्यक्ष विकास मालू ने कुंजबिहारी जोशी का नाम ट्रस्ट प्रबन्ध निदेशक व कोषाध्यक्ष के लिए रखा। जिस पर सभी ट्रस्टियों ने सहमति प्रदान की। इस अवसर पर बाबूलाल बोथरा, जगदीश प्रसाद जैसनसरिया, सीताराम चौहान, कन्हैयालाल धूत, शोभाकान्त स्वामी आदि ट्रस्टी उपस्थित थे। इस अवसर पर सभी ने पूर्व ट्रस्ट प्रबन्ध निदेशक गिरधारीलाल जोशी को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

## मण्डावा से निशान यात्रा 19 को

जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** श्री श्याम सेवा समिति, मण्डावा की ओर से प्रतिवर्ष आयोजित होने वाली खाटू श्याम निशान यात्रा इस वर्ष भी आगामी 19 फरवरी को 151 निशान यात्रा खाटू श्याम के लिए रवाना होगी। प0 चौथमल शर्मा ने बताया की आगामी 19 फरवरी को सुबह सात बजे निशानों की पूजा- अर्चना के साथ खेमाणियों के कुएं के निकट राजेश सैन के घर से रवाना होगी तथा नौ बजे सीयारामजी की बगीची में निशान यात्रा का भव्य स्वगत किया जाएगा। इससे पूर्व 18 फरवरी को भजन कीर्तन सहित अनेक धार्मिक कार्यक्रम होगे।

## महाशिवरात्रि पर बड़ागांव में विराट हिंदू सम्मेलन: महायज्ञ, कलश यात्राएं व झांकियों ने बांधा समां



जयपुर टाइम्स

**बड़ागांव(झुंझुनूं)(नि.सं.)।** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर 15 फरवरी को बड़ागांव के खेल मैदान में विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 9:15 बजे महायज्ञ के साथ हुआ, जबकि दोपहर 12:15 बजे से सम्मेलन आयोजित किया गया। इस दौरान सात विभिन्न स्थानों से भव्य कलश यात्राएं निकाली गई तथा दुर्गा मंदिर, सेठ शिवदत्त राय स्कूल एवं सरस्वती शिक्षण संस्थान से देवी-देवताओं की आकर्षक झांकियां प्रस्तुत की गईं। पूज्य संतों के सानिध्य में आयोजित इस सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य हिंदू समाज की विभिन्न जातियों को एक मंच पर लाकर टूटते पारिवारिक मूल्यों एवं संस्कारों के अभाव जैसे सामाजिक विषयों पर सामूहिक चिंतन करना रहा, ताकि वृद्धजनों को वृद्धाश्रम जाने जैसी परिस्थितियों से बचाया जा सके। कार्यक्रम में संयुक्त परिवार में रहने वाले, जैविक खेती अपनाने वाले, देसी गाय पालन करने वाले, पर्यावरण संरक्षण में योगदान देने वाले व भारतीय वेशभूषा धारण करने वाले लोगों को सम्मानित किया गया। शाम तक भजन व धमाल की रंगारंग प्रस्तुतियों ने माहौल को भक्तिमय बनाए रखा। महाशिवरात्रि मेले के साथ बच्चों के लिए ग्रामीण ओलंपिक खेलकूद प्रतियोगिताएं, सांस्कृतिक कार्यक्रम, प्रतियोगिताएं व पुरस्कार वितरण भी आयोजित किए गए। अंत में भंडारे का आयोजन किया गया। सम्मेलन में संत गणेश चैतन्य, संत मोहन योगी, बीके साक्षी बहन, सहक्षेत्र कार्यवाह गेंदालाल, आयोजक समिति अध्यक्ष मूलचंद गहनोलिया, संरक्षक बिशन सिंह सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। गायत्री परिवार के बजरंग लाल सोनी व गिरधारी वैद्य की ओर से पंचकुंडीय हवन यज्ञ सम्पन्न करवाया गया। वक्ताओं ने मोबाइल व सोशल मीडिया की बढ़ती लत को वर्तमान समय की प्रमुख चुनौती बताया।

## दादू संप्रदाय नरेना पीठाधीश्वर ओमप्रकाश दास महाराज किशोरपुरा पहुंचे

### युवाओं को सनातन संस्कृति से जुड़ने का आह्वान



जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निस)।** देश की प्रसिद्ध दादू संप्रदाय नरेना पीठ के पीठाधीश्वर महंत ओमप्रकाश दास महाराज का किशोरपुरा आगमन हुआ। उनके साथ बगड़ दादूद्वारा के महामंडलेश्वर अर्जुन दास महाराज भी उपस्थित रहे। समाजसेवी सुरेश मीणा किशोरपुरा व उनके परिवारजनों ने महाराज का भव्य स्वागत-सत्कार कर आशीर्वाद प्राप्त किया। अपने प्रवचन में महंत ओमप्रकाश दास महाराज ने कहा कि मनुष्य को धर्म के मार्ग पर चलते हुए सदैव जनकल्याण के कार्य करते रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति केवल अपने लिए जीता है उसका एक दिन मरण होता है, लेकिन जो दूसरों के लिए जीता है उसका सदैव स्मरण किया जाता है। उन्होंने कहा कि मालखेत अरावली की पहाड़ियों में अनेक सिद्ध महापुरुषों ने तपस्या कर इस भूमि को जागृत किया है। दादू पंथ के संत कान्हड़ दास, हरजी मरजी व सुंदर दास महाराज जैसे महापुरुषों ने जीवनपर्यंत तप कर समाज को दिशा देने का कार्य किया है। महामंडलेश्वर अर्जुन दास महाराज ने युवाओं से सनातन संस्कृति को आगे बढ़ाने का आह्वान किया। गौरतलब है कि दादूदयाल महाराज की गद्दी के ब्रह्मलीन पीठाधीश्वर गोपाल दास महाराज भी वर्षों पूर्व किशोरपुरा आ चुके हैं। इस अवसर पर महावीर प्रसाद मीणा, सुभाष कुमावत, सुधीर मीणा, सुभाष सैनी चंवरा, प्रकाश मीणा गुढ़ा, नवीन कुमावत, जीना सैनी, सुमित कुमावत, मुकेश कुमावत, गजराज सिंह चंवरा, बाबूलाल सैनी, मनोज कसाना सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## भोलेनाथ की झांकी सजाई



**मण्डावा(निस)।** मुकुन्दगढ मार्ग स्थित सीयारामजी की बगीची में आरती के बाद शिव बारात निकाली गई। मंदिर परिसर में शुरू हुई डीजे की धुन और 'हर-हर महादेव' के जयकारों के साथ सम्पन्न हुई। श्रद्धालुओं ने भगवान भोलेनाथ की झांकी सजाई। श्रद्धालुओं ने फूलों की पंखुड़ियां बरसाकर श्रद्धालुओं का अभिनंदन किया। युवकों ने आतिशबाजी कर उत्सव का माहौल और अधिक उत्साहपूर्ण बना दिया। देर रात तक पूरे कस्बे में भक्ति और उत्साह का वातावरण रहा। रात्रि जागरण में बगीची के महंत विष्णु जोशी ने श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण कर आभार जताया।

## सुजानगढ़ में महिला थाना खोलने की मांग



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** सामाजिक कार्यकर्ता सोहिल गोपालपुरिया ने राजस्थान पुलिस के महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा के नाम एक ज्ञापन सौंपकर सुजानगढ़ में महिला थाना स्थापित करने की मांग की है। उपखंड अधिकारी के मार्फत भेजे गए ज्ञापन में बताया गया है कि सुजानगढ़ में महिला सुरक्षा की दृष्टि से महिला थाने की स्थापना अति आवश्यक है। अतः यहां पर महिला थाना खोला जाए।

## घिंदड़ महोत्सव की तैयारियां शुरू



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** स्थानीय लुहारागाड़ा में होली के अवसर पर आयोजित होने वाले घिंदड़ महोत्सव की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। बाबा अखंडानाथ सेवा समिति के तत्वावधान में आयोजित होने वाले घिंदड़ महोत्सव के तहत 27 फरवरी से 3 मार्च तक रात्रि में घिंदड़ का आयोजन किया जाएगा। इसी प्रकार 1 मार्च को बनोरी निकाली जाएगी और 2 मार्च को दोपहर में कालबेलिया नृत्य का आयोजन किया जाएगा।


## कार्यालय ग्राम पंचायत ढाणी स्वामियान पंचायत समिति बीदासर

क्रमांक :- 91-95 दिनांक :- 13.02.2026

### निविदा सूचना

ग्राम पंचायत ढाणी स्वामियान में वर्ष 2025-26 विभिन्न स्वीकृत विकास कार्यो हेतु ई-निविदायें आंमत्रित की जाती है। इस हेतु इच्छुक विनिर्दिष्टत पंजीकृत बोलीदाता / संवेदक / फर्म से निर्धारित प्रपत्र में निविदा से संबंधित अन्य विवरण तथा समस्त निविदा शर्ते http//eproc.rajasthan.gov.in एवं http//sppp.rajasthan.gov.in देखी एवं डाउनलोड कर प्राप्त की जा सकती है। निविदा दिनांक 23.02.2026 को खोली जायेगी ।

| क्र.सं. | निविदा सूचना संख्या | NIB NO | UBN No | वि.वि. |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 09/2025-26/13.02.2026 | ZCR 2526 A 1549 | ZCR 2526 WSOB 02682 | |

प्रशासक
ग्राम पंचायत ढाणी स्वामियान
पंचायत समिति बीदासर

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत ढाणी स्वामियान
पंचायत समिति बीदासर

## कार्यालय ग्राम पंचायत सडू छोटी पंचायत समिति बीदासर

क्रमांक :- 51-55 दिनांक :- 13.02.2026

### निविदा सूचना

ग्राम पंचायत सडू छोटी में वर्ष 2025-26 विभिन्न स्वीकृत विकास कार्यों हेतु ई-निविदायें आंमत्रित की जाती है। इस हेतु इच्छुक विनिर्दिष्टत पंजीकृत बोलीदाता / संवेदक / फर्म से निर्धारित प्रपत्र में निविदा से संबंधित अन्य विवरण तथा समस्त निविदा शर्ते http//sppp.rajasthan.gov.in देखी एवं डाउनलोड कर प्राप्त की जा सकती है। निविदा दिनांक 23.02.2026 को खोली जायेगी ।

| क्र.सं. | निविदा सूचना संख्या | NIB NO | UBN No | वि.वि. |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 08/2025-26/13.02.2026 | ZCR 2526 A 1550 | ZCR 2526 WSOB 02683 | |

प्रशासक
ग्राम पंचायत सडू छोटी
पंचायत समिति बीदासर

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत सडू छोटी
पंचायत समिति बीदासर

## कार्यालय ग्राम पंचायत जोगलसर पंचायत समिति बीदासर

क्रमांक :- 190-195 दिनांक :- 13.02.2026

### निविदा सूचना

ग्राम पंचायत जोगलसर में वर्ष 2025-26 विभिन्न स्वीकृत विकास कार्यों हेतु ई-निविदायें आंमत्रित की जाती है। इस हेतु इच्छुक विनिर्दिष्टत पंजीकृत बोलीदाता / संवेदक / फर्म से निर्धारित प्रपत्र में निविदा से संबंधित अन्य विवरण तथा समस्त निविदा शर्ते http//eproc.rajasthan.gov.in एवं http//sppp.rajasthan.gov.in देखी एवं डाउनलोड कर प्राप्त की जा सकती है। निविदा दिनांक 23.02.2026 को खोली जायेगी।

| क्र.सं. | निविदा सूचना संख्या | NIB NO | UBN No | वि.वि. |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 06/2025-26/13.02.2026 | ZCR 2526 A 1548 | ZCR 2526 WSOB 02681 | |

प्रशासक
ग्राम पंचायत जोगलसर
पंचायत समिति बीदासर

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत जोगलसर
पंचायत समिति बीदासर

## कार्यालय उप वन संरक्षक, चूरू

इस कार्यालय के अधिन निम्नानूसार विकास कार्य करवाये जाने है:-

| क्र. सं. | बिड संख्या | कार्य का नाम | अनुमानित लागत राशि | UBN नम्बर |
|---|---|---|---|---|
| 1 | अल्पकालीन खुली बोली सूचना संख्या 47/2025-26 | Construction of Guard Room at BP Ratusar, Range Sardarshahar | 1.57 लाख | FOR 2526 WSOB 05551 |
| 2 | अल्पकालीन खुली बोली सूचना संख्या 48/2025-26 | Execution of Community Development Activities (Community Hall) Shimla Range Sardarshahar. | 4.32 लाख | FOR 2526 WSOB 05552 |

अल्पकालीन खुली बोली सूचना सें संबंधित समस्त विवरण / नियम एवं शर्तें वेबसाईट www.sppp.raj.nic.in पर देखा जा सकता है। सें संबंधित समस्त विवरण / नियम एवं शर्तें वेबसाईट www.Sppp.raj.nic.in पर देखा जा सकता है।

उप वन संरक्षक,
चूरू

# बसेड़ी में कृषि प्रशिक्षण कार्यशाला में आलू की उन्नत खेती व जल प्रबंधन पर मंथन

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** आशान्वित ब्लॉक कार्यक्रम नीति फॉर स्टेट यूज चैलेंज के अंतर्गत पंचायत समिति बसेड़ी में एक दिवसीय कृषि प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों, उन्नत खेती, जल संरक्षण तथा सरकारी योजनाओं की जानकारी देकर उनकी आय बढ़ाने के लिए जागरूक करना रहा। कार्यशाला के मुख्य अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष राजवीर सिंह राजावत रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पंचायत समिति प्रधान शंकर सिंह परमार ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रशांत सिंह परमार (पूर्व प्रत्याशी) उपस्थित रहे।



### आलू की उन्नत खेती व कीट-व्याधि नियंत्रण पर चर्चा

कार्यशाला में आलू की उन्नत खेती, कीट-व्याधि प्रबंधन, जल प्रबंधन व आलू प्रसंस्करण की संभावनाओं पर विशेष चर्चा की गई। किसानों को फसल सुरक्षा व उत्पादन बढ़ाने के आधुनिक उपाय बताए गए।

### सिंचाई जल प्रबंधन व अनुदान योजनाओं की जानकारी:

विशेषज्ञों ने सिंचाई जल प्रबंधन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए पाइपलाइन, फार्म पॉण्ड, फव्वारा, मिनी फव्वारा एवं ड्रिप सिंचाई प्रणाली से जल बचत के लाभ बताए। साथ ही इन योजनाओं पर मिलने वाले सरकारी अनुदान की जानकारी भी किसानों को दी गई।

### मृदा स्वास्थ्य व फसल उत्पादन में भूमिका:

कार्यशाला में मृदा स्वास्थ्य का फसल उत्पादन में महत्व बताते हुए मिट्टी परीक्षण, संतुलित पोषण व उर्वरक प्रबंधन पर विस्तृत चर्चा की गई।

### फसल बीमा योजना की प्रक्रिया समझाई:

किसानों को फसल बीमा का महत्व बताते हुए इसकी आवेदन प्रक्रिया, लाभ व आपदा के समय सुरक्षा कवच के रूप में इसकी उपयोगिता पर विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यशाला में प्रमुख फसलों की उत्पादकता बढ़ाने व फसल बीज प्रति स्थापना के महत्व पर भी चर्चा की गई।

### जैविक व प्राकृतिक खेती को बढ़ावा:

विशेषज्ञों ने जैविक व प्राकृतिक खेती के महत्व पर जोर देते हुए रासायनिक कीटनाशी व रसायनों के उपयोग को कम करने की विधियों पर चर्चा की। कार्यशाला में सैकड़ों की संख्या में किसान मौजूद रहे। किसानों ने प्रशिक्षण को उपयोगी बताते हुए कृषि विशेषज्ञों से संवाद कर अपनी समस्याओं के समाधान भी प्राप्त किए। कार्यक्रम में सहायक कृषि अधिकारी बसेड़ी रोहित सिंह परमार, हेतराम मीणा और समस्त कृषि पर्यवेक्षक भी उपस्थित रहे। कार्यशाला में कृषि विभाग से संयुक्त निदेशक प्रभु दयाल शर्मा, सहायक निदेशक बबलू कुमार त्यागी, कृषि अधिकारी धर्मेंद्र कुमार, कैलाश चंद्र शर्मा, कृषि अनुसंधान अधिकारी सुरेंद्र कुमार तथा जिला कलेक्टर कार्यालय से सीपीओ भरत राव ने किसानों को विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम के अंत में आयोजकों की ओर से सभी अतिथियों, कृषि अधिकारियों व उपस्थित किसानों का आभार व्यक्त किया गया। धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यशाला का समापन किया गया।

## पोयणा में भक्ति और उल्लास से गूंजा महादेव मंदिर



जयपुर टाइम्स

**सुमेरपुर(निस)।** शहर के निकटवर्ती ग्राम पोयणा स्थित प्राचीन महादेव मंदिर में महाशिवरात्रि का पर्व इस वर्ष श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। माताजी सेवा संस्थान के तत्वाधान में आयोजित कार्यक्रम में सुबह से ही जलाभिषेक और विशेष पूजा-अर्चना का दौर चलता रहा। रात्रि में भव्य भजन संध्या का आयोजन किया गया, जिसमें केतन सोलंकी, भगाराम परमार, भीमाराम देवासी और पुखराज कुमावत सहित स्थानीय कलाकारों ने शिव भजनों की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। श्रद्धालु देर रात तक भक्ति रस में डूबे रहे। ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर भाग लेकर आयोजन को सफल बनाया। पूरे गांव में शिवमय वातावरण बना रहा और सामूहिक आरती के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

## घर के बाहर खेल रही मासूम को ट्रैक्टर-ट्रॉली ने कुचला, 5 वर्षीय बालिका की मौत

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निस)।** शहर के निहालगंज थाना क्षेत्र स्थित मोहन कॉलोनी में घर के बाहर खेल रही 5 वर्षीय बालिका ट्रैक्टर-ट्रॉली की चपेट में आ गई, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार मोहन कॉलोनी गौशाला निवासी जोया (5) पुत्री फिरोज अपने घर के बाहर खेल रही थी। इसी दौरान पास में चल रहे मकान निर्माण कार्य के लिए मिट्टी से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली कॉलोनी में पहुंची। ट्रॉली की चपेट में आने से मासूम गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजन व स्थानीय लोग उसे तुरंत अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही सीओ सिटी कृष्णराज सहित पुलिस बल मौके पर पहुंचा और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस ने मिट्टी से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त कर लिया है, जबकि चालक हादसे के बाद मौके से फरार हो गया। पुलिस ने शव को जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## विद्यार्थियों में अच्छी शिक्षा दीक्षा के साथ संस्कार बेहद आवश्यकः राजेश शर्मा



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय दूबरा में कक्षा 5 वीं व 8 वीं के विद्यार्थियों का आशीर्वाद समारोह का आयोजन केन्द्राधीक्षक राजकुमार शर्मा के मुख्य आतिथ्य किया गया। इस दौरान स्कूली छात्रों व शिक्षकों ने 5 वीं तथा 8 वीं में अध्ययनरत छात्र छात्राओं का तिलक लगाकर व प्रवेश पत्र और कलम भेंट कर आशीर्वाद दिया। इस मौके पर शिक्षक नेता व अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ के जिलाध्यक्ष राजेश शर्मा ने छात्र छात्राओं को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वर्तमान बढ़ते आधुनिकता के समय में बच्चों के लिए अच्छी शिक्षा दीक्षा के साथ संस्कार बेहद जरूरी हैं। छात्र अपने दैनिक जीवन में अपने माता पिता शिक्षक व अपने बड़ों का आदर सम्मान करने की आदत दैनिक जीवन में जरूर आत्मसात करें। केन्द्राधीक्षक राजकुमार शर्मा ने कहा कि प्रतिस्पर्धा के इस दौर में छात्र छात्रा लक्ष्य निर्धारित करते हुए व कठिन परिश्रम से परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त कर सकते हैं। नसमारोह में विद्यालय प्रभारी रमाकांत तथा परीक्षा प्रभारी आशीष शर्मा ने विद्यार्थियों से दिए गए पाठ्यक्रम की नियमित रिवीजन कर ध्यान लगाकर व प्रश्नपत्रों को पढ़कर परीक्षा देकर सफलता प्राप्त करने की सलाह दी। कार्यक्रम के अंत में सभी छात्र-छात्राओं के लिए सहभोज का आयोजन भी किया गया।इस अवसर पर भागीरथ सिंह, साधना गहलोत, रामनरेश, सुमन मीणा, भावना शर्मा, अमिता, कृष्णा पारीक, दुर्गेश राजपूत सहित स्कूल स्टाफ व विद्यार्थी मौजूद रहे।

## जिला व चार्ज अधिकारियों का जनगणना प्रशिक्षण प्रारंभ

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निस)।** जनगणना 2027 के अन्तर्गत प्रथम चरण के मकान सूचीकरण तथा मकान गणना का कार्य के लिए 1 से 15 मई तक तथा 16 मई से 14 जून तक फील्ड कार्य किया जाएगा। प्रथम चरण के कार्यों के सफल व त्रुटिरहित निष्पादन के लिए जनगणना कार्य निदेशालय की ओर जिला व चार्ज अधिकारियों के नियमित सहायकों का दो दिवसीय गहन प्रशिक्षण कार्यक्रम सोमवार को जिला कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में शुभारम्भ किया गया। जिला कलक्टर व प्रमुख जिला जनगणना अधिकारी श्रीनिधि बी टी की अध्यक्षता में आयोजित प्रशिक्षण में जनगणना कार्य निदेशालय से नियुक्त राज्य स्तरीय प्रशिक्षक विजय गर्ग व हिमांशु गोयल ने सभी चार्ज अधिकारियों को बताया कि जनगणना के संपूर्ण कार्य का प्रबंधन व निगरानी सीएमएमएस पोर्टल के माध्यम से की जाएगी। सेटेलाइट इमेजनरी के आधार पर ब्लॉकों का सीमा निर्धारण भी एचएलबीसी पोर्टल के माध्यम से किया जाएगा। इसके साथ ही आकड़ों के संग्रहण व जांच के लिए डिजिटल एप का प्रयोग होगा। जिला कलक्टर ने सभी चार्ज अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि प्रशिक्षण के दौरान प्राप्त निर्देशों का पूर्णतः पालन करते हुए अपना शत-प्रतिशत देकर कार्य करें तथा आकडों की शुद्धता व सत्यता का विशेष ध्यान रखें। जिससे किसी भी स्तर पर लापरवाही या त्रुटि की संभावना ना रहे। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला जनगणना अधिकारी व अतिरिक्त जिला कलक्टर हरिराम मीना, उपखण्ड जनगणना अधिकारी एवं उपखण्ड अधिकारी धौलपुर कर्मवीर सिंह, उपजिला जनगणना अधिकारी व उपनिदेशक आर्थिक व सांख्यिकी विभाग राजेश कुमार सहित जिला जनगणना सेल के समस्त कार्मिक व चार्ज स्तर (तहसील, नगर परिषद, नगरपालिका) के प्रशिक्षणार्थी उपस्थित रहे।

## 'हमारी रोड-हमारी गाड़ी': बेतरतीब पार्किंग से जाम में जकड़ा सुमेरपुर, ट्रैफिक पुलिस बेअसर

जयपुर टाइम्स



**सुमेरपुर(निस)।** हमारी रोड, हमारी गाड़ी जहां चाहें वहां खड़ी' की मानसिकता इन दिनों सुमेरपुर शहर की सड़कों पर हकीकत बन चुकी है। सोमवार को मुख्य बाजार में हालात ऐसे रहे कि बेतरतीब पार्किंग के कारण लंबा जाम लग गया और आमजन को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। शहर की यातायात व्यवस्था पूरी तरह चरमराई नजर आ रही है, जबकि ट्रैफिक पुलिस मूकदर्शक बनी हुई है। मुख्य बाजार, आर्य समाज रोड और पाली बस स्टैंड रोड पर रोजाना लगने वाला जाम अब आम बात हो गई है। सड़क के दोनों ओर छोटे-बड़े वाहनों की अव्यवस्थित पार्किंग, फुटपाथ तक दुकानदारों द्वारा सामान रखने और ठेले-रेहड़ियों के जमावड़े से स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही है। हालत यह है कि पैदल चलने तक की जगह नहीं बचती और कई बार एंबुलेंस व स्कूली वाहन भी जाम में फंस जाते हैं।

### आर्य समाज रोड पर नो-पार्किंग बेअसर:

आर्य समाज रोड पर नो-पार्किंग के बोर्ड लगे होने के बावजूद दुकानदारों और ग्राहकों की ओर से सड़क किनारे वाहनों की लंबी कतार लगा दी जाती है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि ट्रैफिक पुलिस कभी-कभार चालान काटकर औपचारिकता निभा देती है, लेकिन स्थायी समाधान की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाए जा रहे हैं।

### पाली बस स्टैंड रोड बना जाम का हॉटस्पॉट:

पाली बस स्टैंड रोड पर बसों, निजी वाहनों और रिक्शों की अनियंत्रित आवाजाही से दिनभर यातायात प्रभावित रहता है। यहां न तो पर्याप्त पुलिसकर्मी तैनात हैं और न ही समुचित पार्किंग व्यवस्था, जिससे जाम की समस्या विकराल रूप ले चुकी है। जाम के कारण स्थानीय व्यापारियों का व्यापार भी प्रभावित हो रहा है। उनका कहना है कि ग्राहक बाजार आने से कतराने लगे हैं, वहीं आम नागरिक प्रशासन और ट्रैफिक पुलिस की लापरवाही पर नाराजगी जता रहे हैं। जरूरत इस बात की है कि प्रमुख सड़कों पर सख्ती से नो-पार्किंग नियम लागू किए जाएं, नियमित ट्रैफिक पुलिस की तैनाती हो, वैकल्पिक पार्किंग स्थल चिन्हित किए जाएं तथा अतिक्रमण हटाने के लिए विशेष अभियान चलाया जाए। जब तक जिम्मेदार विभाग सख्त कदम नहीं उठाएगा, तब तक शहर जाम की समस्या से जूझता रहेगा।

## निंबेश्वर महादेव पशु मेले में श्रेष्ठ नस्लों का जलवा

### प्रतियोगिताओं में दिखी गुणवत्ता की होड़,विजेताओं को मिला सम्मान



जयपुर टाइम्स

**सुमेरपुर(निस)।** सुमेरपुर- सांडेराव स्थित श्री निंबेश्वर महादेव परिसर में चल रहे पशु मेले में सोमवार को उन्नत नस्लों की विभिन्न प्रतियोगिताओं ने आकर्षण का केंद्र बना लिया। जिलेभर से पहुंचे पशुपालकों ने अपने श्रेष्ठ पशुओं का प्रदर्शन कर गुणवत्ता और उत्पादन क्षमता की प्रतिस्पर्धा पेश की। पशुपालन विभाग, पाली के संयुक्त निदेशक डॉ. मनोज कुमार पंवार ने बताया कि मेले में उन्नत बकरा-बकरी, मेंढ़ा, दुधारू भैंस, भैंसा-सांड, मादा व नर ऊंट तथा दुधारू गाय की प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। निर्णायक मंडल ने नस्ल की शुद्धता, स्वास्थ्य, शारीरिक संरचना और दुग्ध उत्पादन क्षमता के आधार पर मूल्यांकन कर विजेताओं का चयन किया। सोजत, बाली, देसूरी, रोहट, रानी, सादड़ी सहित विभिन्न क्षेत्रों के पशुपालकों ने प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान अर्जित किए। विजेताओं को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। मेले में पशुपालकों का उत्साह और सहभागिता उल्लेखनीय रही। मंगलवार को मेले का समापन समारोह आयोजित किया जाएगा, जिसमें सभी विजेताओं को औपचारिक रूप से पारितोषिक वितरित किए जाएंगे। विभाग के अनुसार ऐसे आयोजन क्षेत्र में उन्नत नस्लों के संरक्षण, संवर्धन और आधुनिक पशुपालन को प्रोत्साहन देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

## सुमेरपुर में स्पा सेंटरों की बाढ़, तेजी से बढ़ते सेंटरों ने खड़े किए सवाल

जयपुर टाइम्स

**सुमेरपुर(निस)।** कस्बे में इन दिनों स्पा सेंटरों की संख्या तेजी से बढ़ती नजर आ रही है, उनकी आड़ में कई प्रकार के धंधे जारी हैं। शहर की विभिन्न मुख्य सड़कों और बाजार क्षेत्रों में खुले इन सेंटरों को लेकर आमजन में चर्चा और सवाल दोनों तेज हो गए हैं। नागरिकों का कहना है कि इतनी बड़ी संख्या में संचालित हो रहे इन केंद्रों की नियमित जांच और वैधता की पड़ताल आवश्यक है,किंतु जिम्मेदार विभागों की ओर से ठोस कार्रवाई नजर नहीं आ रही। स्थानीय लोगों के अनुसार कई स्थानों पर स्पा सेंटर आवासीय और व्यावसायिक क्षेत्रों के बीच संचालित हो रहे हैं। इससे क्षेत्र के माहौल और सामाजिक व्यवस्था पर प्रभाव पड़ने की आशंका जताई जा रही है। हालांकि आधिकारिक रूप से किसी अवैध गतिविधि की पुष्टि नहीं हुई है, फिर भी बढ़ती संख्या और निगरानी की कमी ने प्रशासन की भूमिका पर प्रश्नचिह्न खड़े कर दिए हैं।

### लाइसेंस और नियमों की जांच जरूरी

नागरिकों का कहना है कि यदि सभी सेंटर नियमों के अनुरूप संचालित हो रहे हैं तो उनकी जानकारी सार्वजनिक की जानी चाहिए।
क्या सभी के पास वैध लाइसेंस हैं?
क्या नियमित निरीक्षण हो रहे हैं?
क्या सुरक्षा और संचालन संबंधी मानकों का पालन किया जा रहा है? इन सवालों का स्पष्ट जवाब फिलहाल सामने नहीं आया है। प्रशासन की चुप्पी चर्चा में शहर में बढ़ते स्पा सेंटरों को लेकर पुलिस और प्रशासन की ओर से कोई स्पष्ट वक्तव्य नहीं आने से चर्चाओं का दौर तेज है। नागरिकों का मानना है कि पारदर्शिता और नियमित निगरानी से ही स्थिति स्पष्ट हो सकती है। शहरवासियों की मांग है कि प्रशासन तत्काल सर्वे कर नियमों की समीक्षा करे, ताकि किसी भी प्रकार की अनियमितता पर अंकुश लगाया जा सके और शहर का वातावरण संतुलित बना रहे।

### ऑपरेशन 'गुब व प्रहार' में बड़ी कामयाबी

## बंद मकान में लाखों की नकबजनी का खुलासा, दो शातिर चोर गिरफ्तार

जयपुर टाइम्स

**तखतगढ़(निस)।** राजस्थान पुलिस की ओर से चलाए जा रहे विशेष अभियान 'ऑपरेशन गुब व प्रहार' के तहत तखतगढ़ थाना पुलिस ने बंद मकान में हुई लाखों रुपए की नकबजनी की वारदात का खुलासा करते हुए दो शातिर आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी आदतन अपराधी बताए जा रहे हैं, जिनके खिलाफ पूर्व में भी विभिन्न थानों में आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस के अनुसार गोरव-पथ रोड स्थित एक बंद मकान में 22-23 जनवरी 2026 की दरमियानी रात अज्ञात बदमाशों ने धावा बोलकर जेवरात व नकदी चोरी कर ली थी। वारदात के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल बन गया था। मामला दर्ज होते ही पुलिस अधिकारियों के निर्देशन में विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली और संदिग्धों की गतिविधियों का बारीकी से विश्लेषण किया। तकनीकी संसाधनों की मदद से आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया गया। पुलिस हिरासत में पूछताछ के दौरान दोनों आरोपियों ने वारदात करना स्वीकार कर लिया। पुलिस अब चोरी गए माल की बरामदगी के प्रयास में जुटी है और वारदात में शामिल अन्य संभावित आरोपियों की तलाश जारी है। तखतगढ़ पुलिस ने आमजन से अपील की है कि संदिग्ध गतिविधियों, अवैध मादक पदार्थों की तस्करी, अवैध हथियार, शराब अथवा वांछित अपराधियों की सूचना तुरंत पुलिस को दें। सूचना देने वाले की पहचान गोपनीय रखी जाएगी। इस कार्रवाई से क्षेत्र में कानून व्यवस्था को लेकर आमजन का विश्वास मजबूत हुआ है।

## जयपुर में 'नेतृत्व सृजन' प्रशिक्षण शिविर संपन्न, लीना शर्मा की रही सक्रिय सहभागिता

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निस)।** राजस्थान प्रदेश महिला कांग्रेस की ओर से 14 व 15 फरवरी को जयपुर में आयोजित दो दिवसीय 'नेतृत्व सृजन' प्रशिक्षण शिविर सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। शिविर में प्रदेशभर से जिला अध्यक्षों व प्रदेश पदाधिकारियों ने भाग लेकर संगठन सुदृढ़ीकरण की दिशा में विचार-विमर्श किया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांभा का प्रेरणादायी मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। साथ ही अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव नूरी खान, राष्ट्रीय सचिव दीप्ति, सोफिया जुबेर, वरिष्ठ नेत्री रेहाना रियाज़ी व ममता भूपेश की गरिमामयी उपस्थिति रही। राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष सारिका सिंह के नेतृत्व में यह प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। प्रशिक्षण शिविर के प्रथम दिवस राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा विशेष रूप से उपस्थित रहे तथा महिला पदाधिकारियों का उत्साहवर्धन किया। द्वितीय दिवस पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट व प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने संगठन की मजबूती तथा महिलाओं की सक्रिय राजनीतिक भागीदारी पर मार्गदर्शन प्रदान किया। दो दिवसीय प्रशिक्षण के दौरान विभिन्न सत्रों में वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं ने संगठन सुदृढ़ीकरण, राजनीतिक कार्यशैली, जनसंपर्क एवं महिलाओं से जुड़े मुद्दों को प्रभावी रूप से उठाने के विषय में प्रशिक्षण दिया। शिविर में धौलपुर की लीना शर्मा ने भी सक्रिय सहभागिता निभाते हुए इसे प्रेरणादायी व सीख से भरपूर अनुभव बताया। उन्होंने कहा कि सशक्त महिला और सशक्त संगठन ही हमारा संकल्प है।

## निशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर 22 को

**धौलपुर(निस)।** भारत विकास परिषद शाखा धौलपुर व एसडीएम हॉस्पिटल बाड़ी रोड के संयुक्त तत्वावधान में 22 फरवरी को प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक विशाल निशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में वक्ष एवं क्षय रोग विशेषज्ञ डॉ. रामलखन गोयल, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. अशोक जिंदल, श्वसन रोग एवं सामान्य फिजिशियन डॉ. दीपेश अग्रवाल, हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ डॉ. कुलदीप सिंहल, आयुर्वेद चिकित्सक डॉ. आकाश अग्रवाल, डॉ. किशन सिंह तथा स्त्री व प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. अंकिता सिंहल की ओर से मरीजों की निःशुल्क जांच व परामर्श दिया जाएगा। भारत विकास परिषद शाखा धौलपुर के अध्यक्ष मुकेश गर्ग ने बताया कि शिविर में आवश्यकतानुसार एक्स-रे, शुगर जांच एवं बीएमडी जांच जैसी सुविधाएं भी निःशुल्क उपलब्ध कराई जाएंगी। उन्होंने आमजन से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर शिविर का लाभ उठाने की अपील की है। शिविर का आयोजन एसडीएम हॉस्पिटल, बाड़ी रोड, धौलपुर में किया जाएगा।

## 'नल सूखे, तंत्र मौन': तखतगढ़ में गहराया जल संकट

**सुमेरपुर/तखतगढ़.** कस्बे की पेयजल व्यवस्था इन दिनों पूरी तरह चरमराई हुई है। चार माह पूर्व नगरपालिका से जल स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग (पीएचईडी) को जलापूर्ति का दायित्व सौंपे जाने के बावजूद हालात सुधरने के बजाय और बिगड़ते नजर आ रहे हैं। अनियमित जल सप्लाई, कम दबाव तथा ऊंचाई वाले क्षेत्रों में पानी की कमी आम शिकायत बन चुकी है। 18 नवम्बर 2024 को हुए प्रस्ताव के बाद से ही विभागीय समन्वय की कमी साफ दिखाई दे रही है। नागरिकों का आरोप है कि जलापूर्ति में समस्या आने पर संबंधित विभाग जिम्मेदारी एक-दूसरे पर डालकर पल्ला झाड़ लेते हैं, जिससे आमजन को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वर्ष 2010-11 में तत्कालीन मंत्री बीना काक के प्रयासों से तखतगढ़ को जवाई बांध से जोड़कर पेयजल संकट से राहत दी गई थी, लेकिन समय पर रखरखाव नहीं होने के कारण व्यवस्था फिर डगमगा गई है। गर्मी का मौसम नजदीक आने के साथ ही स्थिति और गंभीर होने की आशंका जताई जा रही है। ऐसे में समयबद्ध जलापूर्ति, स्पष्ट जवाबदेही व ठोस सुधारात्मक कदम उठाना आवश्यक हो गया है, ताकि आमजन को पेयजल संकट से राहत मिल सके।

**कार्यालय जिला साक्षरता एवं सतत् शिक्षा अधिकारी, जयपुर (राजस्थान)**

बाजोरिया स्कूल केम्पस, नाहरी का नाका, जयपुर दूरभाष संख्या :- 0141-2300348 E Mail-dlceo.jaipur.rj@gmail.com

क्रमांक : 2025-26 / टीएलएम / 1618 दिनांक : 11.02.26

**अल्पकालीन ई-निविदा (दर संविदा) सूचना संख्या 04 / 2025-26**

जयपुर जिले में इस कार्यालय के अधीन संचालित 'उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम अन्तर्गत वर्ष 2025-26 के लिए टी. एल. एम. किट क्रय हेतु बोलीदाता फर्म / डीलर / अधिकृत विक्रेता / बोनाफाइड विनिर्माताओं / थोक विक्रेताओं केन्द्र / राज्यों की संस्थाओं से ऑनलाईन हेतु ई-टेण्डर से दरनिविदादिनांक 17/02/2026 को 1:00 PM समय तक आमन्त्रित की जाती है। निविदा संबंधित विस्तृत सूचना http//sppp.rajasthan.gov.in पर देख सकते हैं, तथा वेबसाईट http//eproc.rajasthan.gov.in से देख व डाउनलोड तथा अपलोड कर सकते हैं।
निविदा की अधिकतम अनुमानित लागत राशि रूपये 7970720/- है।
NIB Code- LIT252640062
UBN No.- LIT2526GLRC00059

जिला साक्षरता एवं सतत शिक्षा अधिकारी,
जयपुर

DIPR/C/3216/2025

## निशुल्क नेत्र जांच व दवाई वितरण शिविर



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** शहर के लायंस क्लब सरदारशहर डायमंड व अंधता निवारण समिति जयपुर के संयुक्त तत्वाधान में निशुल्क नेत्र जांच व दवाई वितरण शिविर मानिकचन्द कौशल्यदेवी कर्वा की स्मृति में कौशल्या देवी माणिकचंद प्रदीप कुमार कर्वा चेरिटेबल ट्रस्ट के कुसुम रतन मोहन सारडा कोलकाता के स्थानीय सौजन्य से अर्जुन क्लब राजकीय शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में लगाया गया। मिडिया प्रभारी लायन अंजना भोजक ने बताया कि शंकरा आई हॉस्पिटल जयपुर के नेत्ररोग विशेषज्ञ डॉ पवन चौधरी ने 8 फरवरी को ऑपरेशन किये गये 108 मरीजों की जांच कर उन्हे दवाई का वितरण किया। शिविर को सफल बनाने में सचिव लायन सुशील भोजक, लायन अनिल गोयल, मुबारक तुगलक, डॉ पूनमचंद भाटी, फुसाराम स्वामी, गिरधारीलाल ने सहयोग किया।

## सरदारशहर का उप जिला अस्पताल का निर्माण जमीन के फेर में उलझा

### पहले आवंटित जमीन के स्थान पर दूसरी जगह के भेजे प्रस्ताव, हाई कोर्ट पहुंचा मामला



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** शहर में उप जिला अस्पताल की घोषणा होने पर क्षेत्र की जनता के लिए खुशी लेकर आई थी। भाजपा के पिछले बजट में उप जिला अस्पताल के लिए 50 करोड़ की घोषणा होने पर गांधी चौक पर आतिशबाजी कर जश्न भी मनाया गया था। लेकिन उप जिला अस्पताल अब जमीन के फेर में राजनीतिक भेंट चढ़ता हुआ नजर आ रहा है। जिले की बड़ी तहसील को एक बड़े अस्पताल की सख्त जरूरत है। पिछली गहलोत सरकार द्वारा सरदारशहर में उप जिला अस्पताल की स्वीकृति दी थी। उसके बाद में भाजपा सरकार द्वारा पिछले बजट में 50 करोड रुपए उप जिला अस्पताल के लिए घोषणा की थी। अब जमीन के फेर में अस्पताल का मामला उलझता हुआ नजर आ रहा है। पूर्व मंत्री राजकुमार रिणवां ने जमीन का प्रस्ताव जिला कलेक्टर को भेजने पर मामला हाईकोर्ट में पहुंच गया और एक जनहित याचिका दायर की गई है। एडवोकेट शंकर दास स्वामी ने बताया कि एक जोधपुर कोर्ट में एक याचिका लगाई गई है। जिसमें हमारे द्वारा कोर्ट को कहा गया है कि उप जिला अस्पताल के लिए पहले से जमीन आवंटित की गई है और यह जमीन उप जिला अस्पताल के लिए उपयुक्त भी है। फिर उसके बाद में कुछ अपने लोगों को फायदा पहुंचाने के लिए उप जिला अस्पताल के लिए जमीन रीको इंडस्ट्रीज एरिया में इंदिरा गांधी रेस्ट हाउस वाली जमीन के लिए लिखा गया है। इंडस्ट्रीज एरिया में अस्पताल बनाना सही नहीं है। इंडस्ट्री एरिया में सबसे ज्यादा प्रदूषण रहता है। इसलिए जहां प्रदूषण हो वहां अस्पताल बनाना सही नहीं है। पहले से अस्पताल के लिए जमीन आवंटित की गई है वह चारों तरफ से सही है और जमीन भी अस्पताल के लिए बहुत है। रीको इंडस्ट्रीज एरिया में अस्पताल स्वास्थ्य के लिए सही नहीं है। हमारी मांग है कि उप जिला अस्पताल पहले से आवंटित जमीन पर ही बनाया जाए। वहीं उप जिला अस्पताल की मांग को लेकर अभिभाषक संघ व विकास मंच द्वारा एडवोकेट राजेंद्र सिंह राजपुरोहित के नेतृत्व में एसडीएम को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन देकर तहसील क्षेत्र की सबसे बड़ी मांग को शीघ्र ही पूरा करने की मांग की है। उन्होंने ज्ञापन में लिखा कि जल्द ही सरकार की ओर से संज्ञान नहीं लिया गया तो क्षेत्र की सबसे बड़ी मांग को लेकर बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

### अवैध कटाई पर पुलिस की सख्ती

## खेजड़ी की हरी लकड़ियों से भरा मिनी ट्रक जब्त




जयपुर टाइम्स

**तारानगर(निस)।** अवैध हरी लकड़ियों के परिवहन करने वाले व्यक्तियों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत तारानगर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए खेजड़ी की हरी लकड़ियों से भरे एक मिनी ट्रक को जब्त किया है। थानाधिकारी सतपाल बिश्नोई ने बताया कि पुलिस टीम ने थाना क्षेत्र के गांव हड़ियाल पुलिया के पास नाकाबंदी के दौरान कार्रवाई को अंजाम दिया। टीम में एएसआई रोहिताश, कांस्टेबल हरिदान, विकास कुमार, रणवीर व सरकारी चालक बलजिन्द्र कुमार शामिल रहे। पुलिस ने हरियाणा के सिलावाली निवासी गोरधन पुत्र भूपसिंह धानक के कब्जे से खेजड़ी की हरी लकड़ियों से भरे मिनी ट्रक को जब्त किया। प्रारंभिक जांच में लकड़ियों का परिवहन अवैध पाया गया। पुलिस ने आगे की कार्रवाई के लिए क्षेत्रीय वन अधिकारी को सूचना दे दी है। विशेष अभियान के तहत पुलिस की ओर से लगातार अवैध कटाई व परिवहन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है, जिससे पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिल रहा है।

## चोरी की वारदात का खुलासा करने की मांग



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** निकटवर्ती गांव पार्वतीसर गत 13 फरवरी को हुई चोरी की वारदात का खुलासा करने एवं आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग को लेकर सरपंच प्रतिनिधि महावीर सिंह पार्वतीसर के नेतृत्व में ग्रामीणों ने एएसपी दिनेश कुमार को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया गया कि पार्वतीसर निवासी गुमान सिंह के यहां अज्ञात लोगों ने घर के कमरे में सो रहे घरवालों को बाहर से बंद कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। ज्ञापन में बताया गया है कि पुलिस ने प्रकरण में अभी तक कोई कार्यवाही नहीं की। ज्ञापन में चोरी की वारदात को अंजाम देने वालों का गिरफ्तार करने तथा चोरी हुए सामान की बरामदगी करवाने की मांग की। इस दौरान श्रवण सिंह, पूनम सिंह, महेन्द्र सिंह, जेठूसिंह, प्रहलाद सिंह, महेन्द्र सिंह, गजुसिंह आदि मौजूद रहे।

## रोडवेज कर्मचारियों का धरना-प्रदर्शन: 8 सूत्रीय मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

### भर्ती व नई बसों की उठाई मांग



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** राजस्थान स्टेट रोडवेज एम्पलाईज यूनियन (एटक) के प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर सोमवार को सरदारशहर रोडवेज आगार पर कर्मचारियों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर धरना-प्रदर्शन किया। इस दौरान कर्मचारियों ने मुख्य प्रबंधक सरदारशहर के माध्यम से प्रबंध निदेशक के नाम 8 सूत्रीय ज्ञापन सौंपकर समस्याओं के समाधान की मांग की। यूनियन के शाखा अध्यक्ष बलवान पूनियां ने बताया कि वर्तमान में रोडवेज के पास स्वयं की 2580 बसें हैं, जिनमें से करीब 850 बसें नकारा होने की स्थिति में हैं। शेष 1730 बसों के साथ 200 नई बसें आने की संभावना है। इसके अलावा 810 अनुबंधित वाहन भी संचालित हो रहे हैं। इस प्रकार वर्ष 2026 में रोडवेज के पास कुल 2740 बसें उपलब्ध रहने की संभावना है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में रोडवेज में कार्यरत कर्मचारियों की संख्या 10142 है, जो स्वीकृत 22827 पदों की तुलना में लगभग 12 हजार कम है। सरकार की ओर से सामाजिक दायित्व के तहत रोडवेज बसों में सफर करने वाली करीब 55 श्रेणियों को किराए में छूट प्रदान की गई है, जिसे पर्याप्त बसों व स्टाफ के अभाव में सुचारु रूप से संचालित करना संभव नहीं है।

यूनियन ने 2500 नई बसों की खरीद, 50 प्रतिशत स्टाफ की भर्ती, पुरानी बसों के साथ कर्मचारियों से प्रतिदिन 400 किलोमीटर बस संचालन बंद करने, कर्मचारियों के शोषण व अत्याचार पर रोक लगाने तथा संचालन से जुड़े कर्मचारियों के बकाया अधिश्रम, साप्ताहिक एवं राजपत्रित अवकाशों के भुगतान की मांग की है। साथ ही किए गए अतिरिक्त कार्य का भुगतान वेतन के साथ अथवा माह के प्रथम सप्ताह में करने की मांग भी उठाई गई। यूनियन पदाधिकारियों ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने मांगों का शीघ्र समाधान नहीं किया तो प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर आगामी रणनीति तय की जाएगी। धरना-प्रदर्शन के दौरान हरिराम पांडिया, सिवलाल जाखड़, रामचंद्र माली, गणेशदास स्वामी, ओमप्रकाश माली, दराब खान, करणीसिंह सहित अनेक रोडवेज कर्मचारी मौजूद रहे।

## पाटन से जयपुर कूच का ऐलान: धरोहर बचाने सीएम हाउस पहुंचेंगे ग्रामीण

जयपुर टाइम्स

**पाटन(निस)।** गांव की अस्मिता और सार्वजनिक धरोहरों की रक्षा के लिए ग्रामीणों ने अब निर्णायक कदम उठाने का ऐलान किया है। वर्षों पुराने जोहड़ (तालाब), गौशाला और सरकारी अस्पताल की भूमि को सुरक्षित रखने की मांग को लेकर ग्रामवासी शीघ्र ही जयपुर कूच करेंगे और मुख्यमंत्री आवास पहुंचकर ज्ञापन सौंपेंगे। ग्रामीणों का कहना है कि यह संघर्ष किसी व्यक्ति विशेष का नहीं, बल्कि पूरे गांव की पहचान और आने वाली पीढ़ियों के भविष्य का है। ग्रामीणों के अनुसार सड़क निर्माण के प्रस्तावित कार्य से गोचर भूमि, मीठाराम मंदिर स्थित जोहड़, सरकारी अस्पताल और गौशाला की जमीन प्रभावित हो रही है। उनका सवाल है कि जब पहले से रास्ता उपलब्ध है तो उसी मार्ग को चौड़ा और व्यवस्थित कर विकास कार्य क्यों नहीं किया जा सकता। ग्रामीणों का कहना है कि विकास का वे विरोध नहीं कर रहे, लेकिन यह विकास विरासत और पर्यावरण की कीमत पर नहीं होना चाहिए। ग्रामसभा में वक्ताओं ने कहा कि पूर्वजों के परिश्रम और त्याग से बनी ये धरोहरें मात्र जमीन का टुकड़ा नहीं, बल्कि गांव की सांस्कृतिक और सामाजिक पहचान हैं। यदि इन्हें नुकसान पहुंचाया गया तो यह आने वाली पीढ़ियों के साथ अन्याय होगा। ग्रामसभा के दौरान मनीष चतुर्वेदी ने स्पष्ट कहा कि सार्वजनिक संपत्तियों को किसी भी स्थिति में क्षति पहुंचाना बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि प्रशासन ने वैकल्पिक समाधान नहीं निकाला तो ग्रामीण लोकतांत्रिक और शांतिपूर्ण तरीके से अपनी आवाज बुलंद करेंगे। ग्रामीणों की प्रमुख मांगों में पहले से बने रास्ते को दोनों ओर से समान भूमि लेकर विकसित करना, जोहड़, गौशाला और अस्पताल की जमीन को पूरी तरह सुरक्षित रखना तथा विकास कार्यों में पर्यावरण और सार्वजनिक हितों को प्राथमिकता देना शामिल है।

मुख्यमंत्री आवास पर ज्ञापन देने के लिए प्रतिनिधिमंडल की सूची तैयार की जा रही है। इस मुहिम में शामिल होने के इच्छुक ग्रामीण अपने नाम दर्ज करवा रहे हैं। गांव में जयपुर कूच को लेकर व्यापक एकजुटता देखी जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि उनका उद्देश्य टकराव नहीं, बल्कि संवाद और समाधान है। अब सबकी नजर प्रशासन के रुख पर टिकी है कि वह इस जनभावना को कितनी गंभीरता से लेता है।

## ओम कॉलोनी के प्रस्तावित अंडर ब्रिज की डिजाइन पर सवाल, मांगे नहीं मानी तो सड़कों पर उतरेंगे लोग



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** ओम कॉलोनी स्थित शिवाजी पार्क में रविवार को दक्षिण चूरू विकास समिति की बैठक में ओम कॉलोनी में प्रस्तावित अंडर ब्रिज की डिजाइन को लेकर जमकर विरोध प्रदर्शन किया गया। इसके साथ ही ओम कॉलोनी रेलवे फाटक को यथावत रखने की आवाज भी उठाई गई। बैठक में वक्ताओं ने कहा की ओम कॉलोनी रेलवे फाटक शहर की ओम कॉलोनी, शिव कॉलोनी, मंगला कालोनी व आसपास क्षेत्र को जोड़ने वाली जीवन रेखा है। रेलवे प्रशासन की ओर से फाटक बंद कर संकीर्ण अंडरपास बनाए जाने की योजना पर लोगों ने नाराजगी जताई। समिति का कहना है कि प्रस्तावित अंडर ब्रिज की चौड़ाई और ऊंचाई इतनी कम है कि केवल दुपहिया वाहन ही निकल सकेंगे। एंबुलेंस तक का आवागमन भी नहीं हो सकेगा। जिससे आमजन को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। समिति ने अंडर ब्रिज की चौड़ाई-ऊंचाई बढ़ाने और रेलवे फाटक यथावत रखने की मांग की। चेतावनी दी गई है कि मांगे नहीं मानी गई तो बड़ा जन आंदोलन किया जाएगा।

## महाशिवरात्रि पर स्वयंसेवकों के घोष वादन से गूंजा शिवालय



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** शहर में महाशिवरात्रि पर आयोजित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय घोष दिवस के अवसर पर सरदारशहर में आध्यात्मिकता और अनुशासन का अद्भुत दृश्य देखने को मिला। नगर के आस्था के प्रमुख केंद्र राजवाला कुआं स्थित प्राचीन शिवालय में स्वयंसेवकों की ओर से भगवान महादेव की स्तुति में भव्य घोष वादन प्रस्तुत किया गया। कुल 16 प्रशिक्षित घोष वादकों ने सामूहिक रूप से 11 रचनाओं का सुसंगठित और अनुशासित वादन किया। कार्यक्रम की शुरुआत में भगवान नटराज की जयकार करते हुए अखिल भारतीय घोष दिवस की प्रस्तावना रखी गई। जिसके पश्चात घोष वादन की श्रृंखला चली। सर्वप्रथम केरवा ताल की रचना श्रीराम का वादन आनक और शंख वाद्य में किया गया। इसी क्रम में केरवा की रचना भूप, शिवरंजनी, सोनभद्र, तिलकामोद, मेवाड़, तिलंग एवं किरण का वादन किया गया। खेमटा ताल की रचना उदय और मीरा, ताल खेमटा और केरवा में सामूहिक बजने वाली रचना चेतक का वादन किया गया। अंत में दादरा ताल की रचना कावेरी का वादन किया गया। वादन के दौरान उपस्थित श्रद्धालु व नगरवासी भाव विभोर होकर इस घोष कार्यक्रम के साक्षी बने। घोष की गूंज के साथ शिवालय में एक विशेष ऊर्जा का अनुभव हुआ। जिला घोष प्रमुख भरत कुमार सैनी ने कार्यक्रम की प्रस्तावना रखते हुए कहा कि जिस प्रकार घोष में अलग-अलग वाद्ययंत्र होते हुए भी जब वे एक साथ एक ही ताल पर बजते हैं तो एक मधुर और ओजस्वी संगीत का निर्माण होता है। ठीक यही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का संदेश है। हमारे समाज में जाति, भाषा और विचार अलग हो सकते हैं। लेकिन जब राष्ट्रभक्ति की लय गूंजती है तो हम सब एक होकर भारत माता की जयकार करते हैं। कार्यक्रम स्थल पर जिला सह कार्यवाह रामकिशन प्रजापत और नगर कार्यवाह मुकेश कुमार सैनी उपस्थित रहे।

## नि:शुल्क होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर में 210 रोगी लाभान्वित



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** शेखावाटी होम्योपैथिक मेडिकल एसोसिएशन चूरू व विशाल सिंह शेखावत निहाल कंवर मेमोरियल ट्रस्ट (रजि.) कुमास चूरू के संयुक्त तत्वावधान में लक्ष्मणगढ़ के श्रद्धानाथ आश्रम में ब्रह्मलीन सिद्ध संत श्रद्धानाथ महाराज की पुण्य स्मृति में पीठाधीश्वर संत पद्मश्री बैजनाथ महाराज के सानिध्य में एक दिवसीय नि:शुल्क होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में स्थानीय तथा दूसरे स्थानों से आये रोगियों को नि:शुल्क परामर्श व दवा वितरित की गई। शिविर में 210 रोगियों को परामर्श दिया गया। आश्रम के युवा संत प्रकाशनाथ के अनुसार हर वर्ष की भांति शेखावाटी में होम्योपैथी के पुरोधा, अन्तर्राष्ट्रीय वरिष्ठ होम्योपैथिक विशेषज्ञ डॉ. अमरसिंह शेखावत के नेतृत्व में डॉ. बी.एल. गौड़, डॉ. राजपाल मायल, डॉ. कौशल, डॉ. डी. दास, डॉ. हर्षवर्द्धन शेखावत, विजय कुमार गोस्वामी व उनकी टीम ने नि:शुल्क सेवाएं दी। शिविर प्रभारी, एसोसिएशन तथा ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ. अमरसिंह शेखावत ने बताया कि पथरी, गठिया, चर्म रोग, प्रोस्टेट, पाइल्स, फिशर, फिस्टुला, नासूर, सोरायसिस, सफेद दाग, बच्चेदानी की गांठ, ट्यूमर सहित महिलाओं की बीमारियों तथा मस्से के रोगियों को परामर्श दिया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ श्रद्धानाथ महाराज के चित्र पर माल्यार्पण कर पूर्व आर.ए.एस. सज्जन सिंह चिड़ासरा व डॉ. शेखावत ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर आश्रम के युवा संत प्रकाशनाथ की अगुवाई में आश्रम के के विद्यार्थियों ने शिव की महिमा व भक्ति संगीत से वातावरण को धार्मिकमय बना दिया।

## लक्ष्मणगढ़ के आचार्यत्व में दिल्ली में रुद्र यज्ञ



जयपुर टाइम्स

**लक्ष्मणगढ़(निस)।** कस्बे के स्थानीय निवासी एवं सिद्धपीठ श्रीगढ़ के बालाजी मंदिर के पुजारी परिवार से जुड़े तथा वर्तमान में मुंबई प्रवासी भागवत आचार्य पंडित सुशील जोशी के आचार्यत्व में महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर दिल्ली में रुद्र यज्ञ का आयोजन किया गया। इस धार्मिक अनुष्ठान में पंजाब के राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया विशेष रूप से उपस्थित रहे। रुद्र यज्ञ में दिल्ली के मुख्य सचिव राजीव वर्मा सपत्नीक, पूर्व एसीएस शिव प्रसाद, डॉ. कमला, पंजाब के एडीजी गौरव मलिक, एडवोकेट क्रुनाल तथा डॉ. कौटिल्य ने भी भाग लिया। इस दौरान लक्ष्मणगढ़ के पंडित संदीप जोशी व पंडित कैलाश जोशी भी उपस्थित रहे। अनुष्ठान से पूर्व सभी अतिथियों का तिलक-अर्चन कर भगवान शिव की विशेष पूजा-अर्चना करवाई गई। इस अवसर पर राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया ने देशवासियों को महाशिवरात्रि की शुभकामनाएं देते हुए सभी के सुख-समृद्धि व मंगल की कामना की।

## जयपुर के कलाकारों ने थियेटर से दिया संदेश, देशभक्ति की प्रस्तुतियों ने बांधा समां

### टीम टैलेंट्स विला चूरू की ओर से टाउन हॉल में एक शाम शहीदों के नाम कार्यक्रम




जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** स्थानीय टाउन हॉल में टीम टैलेंट्स विला चूरू की ओर से आयोजित भव्य सांस्कृतिक संध्या एक शाम शहीदों के नाम कार्यक्रम अत्यंत गरिमामय व भावुक वातावरण में संपन्न हुआ। यह आयोजन देश के अमर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ-साथ युवाओं में राष्ट्र प्रेम, नैतिकता और सामाजिक जागरूकता का संदेश देने वाला प्रेरणादायी मंच बताया। कार्यक्रम का शुभारंभ नीतू नेहरा व प्रायोजक चंदन कलाकृति कलाकार पवन जांगिड़ ने दीप प्रज्वलन से हुआ। सभागार भारत माता की जय और वंदे मातरम के उद्घोष से गूंज उठा तथा उपस्थित जनसमूह ने खड़े होकर शहीदों को नमन किया। संस्थापक प्रदीप कत्थक ने स्वागत भाषण में कहा कि टीम टैलेंट्स का उद्देश्य शहर की विविध प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना है और यह मंच सदैव कलाकारों के लिए खुला रहेगा। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की श्रृंखला में मोनिका की ओर से प्रस्तुत संदेशे आते हैं ने हर हृदय को भावुक कर दिया। विशाखा सोनगरा के नृत्य स्वरागिनियों से सजा भारत ने देशभक्ति की सुंदर अभिव्यक्ति दी। वहीं बजरंग कत्थक ने भारत माँ की संताने हम से जोश भर दिया। पिंटू शर्मा भारतीय की वीर रस कविता रण भौम धरम निभावण ने उत्साह का संचार किया। कार्यक्रम का मार्मिक क्षण तब आया जब विनोद स्वामी ने एक शहीद की बेटी का एकल अभिनय प्रस्तुत किया। उनकी संवेदनशील अभिव्यक्ति ने पूरे सभागार को भाव-विभोर कर दिया। पूर्वाक्षी सैनी के नृत्य ऐ वतन आबाद रहे तू को खूब सराहा गया। कविता पाठ में पृथ्वी (आपणी पाठशाला) की भगत सिंह, सचिन राजगढ़ की एक भारत की पुकार, लक्की रामगढ़ की देशभक्ति रचना, चार्विक की शहीद की अंतिम चिट्ठी तथा मनीष शर्मा के विचारोत्तेजक प्रस्तुतीकरण ने शहीदों के बलिदान को शब्दों में सजीव कर दिया। आशीष गौतम आशु ने हास्य व्यंग्य की कविता प्रस्तुत कर कार्यक्रम को परवान चढ़ाया। अनिका की प्रस्तुति स्वतंत्रता एक संग्राम भी प्रभावशाली रही। कार्यक्रम का सबसे मार्मिक क्षण तब आया जब विनोद स्वामी ने 'एक शहीद की बेटी' का एकल अभिनय प्रस्तुत किया। उनकी संवेदनशील अभिव्यक्ति ने पूरे सभागार को भाव-विभोर कर दिया और कई दर्शकों की आंखें नम हो गईं। कार्यक्रम में जयपुर से आई विश्लेषण नाट्य ग्रुप ने जयवर्धन लिखित प्रसिद्ध हास्य-व्यंग्य नाटक 'गोरखधंधा' का मंचन किया। नाटक ने समाज में व्याप्त भ्रष्टाचार, लालच और अनैतिक प्रवृत्तियों पर तीखा प्रहार करते हुए दर्शकों को हंसाने के साथ-साथ सोचने पर भी मजबूर किया। उमेश शर्मा, हितेंद्र जोशी, नीतू मिश्रा, देवांग सैनी, सोनू शर्मा, भीमा नाथ योगी और सच्चिदानंद मेहरा के प्रभावशाली अभिनय ने प्रस्तुति को सशक्त बनाया। नाटक के माध्यम से ईमानदारी, संतोष और नैतिक जीवन के महत्व का संदेश दिया गया। मुख्य अतिथि जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा व प्रशिक्षु डीएसपी स्वाति ने युवाओं को शहीदों के आदर्शों से प्रेरणा लेकर राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन मुकुल भाटी व मीनाक्षी पूनिया ने किया। पूनम शर्मा ने आभार व्यक्त किया।

स्वात्वाधिकारी, कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक रामेश्वरलाल जाट द्वारा कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि., सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर में मुद्रित एवं सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर -302013 से प्रकाशित।
सम्पादक : नीतू चौधरी, सी-588, 4सी स्कीम, न्यू लोहा मण्डी रोड, जयपुर-302013 मो. : 7014217770, E-Mail : jaipurtimes2007@gmail.com *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार, समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर।